वर्ष 72 अंक 306 पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 03 अगस्त, 2025
श्रावण शुक्ल पक्ष 09, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण Sunday

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
www.dainikjagranmpcg.com




## संक्षिप्त खबरें

### पीड़िता को 2100 करोड़ मुआवजा देने का आदेश

**मुंबई, जेएनएन।** टेस्ला की ऑटो ड्राइव कार के एक्सीडेंट के मामले में अमेरिकी बिजनेसमैन एलन मस्क की कंपनी को 243 मिलियन डॉलर (करीब 2,100 करोड़ रुपए) का मुआवजा देना होगा। फ्लोरिडा के मियामी कोर्ट ने 4 साल तक चले ट्रायल में कंपनी को भी जिम्मेदार मानते हुए यह आदेश दिया है। मामला 2019 का है, जब फ्लोरिडा के लार्गो में टेस्ला की ऑटोपायलट सिस्टम वाली गाड़ी से हादसा हुआ। टेस्ला मॉडल एस सेडान ने एसयूवी को टक्कर मारी थी। इसमें 22 साल की नाइबेल बेनावाइड्स की मौत हो गई। और उसका बॉयफ्रेंड डिलन एंगुलो गंभीर रूप से घायल हो गया था। मामले में कंपनी ने कहा था कि ड्राइवर फोन चलाने में व्यस्त था, लेकिन कोर्ट ने यह दलील नहीं मानी। कोर्ट ने कहा, टेस्ला का सिस्टम खराब था और हादसे की जिम्मेदारी सिर्फ ड्राइवर की नहीं थी। दुर्घटना में 22 साल की नाइबेल बेनावाइड्स की मौत हो गई थी, वहीं उसके बॉयफ्रेंड डिलन एंगुलो गंभीर रूप से घायल हुए थे।

### रेप केस में बंद कैदी ने जेल में लगाई फांसी

**जागरण, भोजपुर।** रायसेन जिले के गौहरगंज उप जेल में पॉक्सो एक्ट में सजा काट रहे कैदी की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। शव फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। घटना के बाद महकमे में हड़कंप मचा है। वहीं परिजनों ने जेल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। 22 वर्षीय कैदी तिलक सिंह शाक्या रेप पॉक्सो एक्ट में सजा काट रहा था। वह 8 महीने से जेल में बंद था। शनिवार को किचन में उसने लोअर का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। आनन-फानन में औबेदुल्लागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# पूर्व पीएम देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल को उम्रकैद, 11 लाख रु. जुर्माना

## नौकरानी से रेप पर सजा, पीड़िता को मिलेगी मुआवजा राशि

**बेंगलुरु, जेएनएन।** बेंगलुरु की स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को पूर्व जेडीएस सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को नौकरानी से रेप केस में उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने रेवन्ना पर 10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि पूरी राशि पीड़िता को मुआवजे के रूप में दी जाए। कोर्ट ने शुक्रवार को रेवन्ना को दोषी ठहराया था। रेवन्ना ने कोर्ट में कम सजा देने की अपील करते हुए दावा किया था कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है।



दरअसल, रेवन्ना के परिवार के फार्महाउस में काम करने वाली 47 साल की महिला ने पिछले साल अप्रैल में रेवन्ना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें रेवन्ना पर 2021 से कई बार रेप करने और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर वीडियो लीक की धमकी देने का आरोप लगाया था। कोर्ट ने 18 जुलाई को मामले की सुनवाई पूरी की थी। रेवन्ना के खिलाफ रेप, ताक-झांक, आपराधिक धमकी, अश्लील तस्वीरें लीक करने सहित कई धाराओं के तहत आरोप तय किए थे। उसके खिलाफ रेप के कुल 4 मामले दर्ज हैं। इनमें से यह पहला केस है, जिसमें उसे दोषी ठहराया गया है। इस जांच का नेतृत्व सीआईडी इंस्पेक्टर शोभा और उनकी टीम ने किया, इस मामले की सुनवाई 31 दिसंबर 2024 को शुरू हुई थी, जिसमें अदालत ने 23 गवाहों की गवाही दर्ज की। कोर्ट ने वीडियो क्लिप्स की फॉरेंसिक रिपोर्ट, निरीक्षण रिपोर्ट की समीक्षा की। सात महीनों में ट्रायल पूरा होने के बाद विशेष न्यायाधीश संतोष गजानन भट्ट ने शुक्रवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।विशेष लोक अभियोजक बीएन जगदीश ने अदालत को बताया कि अपराध क्रूर, पूर्वनियोजित था और इस तथ्य से और भी गंभीर हो गया कि रेवन्ना ने पीड़िता की सहमति के बिना यौन कृत्य का वीडियो बनाया और बाद में उसे ब्लैकमेल किया। जगदीश ने तर्क दिया, 'यह एक गंभीर अपराध है। उन्होंने सबूत मिटाने की कोशिश की है और एक सांसद होने और कानून की अच्छी जानकारी होने के बावजूद अपराध किया है। उन्हें अधिकतम सज़ा दी जानी चाहिए ताकि वे इस अपराध को रोक सकें।' अतिरिक्त अभियोजक अशोक नायक ने अदालत से भारी जुर्माने के साथ आजीवन कारावास की सजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि होने के बावजूद उन्होंने अपराध किया है और उन्हें उच्च दंड मिलना चाहिए। नायक ने आगे कहा, 'प्रज्वल अमीर है, गरीब नहीं।

### सजा सुनाते वक्त रो पड़े पूर्व सांसद रेवन्ना

प्रज्वल ने जज भट से सजा की गंभीरता कम करने का अनुरोध किया। रेवन्ना ने कहा, 'मेरे खिलाफ शिकायत 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक 6 दिन पहले दर्ज की गई थी। चुनाव में मेरी हार सुनिश्चित करने के लिए किया गया था।' 'वे आरोप लगा रहे हैं कि मैंने कई महिलाओं के साथ ऐसा किया है, लेकिन जब मैं सांसद था, तब किसी ने ये आरोप नहीं लगाए। हालांकि, अदालत जो फैसला लेगी, मैं उसे स्वीकार करूंगा।' प्रज्वल रो पड़े और कन्नड़ में बात रखते हुए कहा, 'मैंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। 6 महीनों से मैंने माता-पिता को नहीं देखा है।'

### विशेष अदालत ने इन आरोपों में भी सुनाई अलग-अलग सजा

एमपी-एमएलए के मामलों से जुड़ी विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट ने रेवन्ना को सजा सुनाने से पहले दलीलें सुनीं। जज ने आईपीसी की दो धाराओं के तहत उम्रकैद व 5 लाख जुर्माने की सजा सुनाई गई। आईपीसी की धारा 354(बी) (कपड़े उतारने के इरादे से हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) के तहत उन्हें सात साल के कठोर कारावास और 50,000 जुर्माना, धारा 354(सी) के तहत दो साल के कठोर कारावास, धारा 506 के तहत धमकी के लिए दो साल कठोर कारावास और 10,000 जुर्माने की सजा सुनाई। धारा 201 के तहत तीन साल कठोर कारावास और 25,000 जुर्माना, आईटी एक्ट की धारा 66(ई) और धारा 354(ए) के तहत भी सजा सुनाई गई। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने उम्रकैद और भारी जुर्माने की मांग की। बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि मामला 'राजनीति से प्रेरित' है। चार घंटे के अंतराल के बाद जज ने प्रज्वल को सजा सुनाई।

# बड़ियाखेड़ी में 2000 करोड़ के निवेश से शुरू होंगे उद्योग

**जागरण, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सीहोर के बड़ियाखेड़ी में 2000 करोड़ रुपए के निवेश से नए उद्योग आरंभ किए जाएंगे। यहां जल्द ही एक लाख मैट्रिक टन सब्जियों की खरीद की व्यवस्था शुरू होगी, इससे दो लाख परिवारों को लाभ मिलेगा। सीहोर को पार्वती काली सिंध चंबल परियोजना का लाभ भी मिलेगा। सीहोर, भोपाल मेट्रोपॉलिटन सिटी का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। डॉ. यादव शनिवार को सीहोर के बडियाखेड़ी में नई औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन और आशय-पत्र वितरण कार्यक्रम में बोले रहे थे। कार्यक्रम में 400 से अधिक उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। डॉ. यादव ने कहा कि उद्योग लगाने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। राज्य सरकार उद्योगपतियों को हर संभव सहयोग कर प्रदेश में रोजगार परक उद्योग लगाने को विशेष प्रोत्साहन दे रही है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के लिए प्रदेश से बाहर जाने की जरूरत न पे। प्रदेश में महिलाकर्मियों के लिए 10 साल तक 6000 रुपये प्रति माह और पुरुषकर्मियों के लिए 5000 रुपये मासिक अनुदान राज्य सरकार की ओर से उद्योगपतियों को दिया जाएगा। प्रदेश में स्थापित हो रहे उद्योग विकास और रोजगार के केंद्र हैं मंदिर के समान हैं।



**सीएम ने किया नई इकाइयों का भूमिपूजन बांटे आशय-पत्र**

# ट्रंप की धमकी बेअसर, रूस से तेल खरीदता रहेगा भारत

## कहा-रातोंरात नहीं तोड़ा जा सकता कॉन्ट्रैक्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी के बाद भी भारत रूस से कच्चा तेल खरीदना जारी रखेगा। दो भारतीय सरकारी सूत्रों ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, भारत-रूस के बीच तेल के लिए लंबे समय के कॉन्ट्रैक्ट हैं। इन कॉन्ट्रैक्ट को रातोंरात तोड़ा नहीं जा सकता। भारत ने साफ किया, उसकी ऊर्जा नीति राष्ट्रीय हित और बाजार की स्थिति पर आधारित है। शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने कहा था, तेल खरीद का फैसला वैश्विक बाजार में उपलब्धता, कीमतों और देश की जरूरतों को देखकर लिया जाता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हम बाजार में क्या उपलब्ध है, क्या ऑफर है और वैश्विक स्थिति क्या है, इसे देखते हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि भारत और रूस के बीच 'स्थिर और समय-आजमाया' रिश्ता है, जिसे किसी तीसरे देश के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए।

### ट्रंप ने बताया था अच्छा कदम

अमेरिका ने भारत के रूस के साथ बढ़ते रिश्तों खासकर ऊर्जा,रक्षा क्षेत्र को लेकर नाराजगी जताई है। ट्रंप ने दावा किया था कि भारत शायद रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा, जिसे उन्होंने 'अच्छा कदम' बताया, लेकिन भारत के विदेश मंत्रालय ने साफ किया कि ऐसा कोई फैसला नहीं लिया गया है। अमेरिका ने 1 अगस्त से भारत से आयात होने वाले सभी सामानों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। हालांकि, बाद में इसे 7 अगस्त तक टाल दिया गया। ट्रंप ने धमकी दी थी कि अगर रूस-यूक्रेन के बीच पूरी तरह शांति समझौता नहीं हुआ तो रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाया जा सकता है। बता दें, रूस भारत के कुल तेल आयात का करीब 35 फीसदी हिस्सा पूरा करता है। रॉयटर्स के मुताबिक, जनवरी से जून 2025 तक भारत ने रूस से हर दिन औसतन 17.5 लाख बैरल तेल आयात किया, जो पिछले साल की तुलना में थोड़ा ज्यादा है। भारत के अन्य प्रमुख तेल आपूर्तिकर्ता देशों में इराक, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता देश है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी भारत के रूस से तेल खरीदने पर चिंता जताई है।

# 'कृषि कानूनों के विरोध पर जेटली ने दी थी धमकी'

## भाजपा का पलटवार, कहा-फर्जी खबर

**नई दिल्ली।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को सरकार पर फिर बड़ा हमला बोला। कांग्रेस के वार्षिक कानूनी सम्मेलन में राहुल ने कहा, मुझे याद है, जब मैं कृषि कानूनों के खिलाफ लड़ रहा था, वह अब यहां नहीं हैं, इसलिए मुझे यह नहीं कहना चाहिए था, लेकिन मैं कहूंगा। अरुण जेटली जी को मेरे पास भेजा गया था। उन्होंने कहा, आप इसी रास्ते पर चलते रहेंगे, सरकार का विरोध करते रहेंगे और कृषि कानूनों पर हमसे लड़ते रहेंगे, तो हमें आपके खिलाफ कार्रवाई करनी होगी। उधर, भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने दिवंगत जेटली पर राहुल की टिप्पणी को फर्जी करार दिया और कहा, वे कथनों में बदलने के बजाय तथ्यों पर टिके रहें। जेटली के बेटे रोहन ने भी राहुल की टिप्पणियों पर कहा, मैं उन्हें याद दिला दूं, मेरे पिता का देहांत 2019 में हुआ था। कृषि कानून 2020 में पेश किए गए थे। राहुल ने चुनाव आयोग पर भी हमला बोला, कहा सिस्टम मर चुका है।



# जमानत के बाद भी 5 साल से जेल में बंद, मुचलके पर छोड़ा

## पति की हत्या के आरोप में हुई थी सजा

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने दुर्लभ मामले का निराकरण करते हुए हत्या के आरोप में आजीवन कैद की सजा काट रही महिला को निजी मुचलके पर रिहा कर दिया। महिला की जमानत के लिए 10 हजार रुपए की जुर्माना राशि की व्यवस्था विधिक सहायक के जरिए की गई। जमानत राशि जमा होते ही महिला का भाई उसे खुशी-खुशी जेल से रिहा कराकर घर ले गया। घरेलू विवाद में पति की हत्या पर उम्रकैद की सजा काट रही जबलपुर की 71 वर्षीय विद्या बाई को आखिर 29 जुलाई 2025 को जेल से रिहाई मिल गई। हालांकि, यह रिहाई उन्हें जमानत मिलने के पांच साल बाद मिली। 8 जनवरी 2020 को हाईकोर्ट ने उनकी सजा को निलंबित कर दिया था। घटना 27 मार्च 2013 की है, जब तिलवारा क्षेत्र निवासी विद्या बाई ने पति सुरेंद्र उपाध्याय की हत्या कर दी थी। सुरेंद्र आए दिन नशे में गाली गलौज करता था। उस दिन भी उसने ऐसा ही किया। 29 जून 2013 को कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास और 70 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।



**बदलाव** हालिया रिलीज लव स्टोरी 'सैयारा' बॉक्स ऑफिस पर मचा रही धमाल

# बॉलीवुड में फिर लौटे प्रेम कहानियों के दिन

**जेएनएन, मुंबई।** यशराज फिल्म्स की 'सैयारा' ने 270 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। कमाई का यह आंकड़ा साबित करता है कि बॉलीवुड अब उस काम पर वापस आ रहा है जिसमें वह माहिर है, यानी रोमांस। इंडस्ट्री के विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में फिल्म निर्माताओं ने अपना ध्यान बायोपिक और देशभक्ति फिल्मों पर केंद्रित कर लिया था और प्रेम कहानियों को नजरअंदाज कर दिया था, लेकिन अब रोमांस शैली फिर से चलन में है, हाल ही में आई मेट्रो..इन दिनो, आंखों की गुस्ताखियां और सैयारा जैसी फिल्मों ने दर्शकों को खूब लुभाया है। मोहित सूरी निर्देशित 'सैयारा' जिसमें नवोदित अहान पांडे और अनीत पड्डा ने अभिनय किया है, एक बड़ी हिट साबित हुई है, जिसने प्रेम कहानियों के प्रति दर्शकों के शाश्वत आकर्षण की पुष्टि की है। विशेषज्ञों का मानना है कि सिल्वर स्क्रीन पर रोमांटिक ड्रामा की वापसी से संगीत की बिक्री में सुधार की उम्मीद है, क्योंकि प्रेम कहानियों में आमतौर पर लोकप्रिय, गुनगुनाने लायक साउंडट्रैक होते हैं, जिनके लिए युवा जेनरेशन के दर्शक सिनेमाघरों में उमड़ पड़े हैं।

एक डिस्ट्रीब्यूटर ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में बॉलीवुड ने केवल सामाजिक ड्रामा फिल्में बनाने में ही निवेश किया है।, जबकि युवा दर्शकों को सिनेमाघरों तक लाने के लिए प्रेम कहानियों की बहुत आवश्यकता है। यह सुनिश्चित करना ज़रूरी है कि इन फि ल्मों में अच्छा संगीत हो, क्योंकि संगीत भी फिल्म की मार्केटिंग का एक बड़ा आधार है। स्पॉटिफाई पर गुरुवार को शीर्ष 50 गानों की सूची में सैयारा का टाइटल ट्रैक सबसे ऊपर रहा।

### री-रिलीज में भी जमकर कमाई कर रहीं कई फिल्में



विशेषज्ञों का कहना है कि इन फिल्मों की ओर आकर्षित होने वाले जेन जेड दर्शकों के पास अपने जमाने की कोई सच्ची प्रेम कहानी नहीं होती और वे उस शैली की री-रिलीज फिल्म देखने के लिए कीमत चुकाने से भी गुरेज नहीं करते। 2016 में रिलीज हुई रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'सनम तेरी कसम' इस समय भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली रीरिलीज फिल्म है, जिसने अपनी दूसरी रिलीज में भी 35 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की है। 'मजनू' ने पिछले साल 11 करोड़ से ज्यादा की कमाई की, जो 2018 में रिलीज होने पर इसकी मूल बॉक्स ऑफिस कमाई 2-3 करोड़ से ज्यादा थी।



# स्मार्ट सिटी के पूर्ण कार्यो को जनोपयोगी बनाये रखने संधारण की कार्य योजना बनायें : गणेश सिंह

## जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक संपन्न



जागरण, सतना। जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक में स्मार्ट सिटी सतना के कार्यों की समीक्षा करते हुये सांसद गणेश सिंह ने कहा कि सतना स्मार्ट सिटी के पूर्ण हो गये कार्यों के संचालन और संधारण के लिये तथा कार्यों को जनोपयोगी बनाये रखने नगर निगम कार्य योजना बनाकर क्रियान्वित करें। सांसद श्री सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को संपन्न बैठक में केंद्र प्रवर्तित योजनाओं, जिले की विकास परियोजनाओं एवं एनएचएआई गरीब कल्याण योजना जल जीवन मिशन बरगी बांध के नहर निर्माण की समीक्षा की गई। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी विधायक नागौद नागेन्द्र सिंह, चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल महापौर योगेश ताम्रकार कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस कलेक्टर मैहर रानी बाटड सीईओ जिला पंचायत संजना जैन आयुक्त नगर निगम शेर सिंह, डीएफओ मयंक चांदीवाल नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल सुखवंती बाई बुनकर सहित विभाग प्रमुख जिला अधिकारी उपस्थित थे। स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट की समीक्षा में बताया गया कि 943 करोड 27 लाख रूपये लागत के कुल 74 प्रोजेक्ट में 542 करोड 25 लाख रुपये लागत के 60 प्रोजेक्ट पूरे कर लिये गये हैं। जबकि 401 करोड़ 2 लाख रूपये लागत के 14 प्रोजेक्ट कार्य प्रगतिशील है। सांसद ने कहा कि नगर निगम के सीवर प्रोजेक्ट सहित अन्य कार्यों में बरसात के समय सावधानी बरती जाये और खुदाई तथा रेस्टोरेशन का कार्य बरसात में बंद होने पर अन्य पक्के कार्य किये जा सकते हैं। एनएचएआई एनएच पीडब्ल्यूडी बमीठा से सतना राष्ट्रीय राजमार्ग तथा एमपीआरडीसी की सड़कों के निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान सांसद ने कहा कि बरसात के समय सभी सड़कों के गड्ढे इत्यादि भरकर सड़कों को मोटरेबल बनाये रखा जाये। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा रेट्रोफिटिंग और नवीन नलजल योजनाओं में से तीन विकासखंडों में कुल स्वीकृत 228 योजनाओं में 183 योजनायें पूर्ण कर ली गई हैं। जबकि 45 प्रगति पर है। इनमें 162 पूर्ण परियोजनाओं को पंचायत को हस्तांतरित कर दिया गया है। जल निगम के अधिकारियों ने बताया कि सतना बाणसागर ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना में 2 लाख 12 हजार 948 घरेलू कनेक्शनों के विरुद्ध 1 लाख 64 हजार 49 कनेक्शन किये गये हैं। इसी प्रकार सतना बाणसागर 2 ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना में रीवा तथा सतना जिले के कुल 995 ग्रामों में हर घर नल से जल पहुंचाया जाना है।

**चित्रकूट के घाट पर आध्यात्मिक अनुभव प्रोजेक्ट का हुआ प्रजेंटेशन :** चित्रकूट के समग्र विकास के तहत मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा मां मंदाकिनी के राघव घाट, भरत घाट और विश्राम घाट पर आध्यात्मिक अनुभव का हेरीटेज प्रोजेक्ट क्रियान्वित किया जा रहा है। स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत इन घाटों पर जनसुविधाओं एवं घाटों के आकर्षण के लिए कार्य किये जायेंगे। मध्यप्रदेश पर्यटन निगम के इस कार्य हेतु कार्यकारी एजेंसी सवानी ग्रुप द्वारा दिशा की बैठक में पावर प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया गया।

# द विट्स स्कूल में इंडक्शन सेरेमनी का भव्य आयोजन



जागरण, सतना। द विट्स स्कूल में इंडक्शन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को उनके पदों की शपथ दिलाई गई और बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर निरुपमा सिंह ने बताया कि इस प्रक्रिया की शुरुआत विद्यार्थियों को नामांकन फॉर्म वितरित करने से हुई, जिसे उन्होंने स्वेच्छा से भरकर अपने-अपने पदों के लिए नामित किया। इसके उपरांत एक साक्षात्कार (इंटरव्यू) चरण आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों के नेतृत्व कौशल और अभिव्यक्ति क्षमता का मूल्यांकन किया गया। साक्षात्कार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के बीच चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी के साथ ही, विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने भी मतदान में भाग लिया। इस निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के पश्चात वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न पदों के लिए छात्र प्रतिनिधियों का चयन किया गया जिसमें स्कूल कैप्टन के लिए ओम गर्ग एवं जान्वी खिलवानी, स्कूल स्पोर्टस कैप्टन के लिए ओजस पाण्डेय एवं सुहानी सिंह, स्कूल हेड बॉय सार्थक पाण्डेय, स्कूल हेड गर्ल अनन्या दीक्षित, कल्चरल सेकेट्री के लिए गौतम नारंग एवं देव श्री परिहार का चयन सुनिश्चित हुआ। इसी क्रम में नीलगिरी हाउस के लिए अर्चिता जैन का चयन कैप्टन एवं रविशंकर बुनकर वाइस कैप्टन, अरावली हाउस के लिए अर्पणा सिंह कैप्टन एवं रिशिका यादव हाउस वाइस कैप्टन, खाँसी हाउस के लिए श्रीवांश पाण्डेय कैप्टन, रिधिमा यादव हाउस वाइस कैप्टन, सह्याद्री हाउस के लिए यश अग्रवाल हाउस कैप्टन, अदिति मिश्रा हाउस वाइस कैप्टन के लिए सुनिश्चित हुआ। समारोह के दौरान हाउस मास्टर्स द्वारा अपने-अपने हाउस के कप्तान एवं उप कप्तानों को बैज पहनाकर और शैशे पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं, स्कूल कैप्टन और स्कूल कैप्टन गर्ल को प्राचार्य विवेक सिंह एवं एकेडमिक एसोसिएट डीन पंकज शर्मा द्वारा विशेष सम्मान प्रदान किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में एचआर एण्ड फाइनेंस हेड निवेदिता मिश्रा का विशेष योगदान रहा। इस गरिमामय अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विट्स चेयरमैन सुनील सेनानी की उपस्थिति समारोह की शोभा बनी। उन्होंने बच्चों को नेतृत्व के गुण, कर्तव्यों की जिम्मेदारी और आत्मविश्वास से कार्य करने की प्रेरणा दी। उनके प्रेरणादायी उद्बोधन ने सभी विद्यार्थियों के मन में नेतृत्व के प्रति एक नई ऊर्जा और दृष्टिकोण विकसित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के एकेडमिक कोऑर्डिनेटर रजनीश सिंह, एडमिन हेड मनीष त्रिपाठी एवं समस्त शिक्षकों, स्टाफ छात्रों एवं अतिथियों के प्रति हार्दिक आभार एवं सम्मान व्यक्त किया गया।

# हार्डवेयर पेंटस एसो की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

जागरण, सतना। हार्डवेयर पेंटस ऐसो की कार्यकारिणी की बैठक 1 अगस्त शुक्रवार को रीवा रोड स्थित ओम प्लाजा में संस्थापक घनश्यामदास अच्छड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संस्था के महामंत्री विनोद गेलानी ने बताया बैठक में 15 अगस्त को ध्वजारोहण करने एवं 16 अगस्त को विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा का अस्पताल चौक माता मंदिर के बगल में अध्यक्ष घनश्यामदास अच्छड़ा के प्रतिष्ठान के सामने पुष्पवर्षा कर ऐतिहासिक स्वागत करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में मुख्यरूप से अध्यक्ष घनश्यामदास अच्छड़ा वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता महामंत्री विनोद गेलानी कोषाध्यक्ष सनी सिरवानी संतोष अग्रवाल विनोद मंघनानी सुभाष तिवारी मोहन गुप्ता राकेश गुप्ता अनिल सचदेव दिनेश अग्रवाल प्रदीप अग्रवाल राजा माधवानी रामचंद्र अच्छडा राजा माधवानी, चिरायु घोघवानी उमेश गुप्ता आर्यन गेलानी अयान गुप्ता एवं कई सम्मानीय सदस्यगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# शहर के विभिन्न स्थानों में नगर निगम ने चलाया स्वच्छता अभियान



सतना। नगर निगम सतना की आईईसी टीम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, कचरा प्रबंधन एवं प्लास्टिक प्रतिबंध जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक करना रहा। वार्ड क्रमांक 15 में चार प्रकार के डस्टबिन की जानकारी दी गई तथा घर-घर जाकर सोर्स सेग्रीगेशन और डोर टू डोर कचरा संग्रहण की प्रक्रिया समझाई गई। बच्चों के लिए स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन कर स्वच्छता के महत्व को सरल भाषा में बताया गया। नालियों की सफाई कराई गई और सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। वहीं वार्ड क्रमांक 14 में प्लास्टिक प्रतिबंध की जानकारी, पार्क, नालियों, मंदिर परिसर और आवासीय क्षेत्रों की सफाई कर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। बच्चों के बीच स्वच्छता जागरूकता गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। अभियान के अंत में एक विशेष मास क्लीनिंग ड्राइव भी चलाई गई जिसके तहत निर्माण एवं ध्वस्तीकरण कचरे तथा गैर-व्यवस्थित सार्वजनिक स्थानों की सफाई की गई। यह गतिविधि स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रभावी प्रयास साबित हुई।

# गोस्वामी तुलसी दास व प्रेम चंद्र की रचनाओं और योगदान पर ग्रामोदय में हुए व्याख्यान




जागरण, सतना। गोस्वामी तुलसी दास और प्रेम चंद्र की रचनाओं और योगदान पर व्याख्यान के साथ महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के तुलसी सभागार में गोस्वामी तुलसी दास और प्रेम चंद्र की जयंती पूरे श्रद्धा से मनाई गई। इस मौके पर विद्वानों ने दोनों महापुरुषों के योगदान को रेखांकित करते हुए उनकी रचनाओं और रचनाओं की सामाजिक मान्यता पर प्रकाश डाला। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस मौके पर अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर चुके विज्ञान और पर्यावरण विषय के विद्वान् प्राध्यापक डॉ शशि कांत त्रिपाठी को सम्मानित करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की सराहना की गई। डॉ ललित कुमार सिंह ने विषय प्रवर्तन करते हुए गोस्वामी तुलसी दास और प्रेम चंद्र की रचनाओं के वैशिष्ट्य को बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा द्वारा किए गए दीप प्रज्वलन से हुआ। कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो नन्द लाल मिश्रा प्राध्यापक डॉ कपिल देव मिश्रा प्रो शशि कांत त्रिपाठी डॉ नीलम चौरे आदि ने व्याख्यान दिए। सत्र संचालन डॉ सुधाकर मिश्रा ने किया। आयोजन हिंदी विभाग कला संकाय के तत्वाधान और अधिष्ठाता प्रो नन्द लाल मिश्रा के मार्गदर्शन और हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ ललित कुमार सिंह के संयोजन में संपन्न हुआ।

# सुशासन के लिए शासन प्रशासन संवेदनशील व पारदर्शी व्यवस्था दें : सुरेंद्र शर्मा



सतना। जदयू राष्ट्रीय समिति के पूर्व सदस्य अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि आज चारों तरफ फैले भ्रष्टाचार, अनियमितता के कारण जनसाधारण को हर क्षेत्र में हो रही असुविधा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं में व्याप्त अनियमितता जिसके चलते आम नागरिक अपने मूल अधिकारों से वंचित हो रहा है और इस सबका कारण मनमानी कार्य प्रणाली है जिसके चलते जनता उपेक्षित और पीड़ित है जिम्मेदार लोग बेफिक्र हैं चारों तरफ उसके लिए आवाज़े उठ रही है लेकिन उन आवाजों को नजर अंदाज करने का भरपूर काम हो रहा है आम आदमी लगातार शासन और प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का ध्यान समस्याओं की ओर आकर्षित कर रहा है सुविधा और आवश्यकता के अभाव पर लोग परेशान है लेकिन उसके निदान के प्रति जिम्मेदार लोग और विभाग अपने दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वाह नहीं कर रहे जो बहुत ही निंदनीय और पीड़ादाई है जो सुशासन पर भी एक बड़ा प्रश्न खड़ा कर रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि सुशासन के लिए शासन प्रशासन संवेदनशील व पारदर्शी व्यवस्था दे जिससे शासन की मंशा के अनुरूप लोगों को जन सुविधा मिल सके।

# किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने सरकार के निरंतर प्रयास जारी : प्रतिमा बागरी



जागरण, सतना। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त वितरण कार्यक्रम को पीएम किसान दिवस के रूप में मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी उत्तरप्रदेश से आयोजित कार्यक्रम में देश भर के 9 करोड 70 लाख से अधिक किसानों को 20 हजार 500 करोड़ रूपये की सम्मान राशि का अंतरण किसानों के खाते में किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 20वीं किस्त का वितरण का सीधा प्रसारण ग्राम पंचायत मण्डी कृषि विज्ञान केन्द्र एफपीओ, प्राथमिक कृषि ऋष्ण समितियों में भी देखा गया। सतना जिले में किसान दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी सांसद गणेश सिंह महापौर योगेश ताम्रकार जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।उत्तरप्रदेश के वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिंगल क्लिक के माध्यम से देश के किसानों को पीएम सम्मान निधि की 20वीं किश्त का हस्तांतरण किया। वाराणसी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र में देखा गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए अनेकों योजनाओं पर निरंतर कार्य कर रही है। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार किसानों के निरंतर विकास के लिए किसान सम्मान निधि एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं से सीधे कृषकों का लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार ने कृषि और किसानों को अपने प्राथमिकता के बिन्दु में रखा है। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस सीईओ जिला पंचायत संजना जैन जनपद अध्यक्ष रेणुका जायसवाल डीआरआई के कोषाध्यक्ष बसंत पंडित जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह उप संचालक कृषि आशीष पाण्डेय वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक केन्द्र डॉ नवीन कुमार शर्मा कृष्णा पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

# सड़क नहीं होने से आदिवासी बस्ती के लोग परेशान



सतना। ग्राम पंचायत पवैया में भी मुख्य सड़क मार्ग से आदिवासी बाहुल्य बस्ती लखना टोला तक पहुंच मार्ग न होने की वजह से यहां के रहवासी काफी परेशान एवं चिंतित है कई लोगों ने बताया कि सड़क न होने से बरसात के मौसम में यह परेशानी 10 गुना और अधिक बढ़ जाती है यदि कोई व्यक्ति बीमार हो गया तो यहां तक वाहन भी नहीं पहुंच पाता और उसको अस्पताल पहुंचने में काफी परेशानी पड़ती है इसके लिए सभी संबंधित जिम्मेदारों को अवगत कराया गया है परंतु आज तक किसी ने इस विषय पर ध्यान नहीं दिया और अब ऐसा प्रतीत होता है कि जब कोई बड़ी घटना घट जाएगी उसके बाद ही जिम्मेदार अपनी नींद से जागेंगे, जबकि यहीं पर आंगनवाड़ी भवन भवन पंचायत भवन विद्यालय के साथ-साथ मुक्तिधाम भी है और 500 से अधिक वोटरों की बस्ती है वह भी पिछड़े एवं आदिवासी बाहुल्य वोटरों की फिर भी इस गंभीर समस्या से छुटकारा दिलाए जाने के लिए किसी ने इस विषय पर काम नहीं किया बताया गया कि प्रधानमंत्री सड़क सरकारी टोला से लखन टोला तक लगभग 300 मी की दूरी है और वहां पर सड़क नहीं है निजी भूमि से लोग निकलते हैं ठंड एवं गर्मी में तो किसी प्रकार काम चल जाता है परंतु बरसात में यह लोगों के जीवन में बहुत बड़ी मुसीबत बनी हुई है जिससे ग्रामीण कीचड़ भरे रास्ते में पैदल ही निकलने के लिए भी मजबूर हैं।

# खाद और बिजली संकट से जूझ रहे क्षेत्रवासी : रामशंकर

रामपुर बघेलान । क्षेत्र के अंतर्गत किसान एक एक बोरी यूरिया एवं डीएपी खाद के लिए भटक रहा हैं गांवों में सैकड़ों ट्रांसफार्मर जले हुए है ।रामपुर बघेलान के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं ब्लॉक अध्यक्ष रामशंकर पयासी ने बताए कि धान की रोपाई चल रही है किसानों को यूरिया और डीएपी की आवश्यकता है और गांवों में सैकड़ों ट्रांसफार्मर जले हुए है व्यापारियों के यहां खुलेआम खाद ब्लैक में बेची जा रही हैं। प्रशासन मौन बैठा है और धान की रोपाई के लिए पानी की आवश्यकता पड़ती है ।

# 9 को टाउन हॉल में मनाया जाएगा विश्व आदिवासी दिवस

सतना। 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सतना के टाउन हॉल में सुबह 11 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसकी जानकारी देते हुए अध्यक्ष विंध्य क्षेत्र रमेश प्रसाद कोल ने बताया कि मध्य प्रदेश कोल आदिवासी समुदाय के तत्वावधान में सतना जिले में चल समारोह शोभा यात्रा निकाली जाएगी और टाउन हॉल में मंचिर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएंगे। वही प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 11 शोभायात्रा जवाहर नगर स्टेडियम से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट होते हुए सिटी कोतवाली जयस्तंभ चौक पन्नी लाल चौक हॉस्पिटल चौक सेमरिया चौक पहुंचकर बाबा साहब को माल्यार्पण कर नमन करेगी तत्पश्चात टाउन हॉल में मंची कार्यक्रम सर्व आदिवासी की कलात्मक शैली नृत्य महिला एवं पुरुष दादर नृत्य महिला एवं पुरुष कर्म नृत्य के साथ अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे वही कार्यक्रम में वरिष्ठ जनों एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया जाएगा।

# अकैडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल ने अंडर-17 फुटबॉल टूर्नामेंट में दर्ज की शानदार जीत

जागरण, सतना। अकैडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल, सतना की अंडर-17 फुटबॉल टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली है। टीम ने सेंट माइकल्स स्कूल को 4-3 के रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में हराकर टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज की। यह प्रतियोगिता खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम जवाहर नगर में आयोजित की गई थी। पूरे टूर्नामेंट के दौरान टीम ने अनुशासन, सामूहिक तालमेल और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इस जीत ने स्कूल का नाम गौरव से ऊँचा किया है और जिले में खेल प्रतिभा की एक नई मिसाल कायम की है। टीम के खिलाड़ी अभ्युदय सिंह को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार प्रदान किया गया। टीम की सफलता के पीछे खेल प्रशिक्षक अभिनव मिश्रा एवं सतीश सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विशेष रूप से अभिनव मिश्रा ने नियमित समय के अतिरिक्त कठोर अभ्यास सत्र आयोजित किए जिससे टीम की तैयारी और आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। विद्यालय के डायरेक्टर सी ए सनातन अग्रवाल प्राचार्य डॉ हिमानी सिंह एवं उप-प्राचार्य संजीव सिंह सेंगर ने विजेता टीम और कोचिंग स्टाफ को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस ऐतिहासिक जीत को छात्रों की मेहनत, कोचिंग टीम के मार्गदर्शन और स्कूल की समर्पित खेल नीति का परिणाम बताया।

# श्रमिक विरोधी विधेयकों का विरोध सड़कों पर : टीयूसी




जागरण, सतना। मध्य प्रदेश विधानसभा में 31 जुलाई को श्रमिक विरोधी और कॉर्पोरेट परस्त विधेयकों को पारित किया गया है। केन्द्रीय श्रमिक संगठन सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स ने इस बारे में मध्य प्रदेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि सभी श्रम संगठनों को साथ में लेकर इन विधेयकों का पुरजोर विरोध किया जाएगा। टीयूसी सतना के संरक्षक हरि प्रकाश गोस्वामी अध्यक्ष टीपी पांडे, इंटक के प्रादेशिक उपाध्यक्ष शंकर सिंह तिवारी सीटू सतना संयोजक वीरेन्द्र सिंह रावल एटक के प्रादेशिक संयुक्त महासचिव रामसरोज कुशवाहा एमपीबीईए के महासचिव दिनेश श्रीवास्तव एसडीआईएए के महासचिव धर्मेंद्र सिंह बघेल एमपीएमएसआरयू सतना इकाई के सचिव जितेन्द्र मिश्रा टीयूसी सतना के महासचिव संजय सिंह तोमर ने आज जारी संयुक्त बयान में बताया कि मध्य प्रदेश की मजदूर, किसान, कर्मचारी विरोधी सरकार द्वारा मानसून सत्र के विधानसभा में श्रम कानूनों में मजदूर विरोधी व कॉर्पोरेट परस्त संशोधन पारित करना साफ़ तौर पर पिछले दरवाजे से काली श्रम संहिताओं को लागू करने की मुहीम है। श्रमिक नेताओं ने कहा कि गत 3 जून को पचमढ़ी में संपन्न प्रदेश कैबिनेट की बैठक ने जब इन संशोधनों को स्वीकृत किया था, तभी सीटू तथा प्रदेश की अन्य यूनियनों ने इसका तीव्र विरोध किया था। प्रदेश की समस्त प्रमुख केन्द्रीय श्रमिक संगठनों जिनमें सीटू के अलावा इंटक एटक एचएमएस,सेवा एआईयूटीयूसी टीयूसीसी यूटीयूसी तथा बैंक बीमा केन्द्रीय राज्य बीएसएनएल, रक्षा कोयला भेल आदि के महासंघ शामिल है ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्रम मंत्री श्रम सचिव व श्रमायुक्त को पत्र लिखकर मांग की थी कि तत्काल इन संशोधनों को निरस्त कर इस विषय में श्रमिकों का पक्ष जानने के लिए श्रम संगठनों से चर्चा की जाए।

# आंगनबाड़ी केंद्र के नाम पर हुआ भ्रष्टाचार, बगैर निर्माण कार्य शुरू कराए 3.5 लाख का बंदरबाट

जागरण, डिंडोरी। जिले के जनपद पंचायत बजाग अंतर्गत ग्राम पंचायत परसवाह से एक गंभीर वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है, जहां शासन द्वारा छोटे बच्चों के लिए स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन की राशि का जमकर दुरुपयोग किया गया है। मामला बेहद चौंकाने वाला है क्योंकि यहां भवन की नींव रखने से 7 महीने पहले ही लाखों रुपये आहरित कर लिए गए, लेकिन जमीनी स्तर पर एक भी ईंट नहीं रखी गई। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2022 में पुचछाटोला में एक नए आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण के लिए 11 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति मिली थी। इस केंद्र का उद्देश्य छोटे बच्चों को सुरक्षित और सुविधाजनक शिक्षा और पोषण का वातावरण उपलब्ध कराना था। परंतु तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी भवन निर्माण की शुरुआत तक नहीं हुई।चौंकाने वाली बात यह है कि जनवरी 2025 में ग्राम पंचायत परसवाह के सरपंच और सचिव द्वारा इस योजना की राशि में से साढ़े तीन लाख रुपये निकाल लिए गए, जबकि ज़मीन पर कोई कार्य शुरू नहीं हुआ। यह राशि निजी स्वार्थ में खर्च कर ली गई है, जिसका कोई हिसाब नहीं है। बच्चों के लिए जो भवन बनना था, वह आज भी सपना बना हुआ है, और बच्चे अब भी किराए के जर्जर भवन में पढ़ाई करने को मजबूर हैं।सूत्रों के अनुसार, एकीकृत बाल विकास परियोजना (द्बष्टष्ठस्) द्वारा ग्राम पंचायत को कई बार पत्र भेजे गए और निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए, पर हर बार पंचायत की ओर से या तो टालमटोल किया गया या कोई उत्तर नहीं दिया गया।

**न सिर्फ लापरवाही, बल्कि खुला भ्रष्टाचार :** यह मामला केवल लापरवाही का नहीं बल्कि योजनाबद्ध भ्रष्टाचार का प्रतीक बन चुका है, जिसमें ग्राम के ही जनप्रतिनिधियों ने अपने कर्तव्यों से मुँह मोड़ते हुए बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। विभागीय अधिकारी भी मूकदर्शक बने बैठे हैं, जिससे साफ है कि इस लापरवाही और घोटाले को कहीं न कहीं संरक्षण प्राप्त है। प्रशासन की निष्क्रियता ने खोली व्यवस्था की पोल सवाल यह उठता है कि आखिर शासन-प्रशासन कब तक इन मामलों को अनदेखा करता रहेगा? यदि बच्चों के लिए स्वीकृत राशि तक को सुरक्षित नहीं रखा जा सकता, तो शासन की योजनाएं आखिर किसके लिए हैं? ग्राम पंचायत परसवाह में भ्रष्टाचार अब आम बात हो गई है, और यह मामला उसकी एक बानगी मात्र है।


## श्री रामाकृष्णा कॉलेज ऑफ कॉमर्स एण्ड साइंस

**बीजेपी कार्यालय के पास भरहुत नगर सतना ( म.प्र. )**

विश्वविद्यालय अधिनियम कालेंज कोड-28 के अंतर्गत सहायक प्राध्यापक पद हेतु निम्न विषयों पर योग्य व अनुभवी अभ्यार्थियों की आवश्यकता है, अभिलेखों की छायाप्रति के सहित 15 दिवस के अंदर आवेदन करें।

| क्र. | पद | संख्या | क्र. | पद | संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजनीतिशास्त्र | 03 | 8 | गणित | 03 |
| 2 | अंग्रेज़ी साहित्य | 05 | 9 | जैव प्रद्योगिकी | 03 |
| 3 | कम्प्यूटर साइंस | 04 | 10 | समाजशास्त्र | 03 |
| 4 | अर्थशास्त्र | 03 | 11 | वाणिज्य | 05 |
| 5 | रसायनशास्त्र | 03 | 12 | एम.एस.डब्ल्यू | 02 |
| 6 | वनस्पतिशास्त्र | 03 | 13 | प्रबंधन | 02 |
| 7 | भौतिकशास्त्र | 03 | 14 | हिन्दी साहित्य | 03 |

शैक्षणिक योग्यता:-यू.जी.सी./म.प्र. शासन (उच्च शिक्षा विभाग) के नियमानुसार
वेतन:-म.प्र. शासन (उच्च शिक्षा विभाग) के नियमानुसार

अध्यक्ष
शासी निकाय
श्री रामाकृष्णा कॉलेज ऑफ कॉमर्स एण्ड साइंस
सतना ( म.प्र. )

Email Id:-srkc_2008@rediffmail.com
Contact:-07672-416677



## प्रख्यात हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह के द्वारा प्रतिदिन नियमित OPD रीवा में



रीवा : अहमदाबाद के प्रख्यात हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह, MBBS, MS (ऑर्थोपेडिक्स) FIJR, OIJR (अहमदाबाद) फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट। कॉम्प्लेक्स ट्रॉमा। ऑर्थोस्कोपिक सर्जन, पूर्व सर्जन गवर्मेन्ट मेडिकल कॉलेज सागर, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ के द्वार कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी डे-केयर क्लीनिक/डायग्नोस्टिक× विजन हार्ट सेंटर), A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, प्रतिदिन नियमित सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक एवं शाम 04 से 06 बजे तक हड्डी व जोड़ रोग से सम्बंधित समस्त फ्रैक्चर एवं ट्रॉमा उपचार, घुटना एवं कुल्हा प्रत्यारोपण TKR, THR, ऑर्थोस्कोपी (दूरबीन द्वारा लिगामेंट की सर्जरी), डिजिटल एक्स-रे, प्लास्टर POP एवं स्पिलटिंग, घुटनो में दर्द/सूजन, कंधे का जकड़ना/दर्द होना, कमर व कूल्हों के जोड़ों का दर्द, साईटिका/गठियावात, कंधे के मांस का कटना, घुटने का न मुड़ना, चलने में लड़खड़ाना, जमीन पर न बैठ पाना, गाउट एवं रूमेटाइड ऑर्थराइटिस का उपचार, जोड़ो में इंजेक्शन द्वारा उपचार (इंटर-आर्टिकुलर इंजेक्शन), CTEV (क्लबफुट) जन्मजात टेड़े मेड़े पाँव का उपचार, रीड़ की हड्डी से सम्बंधित समस्याएं, सामान्य एवं जटिल फ्रैक्चर, आधुनिक तकनीक द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण, बच्चों के हाथ व पैरों की विकृतिया, पुराने फ्रैक्चरों का न जुड़ना, हड्डी में पस पड़ना आदि बीमारियों का परामर्श/ऑपरेशन द्वारा इलाज किया जाता है, डॉ शांतनु को दुरबीन विधि से सम्बंधित सभी प्रकार के आपरेशन में महारथ हासिल है, अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.

# सीधी शहर में शुरू नहीं हो सके ट्रैफिक सिग्नल



जागरण लापरवाही

## दो साल पहले लाखों की लागत से लगाए गए थे ट्रैफिक सिग्नल

## चौराहों में मनमानी तौर पर निकलते हैं वाहन

जागरण, सीधी



सीधी शहर में लाखों की लागत से दो वर्ष पहले नगर पालिका परिषद सीधी द्वारा लगाए गए इलेक्ट्रानिक ट्रैफिक सिग्नल मजाक बनकर रह गए हैं। आरंभ में ट्रैफिक सिग्नल चालू तो हुए लेकिन सिग्नल पर यातायात व्यवस्था बनाने की कोशिसें नहीं की गई। लिहाजा यह ट्रैफिक सिग्नल मुख्य चौराहों में सिग्नल तो देते थे लेकिन सिग्नल का पालन करने की जरूरत वाहन चालक नहीं करते थे। कारण ट्रैफिक सिग्नल के आधार पर वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित कराने के लिए कोई यातायात पुलिस कर्मी मौजूद नहीं रहते थे। ऐसे में यह इलेक्ट्रानिक ट्रैफिक सिग्नल सीधी शहर में जब सिग्नल देते थे उस दौरान भी मजाक बने हुए थे। करीब साल भर से मुख्य चौराहों में लगाए गए इलेक्ट्रानिक ट्रैफिक सिग्नल पूरी तरह से बंद हो चुके हैं। इनके बंद होने के बाद ट्रैफिक सिग्नल को शुरू कराने की जरूरत नहीं समझी गई। तत्संबंध में चर्चा के दौरान कुछ नागरिकों का कहना था कि सीधी शहर में जिस तरह से वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है उनको व्यवस्थित चलाने के लिए मुख्य चौराहों में इलेक्ट्रानिक सिग्नल की काफी आवश्यकता है। देखा यह जाता है कि मुख्य चौराहों में वाहन मनमानी तौर पर आवाजाही करते हैं। जिसके चलते आवागवन में भी काफी दिक्कतें सामने आती हैं। वाहन चालक चौराहों में पहुंचते ही बिना यातायात नियमों का पालन किए मनमानी तौर पर निकलते हैं। ऐसे में ज्यादा वाहनों के आने पर जाम की समस्या भी निर्मित हो जाती है। इलेक्ट्रानिक ट्रैफिक सिग्नलों की शहर के मुख्य चौराहों में काफी उपयोगिता रहती है। सिग्नल के माध्यम से ही वाहनों के आवाजाही की व्यवस्था चलती है। सीधी शहर में पुलिस विभाग द्वारा लाखों के बजट पर इलेक्ट्रानिक ट्रैफिक सिग्नल तो शहर के मुख्य चौराहों में लगा दिए गए लेकिन इन सिग्नलों के आधार पर सुचारू रूप से वाहनों की आवाजाही की व्यवस्था बनाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। अब तो सभी चौराहों में लगे इलेक्ट्रॉनिक ट्रैफिक सिग्नल पूरी तरह से बंद हो गए हैं। इनका सुधार करने की आवश्यकता भी नहीं समझी जा रही है।

### इन चौराहों में लगाए गए हैं ट्रैफिक सिग्नल

शहर के सम्राट चौक, गांधी चौक में इलेक्ट्रॉनिक ट्रैफिक सिग्नल लाखों की लागत से बनाए गए थे। यह चौराहे काफी व्यस्ततम माने जाते हैं। यहां हर समय वाहनों की काफी आवाजाही बनी रहती है। जिसके चलते प्रमुख चौराहे में यदि इलेक्ट्रॉनिक ट्रैफिक सिग्नल पर वाहनों के आने-जाने की व्यवस्था बनाई जाए तो यातायात नियमों का पालन भी सुचारू रूप से होगा वहीं वाहनों को भी चलने में सुविधा मिले। सीधी शहर में वाहनों की संख्या भले ही काफी ज्यादा है लेकिन यातायात नियमों का पालन करते हुए यह वाहन चलें इसके लिए व्यवस्था बनाने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। वर्तमान में हालात यह है कि ट्रैफिक सिग्नल पर वाहनों के न चलने तथा यातायात पुलिस कर्मियों के मुख्य चौराहों में उपस्थिति न होने के कारण सुबह 10 बजे जब स्कूलों एवं कार्यालयों का समय होता है और अपरान्ह 4 बजे से शाम 7 बजे तक जाम की स्थिति निर्मित रहती है। जिसके चलते लोग भी अनावश्यक रूप से लंबे जाम में फंसकर परेशानी का सामना करते हैं।

### सीसीटीव्ही कैमरों की जद में प्रमुख मार्ग

पुलिस विभाग द्वारा सीधी शहर के प्रमुख मार्गों में उच्च क्षमता के सीसीटीव्ही कैमरों को लगाने से वाहनों की आवाजाही पर पुलिस की पैनी नजर बन चुकी है। यह अवश्य है कि सीसीटीव्ही कैमरों की जद में वाहनों के आने के बाद भी यातायात नियमों का पालन नहीं हो रहा है। वाहन चालक यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी करके निकलते हैं। लेकिन उन पर कोई कार्यवाही नहीं होती। जबकि सीसीटीव्ही कैमरों के कंट्रोल रूम से वाहनों की आवाजाही पर सतत नजर रखी जा सकती है साथ ही जो वाहन यातायात नियमों की अनदेखी करते हैं उन पर चालानी कार्यवाही भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। शहरी क्षेत्र में सबसे ज्यादा यातायात व्यवस्था ऑटो-रिक्शा की बेतहाशा बढ़ती संख्या के कारण प्रभावित है। ऑटो-रिक्शा व्यस्ततम मार्गों में एक साथ कतारबद्ध होकर निकलते हैं। जिसके चलते जगह-जगह लंबे जाम की स्थिति निर्मित होती है। बाजार क्षेत्र में ऑटो-रिक्शा की संख्या सीमित करने की दिशा में भी कोई प्रभावी पहल करने की जरूरत नहीं समझी जा रही हे।

## मणिका संस्थान ने दी सराहनीय प्रस्तुतियां



**जागरण, सीधी।** जनजातीय आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को रीवा में मध्य प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में जनजातीय आनंद उत्सव के समापन अवसर पर मणिका संगीत कला संस्थान द्वारा सराहनीय कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई, जिसका आज सुंदर समापन बधाई एवं शुभकामनाओं के माध्यम से हुआ। पर्यटन विभाग भोपाल की एमडी विदिशा मुखर्जी ने मणिका संगीत संस्थान को सधन्यवाद शुभकामनाएं दीं। मणिका संगीत संस्थान की मणिका पाण्डेय एवं उनकी टीम ने डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला, एमडी विदिशा मुखर्जी रीवा कमिश्नर बीएस जामोद, डीआईजी श्री सिंह सहित उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## शोक व्यक्त करने पहुंचे पूर्व नेता प्रतिपक्ष



**जागरण, मोहनिया।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल भैया दिनांक 1 अगस्त 2025 को मनमोहन रावत के निधन उपरांत शोक व्यक्त करने मोहनिया पधारे। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भारत सिंह, राजेंद्र सिंह भदौरिया, ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, बैजनाथ सिंह, विजय गुप्ता, भैयालाल रावत, द्वारिका प्रसाद तिवारी के साथ जयकरण कोल सरपंच, सचिव अतिवल कोल, नरेंद्र कुमार पटेल, लालमणि पटेल, पत्रकार प्रेमलाल साहू, राजेंद्र दुबे पूर्व सरपंच, शेषमणि पटेल वरिष्ट पंच, जय सिंह पटेल समाजसेवी आदि लोग पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट किए। श्री सिंह ने इस अवसर पर कहा कि मनमोहन रावत हमारे दाऊ साहब के बहुत करीबी थे। मालूम रहे कि मनमोहन रावत का निधन 22 जुलाई 2025 को हुआ था।

## टूरिज्म क्विज 2025 में काशी उच्च मावि अमिलिया का परचम



**जागरण, सीधी।** एमपी टूरिज्म क्विज प्रतियोगिता-2025 दिनांक 1 अगस्त को जिला स्तर पर आयोजित की गई। जिसमें जिले भर के कुल 210 विद्यालयों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता दो चक्रों में आयोजित की गई। प्रथम चक्र लिखित परीक्षा हुई जिसमें छः टीमों का चयन हुआ। लिखित परीक्षा में काशी विद्यालय अमिलिया के छात्र मयंक शुक्ला 12 वीं, कामिनी शुक्ला 12वीं, विद्याकांत पाठक 12वीं की सम्मिलित टीम 100 में से 93 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही। द्वितीय चक्र आडियो-वीडियो राउंड में सर्वाधिक अंक 465 प्राप्त कर चेम्पियन बनी। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक शंकर दयाल शुक्ला, प्राचार्य डॉ. मुनीन्द्र कुमार शुक्ला, प्रभारी शिक्षक अभिमन्यु मिश्रा, अन्य शिक्षक महेन्द्र कुमार शुक्ला, रामसुशील, सूरज, शिवतोष, ऊषा सिंह, रेखा पटेल तथा सभी शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## जिले में औसत वर्षा 852.8 मि.मी. दर्ज

**जागरण, सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 2 अगस्त को सीधी जिले में 7.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 16.6 मि.मी., चुरहट 12.0 मि.मी., गोपद बनास में 3.6 मि.मी., सिहावल में 3.2 मि.मी., बहरी में 0.0 मि.मी., मझौली में 9.0 मि.मी. और कुसमी में 8.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 852.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 2 अगस्त तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 950.6 मि.मी. दर्ज की गई है।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## भव्य कावड़ यात्रा का शुभारंभ शिवपुर से कल



**जागरण, सीधी।** पवित्र श्रावण मास में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस जिला इकाई सीधी के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह दादू के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में एक दिवसीय कावड़ यात्रा की शुरुआत शिवपुर मरसरहा ग्राम से बढ़ौरा धाम के लिए हो रही है। उपरोक्त यात्रा संगीतमय माहौल में शिव भक्तों के साथ पैदल प्रारंभ होगी और सीधी शहर का भ्रमण करते हुए मुख्य मार्गो से गुजरते हुए शिव धाम बढ़ौरा तक पहुंचेगी। चर्चा के दौरान युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र सिंह दादू ने बताया कि यह यात्रा सुबह 6 बजे से ग्राम शिवपुर मरसरहा, अमरपुर ग्राम से प्रारंभ होगी। यात्रा का रूट पहले से ही तय किया गया है जिसमे शिवपुर, अमरपुर बाजार, अटल चौक, करौंदी, गहनौआ मंदिर, खैरा मोड़ रजडिहा, कुचवाही, शिवपुरवा, उपनी, टर्री, जोगीपुर तोरण द्वार, डैनिहा, सम्राट चौक, गांधी चौक, लालता चौक, नया बस स्टैंड, जमोड़ी तोरण द्वार, सोनवर्षा टोल प्लाजा, बढ़ौरा तिराहा से होते हुए अंत में शिव धाम बढ़ौरा में समाप्त होगी। बढ़ौरा शिव धाम में भक्तों के लिए भंडारे एवं प्रसाद का आयोजन भी किया गया है। उक्त यात्रा में सभी शिव भक्तों के शामिल होने की अपील की गई है। यह कावड़ यात्रा एकता परिचायक के रूप में शिव नगरी को प्रस्थान करेगी। हमारी संस्कृति विरासत को बचाने के लिए एवं युवाओं के अंदर भक्ति का वातावरण बन सके उन्हें अपने संस्कृति के त्योहारों के बारे में पता चल सके। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उक्त यात्रा का आयोजन प्रतिवर्ष आमजन के सहयोग से किया जाता है। चर्चा के दौरान देवेंद्र सिंह दादू ने उक्त यात्रा एवं भंडारे प्रसाद के लिए सभी से अपील की है कि वे यात्रा में शामिल हो एवं प्रसाद ग्रहण करें।

## किसानों ने सुना प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण



**जागरण, सीधी।** जिले के कुसमी समिति प्रबंधक संतोष त्रिपाठी के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए लाइव प्रसारण को देखने की व्यवस्था समिति कुसमी अंतर्गत की गई थी, जहां क्षेत्रीय नेता जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह सहित सहकारिता विभाग के खण्ड स्तरीय सभी अधिकारी कर्मचारी सेल्समैन किसान उपस्थित होकर प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण को देखा है। जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, बुनियादी ढांचे और किसान कल्याण पर केंद्रित विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने 2,183 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। एवं पीएम किसान की सम्मान निधि किसानों के खातों पर भेजी राशि आने के बाद कार्यक्रम में उपस्थित किसानो के खाते में खुशी की लहर देखी गई वहीं इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह के साथ बृजभूषण सेन रामभद्र शुक्ला, सचिव मोतीलाल रजक, बीएम दल प्रताप सिंह, मनीष तिवारी, राजकुमार अगरिया, अरूण गुप्ता, बनवारी गुप्ता, चंद्रपाल, आशीष सिंह, राजेश सिंह और क्षेत्रीय किसान बंधु उपस्थित थे।

## किसान एकता महासंघ के जिलाध्यक्ष बने जयप्रकाश



**जागरण, सीधी।** किसान एकता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रमेश कसाना ने किसान एकता महासंघ सीधी का जिला अध्यक्ष जयप्रकाश तिवारी पिता रामगोपाल तिवारी निवासी करगिल को नियुक्त किया है। जारी नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि आप अपने क्षेत्र में किसानों की समस्याओं के लिये संघर्षरत रहते हुये किसान एकता महासंघ की लोकप्रियता किसानों में बनायें रखेंगे और पूरी ईमानदारी के साथ निरूस्वार्थ भाव से किसानों की आवाज को बुलंद करने का काम करेंगे। जय प्रकाश तिवारी ने अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत किसान एकता महासंघ के सभी शीर्ष पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुये कहा है कि वह किसानों के हितों में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

## मप्र शिक्षक संघ ने किया गुरु वंदन कार्यक्रम



**जागरण, सीधी।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला सीधी के तत्वावधान में गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन दुर्गा उच्चतर माध्यमिक बम्हनी मेंअत्यंत श्रद्धा और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय रामायण ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मीकांत शर्मा सेवानिवृत्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी सीधी एउपेंद्र शुक्ला प्राचार्य संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बढ़ौरा, राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय सेवानिवृत शिक्षक ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को पावनता प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का माल्यार्पण एवं स्वागत गीत से स्वागत किया गया। शब्दों से स्वागत श्रीमती दीपाली सिंह चौहान जिला संयोजिका महिला प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि धरती माता को हरा-भरा रखने हेतु वृक्षारोपण करना एवं उसकी देखभाल करना ही आज का सबसे बड़ा कर्तव्य है। मुख्य अतिथि लक्ष्मीकांत शर्मा ने गुरु की सर्वोच्चता पर उद्बोधन देते हुए कहा कि गुरु ही वह प्रकाश हैं, जो अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर आत्मज्ञान की ओर ले जाते हैं। उन्होंने पौराणिक उदाहरणों से गुरु पद की महिमा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। कार्यक्रम उपेंद्र शुक्ला प्राचार्य के द्वारा अपने उद्बोधन में गुरु वंदन कार्यक्रम के गरिमामय आयोजन के लिए मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला सीधी के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों की प्रशंसा की एवं गुरु के महिमा पर सार गर्भित प्रकाश डाला गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय द्वारा कहा गया कि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ इकलौता संगठन है जो केवल शिक्षकों की समस्या के लिए नहीं बल्कि राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना से कार्य करता है।

# विरोधियों ने शहरीय डीसी के प्रभारी जेई को हटाने रचा षड्यंत्र : आरोप

## फर्जी हस्ताक्षर कर दिया स्वयं के व्यय का आवेदन

## प्रभारी जेई ने अधीक्षण यंत्री को लिखा पत्र

जागरण, सीधी




विद्युत वितरण केन्द्र क्रमांक सीधी शहर क्रमांक 1 के प्रभारी जेई को हटाने विरोधियों ने बड़ा षड़यंत्र रचते हुए फर्जी हस्ताक्षर कर स्वयं के व्यय का आवेदन भेज कर जिले से बाहर स्थानांतरण आदेश जारी करा दिया। स्थानांतरण आदेश मिलने पर प्रभारी जेई ने उक्ताशय का आरोप लगाते हुए अधीक्षण यंत्री को पत्र लिखकर यथावत की मांग की है। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड जबलपुर के मुख्य महाप्रबंधक मासं एवं प्रशा. के आदेश क्रमांक 11343, दिनांक 22 जुलाई 2025 में शिव उजागर मिश्रा, परीक्षण सहायक वितरण केन्द्र सीधी शहर, सं/सं. संभाग सीधी को स्वयं के व्यय पर स्थानांतरित कर कार्यमुक्त करते हुए कार्यपालन अभियंता संध्सं संभाग मऊगंज के प्रशासनिक नियंत्रण में पदस्थ करने का आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि शिव उजागर मिश्रा, परीक्षण सहायक का स्थानांतरण उनके स्वयं के अनुरोध पर किया गया है। अतः उन्हे यात्रा भत्ता/यात्रा अवकाश की पात्रता नहीं होगी। हैरत की बात तो यह है कि श्री मिश्रा ने कभी स्थानांतरण का आवेदन ही नहीं दिया है। ऐसे में फर्जी आवेदन की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। गौरतलब है कि वितरण केंद्र सीधी शहर 1 में पदस्थ प्रभारी अधिकारी शिव उजागर मिश्रा के द्वारा पूरी लगन व निष्ठा के साथ गर्मी एवं बरसात में कठिन परिस्थितियों में अपने क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को समुचित रूप से बहाल रखा। उपभोक्ता सेवा में कोई कमी नहीं थी किंतु कुछ स्वार्थी लोगों के द्वारा विभाग की मिलीभगत से इनका स्थानांतरण जिले से बाहर करवा दिया गया। ऐसे में सीधी शहर की विद्युत व्यवस्था फिर बदहाल हो जाएगी।

## ट्रांसफर के बाद भी डटे वन परिक्षेत्र अधिकारी

**सीधी।** संजीव रंजन वन परिक्षेत्र अधिकारी संजय टाइगर रिजर्व सीधी का ट्रांसफर सागर के लिए हुआ है। फिर भी फील्ड डायरेक्टर राजेश कन्ना टी द्वारा उन्हें भारमुक्त नहीं किया जा रहा है। विभागीय सूत्रों कहना है कि भारमुक्त न करना निजी हित में प्रभावित है। यदि जिले के बड़े अफसर वरिष्ठ कार्यालय से ट्रांसफर के बावजूद चहेते अधिकारी को भार मुक्त नहीं करते तो इसका गलत संदेश जाता है। अधिकारियों का ट्रांसफर विभागीय व्यवस्था है और कुछ समय बाद अधिकारियों को नये जगह के लिए ट्रांसफर करना चाहिए। इससे विभागीय कार्य में भी कसावट आती है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद सीधी, जिला-सीधी (म.प्र.)

एन.आई.टी.क्रमांक 3009 / ई टेंडरिंग / न.पा./2025 — सीधी, दिनांक 01-8-25

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_441015_1 दिनांक 31.07.2025 | विकास भवन शापिंग काम्प्लेक्स के छत एवं अन्य मरम्मत कार्य। | (1) 2 माह (2) 1.59 लाख | (1) 2000 (2) 3117.00 | 14.08.2025 |
| 2. | 2025_UAD_441015_1 दिनांक 31.07.2025 | सम्राट पृथ्वीराज चौहान चौक के मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | (1) 2 माह (2) 5.61 लाख | (1) 2000 (2) 5607.00 | 14.08.2025 |
| 3. | 2025_UAD_441015_1 दिनांक 31.07.2025 | मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के तहत निकाय क्षेत्रान्तर्गत 04 नग स्मार्ट फिश पार्लर निर्माण कार्य | (1) 2 माह (2) 21.17 लाख | (1) 5000 (2) 15874.00 | 29.08.2025 |
| 4. | 2025_UAD_441015_1 दिनांक 31.07.2025 | वार्ड क्रमांक 11 में दीनदयाल कालोनी में पार्किंग शेड निर्माण कार्य। | (1) 2 माह (2) 31.37 लाख | (1) 5000 (2) 23526.00 | 29.08.2025 |

नोट:- निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https:/mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सीधी

पृ.क्रमांक 3010/तक./न.पा./2025 — सीधी, दिनांक 01-8-25



# दक्षिण पन्ना वनमण्डल में सर्पदंश से बचाव हेतु विद्यार्थियों को किया गया जागरूक






**जागरण, पन्ना।** आज दक्षिण वनमण्डल पन्ना के वन परिक्षेत्र कल्दा अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल सारंगपुर में विद्यार्थियों को सर्पदंश से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर 'सर्पदंश की रोकथाम' एवं 'सर्पदंश का प्राथमिक उपचार क्या करें, क्या न करें' पर आधारित विशेष रूप से तैयार किया गया साँप-सीढ़ी खेल वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को 'साँपों के बारे में प्रचलित भ्रांतियां एवं उनके वैज्ञानिक तथ्य' पर आधारित जानकारीपूर्ण पोस्टर भी प्रदान किए गए। इन्हें अपने घर, गली, मोहल्ले में भी साझा करने का आग्रह विद्यार्थियों से किया गया, ताकि सामुदायिक स्तर पर भी जागरूकता फैले। इस जागरूकता कार्यक्रम का संचालन एवं सामग्री का वितरण दक्षिण पन्ना के समर्पित वनरक्षक श्री वीरेंद्र पटेल द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को सरल भाषा में समझाते हुए यह संदेश दिया कि सर्पदंश से घबराने की बजाय सतर्कता और सही प्राथमिक उपचार से जान बचाई जा सकती है।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त राशि अंतरित

## जिले के एक लाख 54 हजार से अधिक किसान परिवार लाभांवित



**जागरण, पन्ना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त राशि अंतरित की। इस योजना के तहत पन्ना जिले की 9 तहसील के एक लाख 54 हजार 648 किसान हितग्राहियों को भी दो-दो हजार रूपए किस्त राशि का लाभ प्राप्त हुआ है। यह योजना भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। इस योजना में किसानों को न्यूनतम आय सहायता के रूप में प्रति वर्ष तीन समान किस्तों में कुल 6 हजार रूपए मिलते हैं। एक दिसम्बर 2018 से यह योजना प्रारंभ है। किस्त राशि वितरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे सहित कलेक्टर सुरेश कुमार, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम, उप संचालक कृषि ए.पी. सुमन, अधीक्षक भू-अभिलेख मेघेन्द्र बंदोपाध्याय, नायब तहसीलदार शशिकांत दुबे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं कृषक उपस्थित रहे।

# खाद्य सामग्री का लिया नमूना

**जागरण, पन्ना।** आगामी पर्वों के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा आज कई स्थानों पर खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य सामग्री का नमूना लिया गया। गुनौर बस स्टैण्ड पर स्थित दुकान बीकानेर मिष्ठान भंडार एवं दीपक मिष्ठान भंडार से लड्डू एवं मिठाई के सैम्पल प्राप्त किए गए। साथ ही दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा संबंधी दिशा निर्देशों का पालन करने की समझाईश दी गई। देवेन्द्रनगर एवं अमानगंज क्षेत्र की दुकानों पर पर निरीक्षण कार्यवाही गई। खाद्य सुरक्षा



अधिकारी राजेश कुमार राय ने बताया कि आगामी दिवसों में भी यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जागरण, सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमन राज के मार्गदर्शन में प्रदेश के समृद्धिशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि महापुरूषों पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से छात्रों को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय पर्यटन क्विज 2025 का आयोजन स्थानीय टाटा कालेज सीधी में किया गया। जिले के 210 शासकीय एवं निजी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों ने 630 छात्रों का प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये आनलाईन पंजीयन किया था जो कि प्रदेश में सर्वाधिक नामांकन वाले जिले में सीधी 9वे स्थान पर रहा। इन छात्रों की लिखित परीक्षा आयोजित हुई जिसमें सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 6 स्कूलों के 18 विद्यार्थी द्वारा मल्टीमीडिया क्विज राउन्ड में सहभागिता की गई। मल्टीमीडिया क्विज के 10 राउन्ड - झटपट बोल, सोच समझकर बोल, देख परख कर बोल, तोल मोलकर बोल, क्या सही, क्या गलत, खुल जा सिम सिम, जो बोला वही धुरंधर, अब बताओ तो जाने, पारखी नजर, एम पी में सिनेमा क्विज मास्टर श्रीमती नेहा सिंह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौफाल के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें तीन विजेता टीम काशी उ.मा.वि.अमिलिया, शासकीय सांदीपनि मॉडल स्कूल सिहावल, सूर्या पब्लिक स्कूल अमिलिया और उप विजेता डीकेएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल घोघरा, पीएम श्री स्कूल टिकरी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धुम्मा टीमों का चयन किया गया। विजेता एवं उप विजेता टीम को मेडल, प्रमाण पत्र तथा प्रथम तीन विजेता टीमों को तीन दिन दो रात एवं उपविजेता तीन टीमों को दो दिन एक रात के लिए म.प्र. के किसी भी पर्यटन स्थल का भ्रमण के लिये कूपन देकर पुरस्कृत किया गया।



उत्तर मध्य रेलवे
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये **मण्डल रेल प्रबंधक/कार्य/झाँसी** निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।
**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी.-ई-2025-139
**कार्य का नामः झाँसी डिवीज़नः-** कंस्ट्रक्शन ऑफ़ इन्टेक वेल एट केन रीवर एंड लेयिंग ऑफ़ पाइप लाइन एंड फ़िल्टर प्लांट एट बांदा।
**अनुमानित लागतः ₹ 35231227.78, अमानत राशिः ₹ 326200.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 29.08.2025 at 15.00 hrs., स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/ अवधि की तिथिः** 18 माह। निविदा दिनांक **29.08.2025** को **15.00** बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।
1364/25 FA
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# प्रेमचंद की तरह अंधेरी ताकतों से लड़ना होगाः प्रो. अनिल

## प्रेमचंद का साहित्य समाज में आदर्श मूल्यों के स्थापना का साहित्य हैः डॉ. लहरी

**जागरण, सीधी**




मध्यप्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सीधी इकाई द्वारा प्रेमचंद जयंती समारोहपूर्वक सव्यसांची राजरानी भवन के सभागार में आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार, लेखक, विचारक डॉ. लहरी सिंह और अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र सिंह भदौरिया ने किया। इस आयोजन में दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण के बाद मध्यप्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. शिवशंकर मिश्र सरस के द्वारा स्वागत वक्तव्य दिया गया। डॉ. लहरी सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रेमचंद का साहित्य समाज में आदर्श मूल्यों के स्थापना का साहित्य है। प्रेमचंद के लेखन में उनके निजी जीवन पीड़ा दिखती है, वो आदर्श समाज चाहते थे जहां कमी दिखी वहां प्रहार करते थे और समाज की कुरीतियों और विसंगतियों पर जमकर हथौड़ा चलाया, प्रेमचंद तिल तिल कर जीवन जिए, भोगे हुए जीवन को साहित्य में दिखाया। राजेंद्र सिंह भदौरिया ने साहित्य को समाज का दर्पण माना और साहित्यकारों के लिए खुद को समर्पित करने का आह्वान किया और आज के समय को भय का समय बताया, इस समय में साहित्यकारों की आवाज को और प्रखर बनाने पर जोर दिया। मध्यप्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन जिला इकाई के अध्यक्ष, प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुंशी प्रेमचंद और उनके लेखन को याद करने के बहाने हम अपने वर्तमान समय को जांचते परखते हैं। आज सामंत जमीदार साहूकार तो नहीं हैं लेकिन इनकी जगह सत्ताधीशों और पूंजीपतियों ने ले लिया है आज भी शोषण अन्याय तेजी से जारी है। सचिव जगदीश मिश्र के द्वारा बताया गया यदि प्रेमचंद को समझना है तो दिल और बुद्धि दोनों का प्रयोग करना होगा आगे इन्होंने कहा आज का युग भयंकर प्रोपेगेंडा युग है। प्रलेस के अध्यक्ष सोमेश्वर सिंह सोम ने अपने उद्बोधन में कहा आदर्श समाज में सच कहने की आजादी और सत्ता को सच सुनने का साहस होना चाहिए और प्रेमचंद का साहित्य समय की कुरूपता से मुठभेड़ करने का साहस देता है। दार्शनिक शिक्षक ओमप्रकाश त्रिपाठी में अपने वक्तव्य में प्रेमचंद को साहित्य का सूर्य के रूप में याद किया। अयानवीर सिंह ने अपने वक्तव्य में प्रेमचंद के साथ तुलसीदास को याद किया। राजवीर सिंह ने अपने वक्तव्य में प्रेमचंद के संघर्ष से सीखने को कहा। यूनियन बैंक के महाप्रबंधक अमित कुमार द्वारा साहित्य से समाज को बदलने पर जोर दिया गया। इस समारोह में काव्यपाठ का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिष्ठित कलाकार नरेंद्र सिंह द्वारा कजली, हिन्दुली गीत सुनाया गया और जिले के वरिष्ठ साहित्यकार, कवि जिनमें डॉ राजकरण शुक्ल, डॉ. कमलापति गौतम कमल, धीरेन्द्र त्रिपाठी, रावेंद्र शुक्ला, अशोक तिवारी अकेला, मनसुखलाल द्विवेदी, रामराज यादव विकल्प, सुष्मिता द्विवेदी सिखा, जय सिंह गगन, सुखई प्रसाद अटल, कार्तिकानंद सोनी, शंकर्षण प्रसाद द्विवेदी अर्चक ने काव्यपाठ किया।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सिंगरौली (म.प्र.)**
नि.आ.सू.क्रं 73-89/व.ले.लि./का.यं./लो0स्वा0या0/खण्ड/सिंगरौली/2025 दिनांक 30.07.2025
पता-विजय बंधु पेट्रोल पम्प के पास, ई-मेल eephedsin@rediffmail.com
**प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**
निम्न कार्यो हेत निविदा का आन लाईन वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। आन लाइन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20.08.2025 सायं 17:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 21.08.2025 साय 17:30 बजे है। निविदा मे संशोधन की स्थिति मे वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
Name of work:- Renovation of "Piped Water Supply Schemes Under Jal Jeevan Mission" of at Block Deosar Distt- Singrauli (M.P.)

| S. N | NIT No. | Tender ID | Block | PAC(Rs. In Lakhs) | E-EMD in Rs. | Cost of Tender in Rs. | No. of Calls |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 73/2025-26 | 2025_PHED_440753_1 | Deosar | 423.84 | 423840.00 | 15000.00 | 1st Call |
| 2 | 74/2025-26 | 2025_PHED_440754_1 | Deosar | 402.24 | 402240.00 | 15000.00 | 1st Call |
| 3 | 75/2025-26 | 2025_PHED_440755_1 | Deosar | 433.43 | 433430.00 | 15000.00 | 1st Call |
| 4 | 76/2025-26 | 2025_PHED_440756_1 | Deosar | 425.54 | 425540.00 | 15000.00 | 1st Call |
| 5 | 77/2025-26 | 2025_PHED_440757_1 | Deosar | 284.19 | 284190.00 | 15000.00 | 1st Call |
| 6 | 78/2025-26 | 2025_PHED_440758_1 | Deosar | 394.12 | 394120.00 | 15000.00 | 1st Call |
| 7 | 79/2025-26 | 2025_PHED_440759_1 | Deosar | 481.48 | 481480.00 | 15000.00 | 1st Call |
| 8 | 80/2025-26 | 2025_PHED_440760_1 | Deosar | 457.12 | 457120.00 | 15000.00 | 1st Call |
| 9 | 81/2025-26 | 2025_PHED_440761_1 | Deosar | 294.72 | 2947200.00 | 15000.00 | 1st Call |
| 10 | 82/2025-26 | 2025_PHED_440762_1 | Deosar | 400.60 | 400600.00 | 15000.00 | 1st Call |
| 11 | 83/2025-26 | 2025_PHED_440763_1 | Deosar | 439.85 | 439850.00 | 15000.00 | 1st Call |
| 12 | 84/2025-26 | 2025_PHED_440764_1 | Deosar | 236.24 | 236240.00 | 15000.00 | 1st Call |
| 13 | 85/2025-26 | 2025_PHED_440765_1 | Deosar | 334.68 | 334680.00 | 15000.00 | 1st Call |
| 14 | 86/2025-26 | 2025_PHED_440766_1 | Deosar | 414.38 | 414380.00 | 15000.00 | 1st Call |
| 15 | 87/2025-26 | 2025_PHED_440767_1 | Deosar | 449.27 | 449270.00 | 15000.00 | 1st Call |
| 16 | 88/2025-26 | 2025_PHED_440768_1 | Deosar | 254.53 | 254530.00 | 15000.00 | 1st Call |
| 17 | 89/2025-26 | 2025_PHED_440769_1 | Deosar | 239.96 | 239960.00 | 15000.00 | 1st Call |

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**सिंगरौली ( म.प्र. )**
**G-16602/25**

# उप निरीक्षक प्रदुम्न अग्निहोत्री सेवानिवृत्त



**जागरण, सीधी।** 6 वीं वाहिनी जबलपुर से दिनांक 31 जुलाई 2025 को उप निरीक्षक पद से प्रदुम्न अग्निहोत्री 31 जुलाई 2025 को सेवानिवृत्त हो गए। श्री अग्निहोत्री 30 नवंबर 1984 को दूसरी वाहिनी ग्वालियर में भर्ती होकर अपनी सेवा की शुरुआत की। उसके बाद 1985 से 1999 तक मप्र पुलिस कबड्डी टीम के कप्तान के रूप में प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान तीन बार सर्वश्रेष्ठ खिलाडी का पुरुस्कार भी जीता। 4 बेस्ट जोन तथा 11 बार ऑल इंडिया कबड्डी गेम्स में भी शिरकत की। उसके बाद 24 वर्षों तक पूर्व विधायक सीधी केदारनाथ शुक्ल के सुरक्षा अधिकारी के तौर अपनी सेवाएं दी तथा अंतिम में 6 वीं वाहिनी जबलपुर से दिनांक 31 जुलाई 2025 को उप निरीक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

# ग्राम पंचायत भैरा में हो रहा भ्रष्टाचार

**छतरपुर।** राजनगर जनपद की ग्राम पंचायत भैरा में व्यापक भ्रष्टाचार किए जाने और फर्जी तरीके से कार्य कराए जाने के आरोप सामने आए हैं। पंचायत के पंचों ने शुक्रवार को जनपद कार्यालय राजनगर में शिकायत दर्ज कराते हुए सरपंच और सचिव पर बिना उनकी सहमति के कार्य कराने और राशि का आहरण करने के आरोप लगाए। भैरा निवासी चरनदास कुशवाहा ने बताया कि सरपंच प्यारेलाल आदिवासी और सचिव द्वारा पंचों को कभी ग्राम सभा में नहीं बुलाया गया, न ही किसी कार्य के लिए उनकी सहमति या दस्तखत लिए गए।

**वधु चाहिए**
श्रीवास्तव 9/7/92, 5''-5'', बी.काम., एम.बी.ए. प्रीग्रेड नोयडा में कार्यरत, 6 लाख वार्षिक आय, युवक हेतु सजातीय वधु चाहिए। सभी कायस्थ मान्य। म.प्र. एवं रीवा निवासी को प्राथमिकता।
सम्पर्कः-9644597200, 7389586873, 8602552832
आर.एन. 82690

**लोन**
लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

**प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस**
**छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना (म.प्र.)**
दिनांकः 02/08/2025 को महाविद्यालय द्वारा अध्यापन कार्य एवं महाविद्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरों की मरम्मत व नए कैमरों की स्थापना हेतु विज्ञापन/निविदा जारी किया गया था।
उक्त विज्ञापन में महाविद्यालय की वेबसाइट त्रुटिवश गलत प्रकाशित हो गई थी। महाविद्यालय की सही एवं अधिकृत वेबसाइट इस प्रकार है- https://highereducation.mp.gov.in/?orgid=305

**उत्तर मध्य रेलवे**
**निविदा सूचना सं. T_25-26_NDT-Test/Notice** **दिनांकः 01.08.2025**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
कोच एम.एल.आर. कारखाना, झाँसी, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है।
**निविदा संख्या :** T_25-26_NDT-Test, **कार्य का विवरणः** सीएमएलआर कार्यशाला झांसी में विभिन्न शॉप्स पर नॉन डेसट्रक्टिव (डीपीटी/एमपीटी) कार्य के लिए आउटसोर्सिंग।
**निविदा मूल्यः ₹ 1,59,13,857.60/-** (रूपये एक करोड़ उनसठ लाख तेरह हजार आठ सौ सन्तावन और पैसे साठ मात्र)
**बयाना राशि :** ₹ 2,29,600/- | **निविदा प्रपत्र मूल्य :** ₹ 0/-
**मात्रा :** एक कार्य | **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 24 माह
(1) निविदा दिनांक **30.08.2025** को **11:00** बजे बंद होगी एवं भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। (2) निविदा की संपूर्ण जानकारी के लिये भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर बेवसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। (3) ठेकेदार टेण्डर प्रपत्र को डाउनलोड करने के लिये एवं टेण्डर सूचना संबंधी किसी भी प्रकार के संशोधन/परिशिष्ट (यदि कोई है) हेतु भारतीय रेलवे की ई-टेण्डरिंग की बेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखते रहें। इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी जायेगी और ना ही किसी भी प्रकार का प्रत्राचार किया जायेगा।
1369/25 (MG)
North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**कार्यालय वन संरक्षक सामाजिक वानिकी वृत्त रीवा (म.प्र.)**
जयन्ती कुंज, झिरिया, रीवा
E-Mail-ccfre.rwa@mp.gov.in, Phone- 07662-297493
**वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्माण कार्य अंतर्गत विभिन्न सामग्रियों के क्रय हेतु द्वितीय ई-निविदा सूचना**
समस्त प्रदायकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वनमण्डलाधिकारी सामाजिक वानिकी वृत रीवा के अधीनस्थ इकाई रीवा (रोपणी-रीवा, हर्दीशंकर, बैदहा), सतना (रोपणी-रामटेकरी, मुकुन्दपुर, उमरी, परसवाही), सिंगरौली (रोपणी-निगरी, ओवरी, मोरबा), सीधी (रोपणी-बदरखेड़ा, जोगदहा, टिकरी), चित्रकूट (रोपणी-सरभंगा, गहिरा), शहडोल (रोपणी-धनुपरी, विचारपुर, समधिन), अनूपपुर (रोपणी-सीतापुर, अमरकंटक) एवं उमरिया (रोपणी-मझगवां) के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभागीय रोपणियों में निर्माण कार्य अंतर्गत विभिन्न सामग्रियों के क्रय की आवश्यकता है, उक्त सामग्री का प्रदाय रोपणी स्थल पर किया जाना होगा। उक्त सामग्री के लिए द्वितीय ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इस द्वितीय ई-निविदा के लिए दिनांक 31-7-2025 से आवेदन ऑनलाईन के माध्यम से वेबसाईट https://mptenders.gov.in के द्वारा ही स्वीकार्य किया जावेगा। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 19-8-2025 तक है। निविदा की दिनांक 21-8-25 टेक्निकल बिड खोलने की कार्यवाही की जावेगी एवं 21.8.25 को फाईनेंशियल बिड खोलने की कार्यवाही की जावेगी।
(वनमण्डलाधिकारी द्वारा अनुमोदित)
**सहायक वन संरक्षक**
**सामाजिक वानिकी वृत्त रीवा**
**G-16648/25**

**भारतीय थल सेना**
**JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER**
www.joinindianarmy.nic.in

**अधिकारी प्रविष्टियाँ**
1. निम्नलिखित कोर्सों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-
(क) 123वाँ अल्पकालिक सेवा कमीशन जे.ए.जी. कोर्स अप्रैल 2026 कानून में स्नातक पुरूष अभ्यर्थियों के लिए।
(ख) 123वाँ अल्पकालिक सेवा कमीशन जे.ए.जी. कोर्स अप्रैल 2026 कानून में स्नातक महिला अभ्यर्थियों के लिए।
(ग) 123वाँ अल्पसेवा कमीशन एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स (पुरूष) (युद्ध में हताहत सेना कार्मिकों के आश्रितों सहित) अप्रैल 2026 के लिए।
(घ) 123वाँ अल्पसेवा कमीशन एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स (महिला) (युद्ध में हताहत सेना कार्मिकों के आश्रितों सहित) अप्रैल 2026 के लिए।
2. ऑनलाइन आवेदन निम्नलिखित अवधि तक खुले रहेंगे:-
(क) जे.ए.जी. कोर्स - पुरूष - 04 अगस्त से 03 सितम्बर 2025
(ख) जे.ए.जी. कोर्स - महिला - 05 अगस्त से 04 सितम्बर 2025
(ग) एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स - पुरूष - 11 अगस्त से 10 सितम्बर 2025
(घ) एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स - महिला - 12 अगस्त से 11 सितम्बर 2025

**OFFICER ENTRIES**
1. Applications are invited for the following courses:-
(a) 123rd Short Service Commission JAG Entry Scheme Course (Men) Apr 2026 course for Law Graduates.
(b) 123rd Short Service Commision JAG Entry Scheme Course (Women) Apr 2026 course for Law Graduates
(c) 123rd Short Service Commision NCC Special Entry Scheme Course Apr 2026 for Men (including Wards of Battle Casualties of Army personnel)
(d) 123rd Short Service Commision NCC Special Entry Scheme Course Apr 2026 for Women (including Wards of Battle Casualties of Army personnel)
2. Online applications will open as under:-
(a) JAG Course - Men - 04 Aug to 03 Sep 2025
(b) JAG Course - Women - 05 Aug to 04 Sep 2025
(c) NCC (Special) Course - Men - 11 Aug to 10 Sep 2025
(d) NCC (Special) Course - Women - 12 Aug to 11 Sep 2025

नोट :-
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन और जानकारी के लिए, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।
Note :-
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in.
CBC 10601/11/0045/25 26

# स्मृति प्रेमचंद व्याख्यान एवं सम्मान समारोह संपन्न

## जनकवि रामजीलाल चतुर्वेदी स्मृति पुरस्कार से सम्मानित हुए सत्यम श्रीवास्तव



**जागरण, छतरपुर।** स्थानीय गांधी आश्रम में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद एवं गोस्वामी तुलसी दास की जयंती के अवसर पर स्मृति प्रेमचंद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा दुबे ने की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मुंशी प्रेमचंद, गोस्वामी तुलसीदास एवं जन कवि रामजीलाल चतुर्वेदी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। स्वागत वक्तव्य इकाई की सचिव निदा रहमान ने दिया। तत्पश्चात लखन अहिरवार एवं साथियों ने राजेश जोशी की कविता एवं कबीर का गीत प्रस्तुत किया। देश भर में ख्यात रहे शहर के साहित्यकार रामजी लाल चतुर्वेदी 'नन्ना' की स्मृति में नवोदित साहित्यकार की प्रथम कृति को दिया जाने वाला चौथा जनकवि रामजीलाल चतुर्वेदी स्मृति सम्मान 'स्मृतियां जब हिसाब माँगेंगी' पुस्तक के लिए सत्यम श्रीवास्तव को प्रदान किया गया। यह कथेतर किताब कोरोना की विभीषिका के दौरान लिखे गए चुनिन्दा लेखों का संकलन है, जो उस दौर में देश में जन-जीवन के तमाम पहलुओं पर हुए प्रभावों और सरोकारों पर केन्द्रित है।

इस आयोजन के मुख्य अतिथि सत्यम सत्येंद्र पाण्डेय ने किताब पर एक विवेचनात्मक समीक्षा प्रस्तुत की। सत्यम सत्येंद्र पाण्डेय ने इस किताब और उसके विभिन्न संदर्भों पर विस्तृत टिप्पणी की। उन्होने कहा कि एक प्रगतिशील लेखन वह होता है जो अपने समय के मौजूदा सवालों को कितनी ईमानदारी और साफ़गोई से बयान करता है और यही लेखन आगे जाकर कालजयी होता है। प्रासंगिकता लेखन की कम और उन परिस्थितियों की ज़्यादा होती है जो हम बदल नहीं पाते। आज मुंशी प्रेमचंद इसलिए प्रासंगिक हैं क्योंकि आज भी वैसी ही परिस्थितियाँ बनी हुई हैं। अगर उन्होने दहेज़, छुआछूत या किसानों की दुर्दशा के बारे में लिखा और ठीक वही परिस्थितियाँ आज इकीसवीं सदी में भी बनी हुई हैं तो इसका आशय यह है कि हमने एक समाज के तौर पर और एक आज़ाद देश के तौर पर उन परिस्थितियों को नहीं बदला और इसलिए प्रेमचंद प्रासंगिक हैं। हालांकि उन्होंने अपने समय के मौजूदा सवालों के बारे में लिखा। सत्यम ने अपने उद्बोधन में कहा कि ङ्क यह किताब भी तब तक मौंजू रहेगी जब तक ये परिस्थितियाँ नहीं बदलतीं क्योंकि इस किताब ने अपने समय के सवालों से ईमानदारी से सामना किया है, उन्हें दर्ज़ किया है। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ बहादुर सिंह परमार ने रामजीलाल चतुर्वेदी के महत्वपूर्ण गीतों को रेखांकित करते हुए अपनी बात कही, साथ ही मुंशी प्रेमचंद एवं गोस्वामी तुलसीदास जी के माध्यम से वर्तमान लेखकों को अपने समय से मुठभेड़ करते हुए ईमानदारी से लेखन करने के लिए प्रेरित किया। पुरस्कृत लेखक सत्यम श्रीवास्तव ने इसे सभागार में बैठे सभी लोगों का सम्मान बताया और कहा कि अपने ही शहर में 'नन्ना' की स्मृति में सम्मान ग्रहण करना, किसी भी सम्मान से बड़ा है। सत्यम ने कहा कि -उन्हें इस शहर ने गढ़ा है और अपने समय के सवालों से जूझना सिखाया है। सत्यम ने कोरोना की विभीषिका को याद करते हुए इस किताब को अपनी नागरिक ज़िम्मेदारी बताया। कोरोना के दौरान और उसके बाद देश और समाज ने क्या खोया और हम कितने पीछे गए इसका एक फौरी आंकलन किया और जीवन के हर क्षेत्र मसलन शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आर्थिक विषमता के मुद्दों पर बात की। कोरोना के दौरान सरकारें, प्रशासन और मीडिया की भूमिका पर भी बात करते हुए अपनी किताब के संदर्भ स्पष्ट किए। सत्यम ने इस बात पर ज़ोर दिया कि शताब्दियों में आने वाली इस तरह की महामारियों को इसलिए याद रखे जाने की ज़रूरत है ताकि हम एक समाज, एक राज्य और एक देश के तौर पर ऐसी परिस्थितियों को लेकर खुद को तैयार कर सकें। उन्होंने अपने वक्तव्य में हिन्दी साहित्य सम्मेलन, इप्टा और शंखनाद नाट्य मंच का आभार व्यक्त किया जिनके संयुक्त तत्वाधान में यह आयोजन हुआ। व्याख्यान की श्रृंखला में डॉ पुष्पा दुबे,कवि एवं कथाकार आभा श्रीवास्तव, कथाकार अमिता अरजरिया ने प्रभावी हस्तक्षेप किया। शोधार्थी सत्यम यादव ने प्रेमचंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित कविता सुनाई। अनुष्का श्रीवास्तव ने निदा फ़ाज़ली की ग़ज़ल की संगीतमयी प्रस्तुति दी। कवियत्री संतोष पटेरिया, कवि डॉ. सुरेंद्र सिंहा 'अंजलि' ने गोस्वामी तुलसीदास से संबंधित रचनाएं सुनाईं। कार्यक्रम का सफल संचालन इकाई अध्यक्ष नीरज खरे ने किया। वरिष्ठ रंगकर्मी शिवेंद्र शुक्ला ने नन्ना से जुड़े संस्मरण सुनाते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गांधी स्मारक निधि की सचिव दमयंती पाणि, प्रोफेसर सुमति प्रकाश जैन, राजेश श्रीवास्तव, स्नेहलता, श्याम गौतम,अजय सिंह, उपेंद्र सिंह, शोभा शर्मा, स्मिता जैन, शंकर लाल सोनी, अवनींद्र खरे अंशुमान, अभिदीप सुहाने, प्रांजल पटेरिया, निशांत बाल्मिक, प्रद्युम्न, विकास मिश्रा सहित शहर के साहित्य प्रेमी शोधार्थी एवं छात्र उपस्थित रहे ।

# मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज 2025 ने बढ़ाया पर्यटन के प्रति रुझान

## उत्कृष्ट विद्यालय के छात्रों ने मारी बाजी



**जागरण, छतरपुर ।** मध्यप्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज 2025 का जिला स्तरीय आयोजन छतरपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. प्रजापति ने बताया कि कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत तपस्या परिहार के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय पर्यटन क्विज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, विशेष रूप से छात्रों को राज्य की पर्यटन धरोहरों से परिचित कराना और उनमें जागरूकता उत्पन्न करना था।

इस प्रतियोगिता के लिए जिले से कुल 142 विद्यालयों की टीमों ने पंजीकरण कराया था। क्विज दो चरणों में आयोजित की गई पहला चरण (लिखित परीक्षा) प्रातः 10 से 12 बजे तक संपन्न हुआ, जबकि दूसरा चरण( ऑडियो-विजुअल राउंड) दोपहर 2ः30 बजे से 5ः30 तक उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 छतरपुर में आयोजित किया गया। क्विज प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर श्री कौशल सिंह ने बताया कि जिले में पिछले साल से लगभग दोगुने 142 पंजीयन किए गए, जिसमें से विपरीत मौसम के बावजूद भी 92 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान क्विज मास्टर नीरज खरे द्वारा रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रश्न पूछे गए, जिनमें मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थलों से संबंधित जानकारी शामिल थी। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह से भाग लिया और अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रथम स्थान पर शा. उत्कृष्ट विद्यालय क्रं. 1 छतरपुर की टीम ने बाजी मारी, जो राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रतियोगिता के अंत में शीर्ष तीन विजेता टीमों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं तीन दिन व दो रात का पर्यटन भ्रमण कूपन प्रदान किया गया। वहीं अगली तीन श्रेष्ठ टीमों को मेडल, दो दिन व एक रात का भ्रमण कूपन और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिए गए। पुरस्कार वितरण के दौरान उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एस के शर्मा एवं मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय खजुराहो के सहायक अधीक्षक आर.के. पाठक उपस्थित रहे।क्विज प्रतियोगिता में स्कोरर के रूप में दिलीप पांडे,नईम अहमद शामिल रहे। तकनीकी सहयोग विजय सोनी एवं शरद अग्रवाल ने किया। संपूर्ण व्यवस्था प्रभारी के रूप में एसपी बाजपेई एवं नीरज वाजपेयी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### यह है विजेता टीमे

**प्रथम टीम :** शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.विद्यालय क्रं.1 छतरपुर । शामिल प्रतिभागी- उदेश यादव, राजवीर शर्मा, विपिन शुक्ला। **द्वितीय टीम:** शासकीय कन्या उ.मा.वि. गुलगंज शामिल प्रतिभागी: नम्रता सिंह जादौन, मोह्निी साहू, खुशी असाटी । **तृतीय टीम :** शासकीय उ.मा.वि.झींझन । शामिल प्रतिभागी: नीलेश यादव, मनीष कुशवाहा, बीकेस पाल । चतुर्थ टीम - महर्षि विद्या मंदिर छतरपुर शामिल प्रतिभागी- आरुष अग्निहोत्री, वैशाली पांडे, सर्वेशा यादव । पांचवी टीम : बी ई एच एस नींव एकैडमी छतरपुर । शामिल प्रतिभागी: सानवी पटेल, अरुणिमा अग्रवाल, संचिता निगम
छठवी टीम : शास. मॉडल उ.मा.वि.गौरिहार । शामिल प्रतिभागी: अमित कुमार गुप्ता, सनी यादव, बॉबी पाल

# आबकारी विभाग ने ठाना डिंडोरी शराब मुक्त हो

**जागरण, डिंडोरी ।** जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन व विक्रय की रोकथाम हेतु जिला आबकारी अधिकारी रामहान पचौरी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग एवं राजस्व विभाग कि संयुक्त टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम घानाघाट के संदेही रामकली बाई पति चंद्रसिंह राठौर, उम्र 40 वर्ष, जाति राठौर के रिहायशी मकान का विधिवत पंचांग समक्ष तलाशी लिए जाने पर 16 बोतल हंटर बियर, 14 पाव एम डी रम, 24 पाव गोवा रम, 25 पाव जीनियस रम, 6 केन बियर पावर 10000, 8 बोतल किंगफिशर बियर स्ट्रांग बरामद कर जप्त किया। कार्यवाही में 29.92 बल्क लीटर मदिरा जप्त किया गया। जप्त सामग्री की अनुमानित कुल कीमत 14345 रुपए है।उक्त सभी प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क के तहत पंजीबद्ध किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में आर. पी. मार्को तहसीलदार डिंडोरी, उप निरीक्षक एस. एस. धुर्वे आबकारी उप निरीक्षक, आर. आई., पटवारी तथा आबकारी आरक्षक छेदीलाल झरिया उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय युवा कांग्रेस सचिव बनी मंडला की अवंतिका



**मंडला ।** मंडला के महात्मा गांधी वार्ड निवासी तिवारी परिवार की अवंतिका यूथ कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव घोषित की गई हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी के सी वेणुगोपाल द्वारा जारी की गई लिस्ट में अवंतिका चयनित हुई हैं। वनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में अध्ययन करने वाली अवंतिका ने कांग्रेस की शक्ति योजना में उल्लेखनीय कार्य किया है, जिससे उन्हें युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय सचिव घोषित किया गया। महात्मा गांधी वार्ड रंगरेजघाट निवासी श्रष्धिर तिवारी की बेटी अवंतिका ने मास कम्युनिकेशन में मास्टर डिग्री हासिल की है। उनके चयन पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश तिवारी,विधायक श्री नारायण सिंह पट्टा,विधायक श्री चैन सिंह बरकड़े,पूर्व विधायक डॉ अशोक मर्सकोले,श्री संजीव उईके,युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशु जैन एवं परिजन सुनील,सुधीर तिवारी ने प्रसन्नता जाहिर की है।

# चुटका परियोजना, विकास को लगेंगे पंख

## रोड निर्माण का सर्वे कार्य शुरू



**जागरण, मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार शुक्रवार को एसडीएम निवास श्री सी.एल. वर्मा के नेतृत्व में प्रशासनिक दल मानेगाँव पहुँचकर क्षेत्र का निरीक्षण किया। प्रशासन दल ने ग्राम मानेगाँव के ग्रामीणों को समझाकर सर्वे कार्य के लिए उनकी सहमति प्राप्त कर ली है। इसके साथ ही वर्षों से लंबित इस परियोजना को आगे बढ़ाते हुए प्रशासन ने शुक्रवार को सर्वे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एसडीएम निवास श्री सी.एल. वर्मा ने जनसंवाद में ग्रामीणों से बातचीत की। इस दौरान ग्रामीणों ने भूमि अधिग्रहण और मुआवजे से संबंधित अपनी चिंताएँ और समस्याएँ सामने रखीं। प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी शंकाओं का समाधान किया और आश्वासन दिया। प्रशासन के इस भरोसे के बाद ग्रामीणों ने रोड निर्माण के लिए अपनी सहमति दे दी, जिसके चलते सर्वे कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।एसडीएम श्री वर्मा ने बताया कि सर्वे पूरा होने के बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। यह पहुँच मार्ग चुटका परियोजना के लिए तो आवश्यक है साथ ही यह स्थानीय ग्रामीणों के लिए भी आवागमन और संपर्क की सुविधा को बेहतर बनाएगा। इस रोड के निर्माण से न केवल परियोजना का काम आसान होगा, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी।निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री वर्मा के साथ एसडीओपी पी.एस. वालरे, टीआई नारायणगंज श्री घासले, पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर श्री विशाल उइके, आरआई गणेश सिंगौर और अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# एसएससी परीक्षा में अनियमितताओं के खिलाफ शिक्षकों और छात्रों में आक्रोश

**छतरपुर ।** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की परीक्षा प्रक्रिया में अनियमितताओं और दिल्ली में प्रदर्शनकारी शिक्षकों पर कथित अत्याचार के विरोध में शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर शिक्षकों और छात्रों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पन्ना रोड से रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और नारेबाजी की। एक शिक्षण संस्थान के संचालक हरिश्चंद्र प्रजापति ने बताया कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर बीते रोज शिक्षकों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने बर्बर व्यवहार किया। एसएससी की उच्च स्तरीय भर्ती परीक्षाओं में ठेका कंपनियों द्वारा सिलेबस से बाहर के प्रश्न पूछे जा रहे हैं, जैसे डीजे वाले बाबू गाना किस रैपर ने गाया या लंदन ठुमकता गीत की गायिका कौन है। उन्होंने सवाल उठाया कि छात्र पढ़ाई करें या गाने सुनें? प्रदर्शनकारी शिक्षकों को 10-10 घंटे हिरासत में रखा गया, पीटा गया, और बस में घुमाया गया। महिला शिक्षकों को बाथरूम तक नहीं जाने दिया गया और पुरुष कॉन्स्टेबल द्वारा उनकी गिरफ्तारी की गई, जो संवैधानिक नियमों का उल्लंघन है। एसएससी छात्रा ज्योति यादव ने कहा कि प्रदर्शनकारियों के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया, उन्हें बिना जानकारी के हिरासत में रखा गया।

# जिले में वाहनों की सघन चेकिंग, यातायात नियमों के उल्लंघन पर 4500 की चालानी कार्यवाही



**जागरण, डिंडोरी ।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशानुसार जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु जिला परिवहन विभाग द्वारा वाहनों की सघन चेकिंग की गई। यह कार्यवाही 30 जुलाई को जबलपुर रोड स्थित शाहपुर डिपो के पास तथा अन्य प्रमुख स्थलों पर की गई।चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए गए वाहन चालकों पर कुल ?4500 की चालानी कार्यवाई कर राजस्व वसूला गया। इस दौरान जिला परिवहन अधिकारी श्री सुरेन्द्र सिंह गौतम सहित परिवहन विभाग का अन्य अमला भी उपस्थित रहा। परिवहन विभाग द्वारा यह अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा नागरिकों से अपेक्षा की गई है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें।

# सोमवार को नर्मदेश्वर कांवड़ यात्रा

**मण्डला।** सोमवार को महिष्मति घाट मंडला से विशाल कांवड़ यात्रा प्रातः 8 बजे आरंभ होगी। नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट महिष्मति घाट मंडला के द्वारा आयोजित कांवड़ यात्रा में बैंड बाजे के साथ भगवान भोले नाथ की शिवलिंग भी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। महिष्मति नर्मदेश्वर कांवड़ यात्रा का आयोजन पहली बार किया जा रहा है। इस आयोजन की सम्पूर्ण तैयारी की जा चुकी है। कांवड़ यात्रा महिष्मति घाट से आरंभ होगी जो नेहरू स्मारक, स्टैंट बैंक चौराहा, तहसील, बड़ चौराहा, उदय चौंक, बुधवारी होते किले घाट पहुंचेगी जहां पर व्यास नारायण मंदिर में पूजन पाठ के साथ प्रसादी वितरण की जाएगी। इस भव्य आयोजन में धर्मप्रेमियों के उपस्थित होने अपील की गई है।

# जेफार्म सर्विस ऐप बना कृषकों के लिए वरदान डिंडौरी में आयोजित हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम



**जागरण, डिंडोरी।** आधुनिक तकनीक और डिजिटल माध्यमों के ज़रिए कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने के उद्देश्य से जेफार्म सर्विस ऐप किसानों के लिए एक उपयोगी प्लेटफॉर्म के रूप में सामने आया है। किसानों को कृषि उपकरण एवं यंत्र किराये पर उपलब्ध कराने हेतु इस ऐप का प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केंद्र, डिंडोरी में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में जिले के समस्त यंत्र डीलर, निजी कस्टम हायरिंग सेंटर संचालक, कृषि उत्पादक संगठन (FPO) और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नरवाई/परली प्रबंधन में हैप्पी सीडर यंत्र के उपयोग और जेफार्म ऐप पर अधिक से अधिक किसानों को पंजीकृत करने की दिशा में विस्तृत जानकारी दी गई। जेफार्म सर्विस ऐप (JFarm Services App) किसानों को उनके क्षेत्र में उपलब्ध कृषि यंत्रों जैसे ङ्क ट्रैक्टर, ट्रॉली, रोटावेटर, बुवाई मशीन, स्प्रेयर आदि को ऑनलाइन किराये पर बुक करने की सुविधा प्रदान करता है। ऐप पर यंत्रों की उपलब्धता, दूरी, दर एवं यंत्र प्रदाता का संपर्क क्रमांक आदि की जानकारी उपलब्ध रहती है। यह ऐप Google Play Store पर उपलब्ध है और पंजीयन की प्रक्रिया सरल है।प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि कैसे यह ऐप किसानों की खेती को समय पर, सुलभ और कम लागत में संभव बना सकता है। साथ ही, परली प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए ई-कृषि यंत्र पोर्टल के माध्यम से हैप्पी सीडर हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के माध्यम से कस्टम हायरिंग सेंटर्स एवं कृषि उत्पादक संगठनों को प्रेरित किया गया कि वे हैप्पी सीडर जैसे आधुनिक यंत्रों का अधिक से अधिक उपयोग कर किसानों को लाभान्वित करें।

# वन नेशन, वन इलेक्शन विषय पर जिला स्तरीय विचार गोष्ठी का आयोजन

**मण्डला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार, दिनांक 03 अगस्त 2025, रविवार को प्रातः 10ः30 बजे जिला भाजपा कार्यालय मंडला में वन नेशन, वन इलेक्शन विषय पर एक विशेष बैठक का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम प्रभारी नीरज मरकाम ने बताया कि वन नेशन वन इलेक्शन इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मंडला लोकसभा सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते तथा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहकर इस गंभीर एवं समकालीन विषय पर विशेष संबोधन और मार्गदर्शन देंगे। इस अवसर पर जिले के सभी सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक, व्यापारी बंधु, शिक्षाविद्, अधिवक्ता वर्ग आमंत्रित किए गए हैं, ताकि विषय पर समग्र दृष्टिकोण से संवाद स्थापित किया जा सके। भाजपा ने जिले के समस्त जिम्मेदार नागरिकों से अपील की है कि वे इस बैठक में समय पर पहुँच कर वन नेशन, वन इलेक्शन जैसे दूरदर्शी विषय पर चर्चा में भाग लें और अपने विचार साझा करें।

# अन्नदाता किसान के जीवन में बदलाव लाने प्रतिबद्ध सरकार : सांसद



**जागरण, मंडला।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के जीवन में बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। किसानों की आय दुगुनी करने और खेती की लागत को कम करने के लिए केन्द्र सरकार ने किसान बंधुओं को सम्मान निधि देने का फैसला किया है। यह बात मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने जिला योजना भवन में आयोजित प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को सम्मान राशि की 20वीं किश्त जारी करने के कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, प्रफुल्ल मिश्रा, जयदत्त झा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, उपसंचालक कृषि अश्विनी झारिया, एसडीएम मंडला सोनल सिडाम सहित कृषि विभाग का अमला और बड़ी संख्या में कृषकबंधु मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना की शुरूआत की। केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को एक वर्ष में 02-02 हजार रुपये की तीन किश्तों में प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा 06 हजार रुपये की राशि किसानों को प्रदान की जाती है। इस प्रकार किसानों को एक वर्ष में 12 हजार रुपये की राशि प्राप्त हो रही है। अब किसानों को मिलने वाली इस राशि से कृषि आवश्यकताओं की पूर्ति जैसे खाद, बीज, उर्वरक आदि खरीदने में सहूलियत मिली है। सरकार की मंशा है कि कृषि उत्पादन क्षेत्र में वृद्धि हो, फसलें लहलहाएं और किसानों के चेहरे पर मुस्कान आए। उन्होंने कहा कि खेती की लागत कम करने और किसानों को उनकी फसल का उचित दाम मिले इसके लिए सरकार पूरी ताकत से काम कर रही है। विविध किसान कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। किसानों को समुचित सुविधाएं देने के प्रयास जारी है। आज जिले के एक लाख 56 हजार 713 किसानों को लगभग 31 करोड़ रूपए की राशि हस्तानांतरित की गई है। आधुनिक कृषि यंत्र सिंचाई, कृषि की उन्नत तकनीक, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में प्रयास किए गए हैं। इसके अलावा तकनीकी मार्गदर्शन और सलाह कृषि वैज्ञानिकों द्वारा दी जा रही है। इन सभी प्रयासों से किसानों के समृद्धि के द्वार निश्चित रूप से खुलेंगे। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की चर्चा करते हुए सांसद श्री कुलस्ते ने सभी से आग्रह स्वरूप कहा कि इस अभियान को शासकीय कार्यक्रम नहीं मानें।

# मनचले युवक ने दो बहनों से छेड़छाड़ की तो हुई पिटाई

**छतरपुर।** बीती शाम कोतवाली थाना क्षेत्र में एक मनचले युवक ने जब दो बहनों के साथ छेड़छाड़ की तो दोनों ने मिलकर उसे पीट दिया। इतना ही नहीं लड़कियों ने मारपीट करने के बाद युवक को मुर्गा भी बनाया। बाद में पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरु की है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के पीएनबी बैंक के पास की बताई गई है, जहां मुहम्मद रफी नाम के युवक ने दो सगी बहनों के साथ छेड़छाड़ की। पीड़ित बहनों ने बताया कि रफी कई महीनों से उन्हें परेशान कर रहा था और पहले भी उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी थी। बीते रोज जब रफी ने फिर से उन्हें छेड़ा तो, उन्होंने विरोधस्वरूप रफी को पहले मुर्गा बनाया और चप्पलों से उसकी पिटाई की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद आरोपी को कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर जांच शुरू की है।

# 39 वाहनों की चैकिंग, 17 वाहनों पर कार्रवाई



**जागरण, मंडला ।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के आदेशानुसार परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस मण्डला द्वारा संयुक्त रूप से शुक्रवार को मण्डला-जबलपुर मार्ग पर वाहनों की सघन जांच की गई। चैकिंग के दौरान 39 वाहनों की जांच की गई, जिसमें यात्रियों से अधिक किराया लेने, फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, अग्निशमन यंत्र, फर्स्टएड बॉक्स, ओव्हरलोडिंग, हेलमेट, सीटबेल्ट एवं ब्रेथ एनालाइजर द्वारा वाहन चालकों की जांच की गई। चैकिंग के दौरान 17 वाहनों पर मोटरयान अधिनियम 1988 की विभिन्न प्रावधानों के तहत 15000 रूपये का समन शुल्क जमा कराया गया। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में चिकित्सकीय सहायता दिलाये जाने हेतु राह-वीर योजना क्रियान्वित की गई है। योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति को इलाज हेतु अस्पताल ले जाने वाले नागरिक को 25000 रूपये एवं सर्टीफिकेट से प्रोत्साहित करने संबंधी प्रावधान किया गया है। इस संबंध में जन-जागरूकता हेतु वाहनों पर राह-वीर योजना संबंधी पोस्टर चस्पा किये गये। साथ ही यात्री बसों में किराया सूची चस्पा की गई एवं वाहन चालक एवं परिचालकों को निर्देशित किया गया कि यात्रियों का किराया सूची के अनुसार ही लें। अधिक किराया लेने या अन्य शिकायतें प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु सचेत भी किया गया। चैकिंग अभियान में जिला परिवहन अधिकारी बिमलेश कुमार गुप्ता, यातायात उपनिरीक्षक श्री योगेश राजपूत एवं परिवहन कार्यालय व थाना यातायात का स्टॉफ उपस्थित रहा।

# मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना से कोई भी अनाथ बच्चा वंचित ना रहे : कलेक्टर

**छतरपुर ।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में महिला बाल विकास के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, डीपीओ महिला बाल विकास विभाग दिनेश दीक्षित सहित सीडीपीओ एवं महिला सुपरवाइजर उपस्थित रहीं। बैठक में कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग के प्रमुख बिंदुओं जिनमें पोषण ट्रेकर पर स्थिति, एनआरसी, नवीन आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण की प्रगति, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना(पीएमएमवीवाय), लाडली लक्ष्मी योजना (एलएलवाय), मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना आदि बिंदुओं पर समीक्षा की। कलेक्टर श्री जैसवाल ने पोषण ट्रेकर पर दर्ज फेस कैप्चरिंग, ई केवाईसी एवं आधार फेस मैचिंग बढ़ाने के निर्देश सभी सीडीपीओ को दिए और राजनगर में कम फेस कैप्चरिंग होने पर लिखित में स्पष्टीकरण के लिए भी निर्देशित किया।

# डॉक्टर पति की हत्या में प्रोफेसर पत्नी की उम्रकैद बरकरार

## वैज्ञानिक दलीलें नाकाम हाईकोर्ट ने दी तुरंत सरेंडर करने की हिदायत

**जागरण, छतरपुर ।** शहर के बहुचर्चित हत्याकांड में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने महिला प्रोफेसर की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है। उन पर अपने डॉक्टर पति को नींद की गोलियां देकर करंट से मारने का आरोप था। कोर्ट में वैज्ञानिक दलीलों के बावजूद उनकी अपील खारिज कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 29 अप्रैल 2021 को छतरपुर के लोकनाथपुरम कॉलोनी में रिटायर्ड डॉ. नीरज पाठक की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हुई थी। उनकी पत्नी प्रोफेसर ममता पाठक ने दावा किया था कि वह अपने बेटे के साथ झांसी गई थीं और लौटने पर पति मृत मिले, लेकिन पुलिस जांच के बाद यह दावा किया गया कि प्रोफेसर ममता ने ही अपने पति को पहले नींद की गोलियां दीं और फिर करंट लगाकर हत्या की। उनके ड्राइवर के बयान, डॉ. नीरज पाठक की ऑडियो क्लिप में प्रताडऩा का जिक्र और ममता की पुरानी शिकायत ने मामले को मजबूत किया। 2022 में सेशन कोर्ट ने प्रो. ममता पाठक को उम्रकैद की सजा सुनाई थी जिसे ममता ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। प्रो. ममता पाठक ने पोस्टमॉर्टम में थर्मल और इलेक्ट्रिक बर्न के अंतर की कमी गिनाई, लेकिन कोर्ट ने परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर 29 जुलाई 2025 को जबलपुर हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल और देवनारायण मिश्रा की खंडपीठ ने छतरपुर की केमिस्ट्री प्रोफेसर ममता पाठक की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है, साथ ही तुरंत ट्रायल कोर्ट में सरेंडर करने का आदेश दिया।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# भारत विरोधी सनक से अमेरिका को ही नुकसान

> अब तो साफ हो गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारतीय मेधा व भारत की तरक्की को अपने लिए खतरे के रूप में देख रहे हैं। दूसरे कार्यकाल में आये दिन भारत के खिलाफ उनके बयान दरअसल अमेरिका के असुरक्षाबोध को ही दर्शाते हैं।

डोनाल्ड ट्रंप ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक टकराव को खत्म करवाने के जिस तरह के शेख चिल्ली दावे करते रहते हैं, वह उनका एक अपरिपक्व व अनुभवहीन राजनेता होना ही दर्शाते हैं। 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के उनके थोथे दावों के बीच उन्होंने भारतीय आईटी प्रतिभाओं को दरकिनार करने की बात कही है। उनके तंग नजरिये से साफ हो गया है कि वे भारतीय प्रतिभाओं के उफान को अपने लिए एक चुनौती के रूप में देख रहे हैं। यह साफ है कि उनका लगातार बढ़ता प्रवासी विरोध आखिरकार अमेरिका को ही नुकसान पहुंचाएगा। एक बात तो तय है कि भारत लगातार ट्रंप के निशाने पर है। वे लगातार कहते रहे हैं कि अमेरिकी कंपनियां केवल अमेरिकियों को ही नौकरी दें। यह भी कहते रहे हैं कि अमेरिकी टेक कंपनियों ने अपने फायदे के लिए चीन में फैक्ट्रियां लगाकर उसे समृद्ध किया। इन कंपनियों द्वारा भारतीयों को अवसर देना उन्हें रास नहीं आ रहा है। यही वजह है कि पिछले दिनों उन्होंने एप्पल को चेतावनी दी थी कि यदि उसने भारत में आईफोन का उत्पादन किया तो सजा के तौर पर उस पर पच्चीस फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा। यह विडंबना ही है कि जिस वैश्वीकरण व उदारीकरण के नाम पर अमेरिका ने अपार संपदा जुटाई, उससे दूसरे देशों को फायदा पहुंचना उसे नागवार गुजर रहा है। यह कैसे संभव है कि हर सामान का उत्पादन अमेरिका में ही हो और उस कंपनी में सिर्फ अमेरिकी ही कर्मचारी हों। निस्संदेह, प्रतिभा व कार्यकुशलता किसी एक देश का कॉपी राइट नहीं हो सकता। मौजूदा दौर की वैश्विक अर्थव्यवस्था में मुक्त व्यापार के दौर में कोई देश अपनी अर्थव्यवस्था के दरवाजे दूसरों के लिये बंद करके समृद्ध नहीं हो सकता है। ट्रंप को यह नहीं भूलना चाहिए कि आईटी के क्षेत्र व सिलिकॉन वैली में यदि समृद्धि की बयार बह रही है, उसमें भारतीयों का बड़ा योगदान है। निश्चित रूप से भारतीय टेक विशेषज्ञ अमेरिका आर्थिकी को गति देने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। ऐसे में ट्रंप की यह चेतावनी कि महत्वपूर्ण आईटी कंपनियां व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भारतीयों को महत्व न दें, उनकी संकुचित व प्रतिगामी सोच का ही पर्याय है। यह रोचक तथ्य है कि अमेरिकी आबादी का डेढ़ प्रतिशत होने के बावजूद भारतीय प्रवासी छह फीसदी आयकर देते हैं। जो उनके अमेरिकी अर्थव्यवस्था में योगदान को ही दर्शाता है। ट्रंप को आत्म-मंथन करना चाहिए कि अमेरिका का खजाना भर रहे कई सॉफ्टवेयर तैयार करने में तमाम भारतीय इंजीनियरों का योगदान रहा है। ट्रंप को समय रहते समझ लेना चाहिए कि कथित रूप से अमेरिका को फिर से महान बनाने का नारा भारतीय प्रतिभाओं के योगदान के बिना सिर्फ जुमला बनकर रह जाएगा।

अमेरिका के पास गोरे लोगों की वह श्रम शक्ति नहीं है जो उसे दुनिया पर राज करने का मौका दिला सके। इस बात को ट्रंप जितनी जल्दी समझ जाएं, वो अमेरिका के हित में ही होगा।

# अमेरिका-पाकिस्तान के संबंधों में अचानक आई गर्मजोशी

अंतर्राष्ट्रीय संबंध

शशांक, पूर्व विदेश सचिव



> भारत पर सीमा शुल्क व जुर्माना लगाने संबंधी घोषणा के चंद घंटों के बाद ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ एक तेल समझौते पर सहमति का एलान किया। यह संकेत है कि भारत की तुलना में पाकिस्तान के साथ अमेरिका अपना कारोबारी हित ज्यादा देख रहा है। बीती कुछ घटनाएं भी प्रमाण हैं कि अमेरिका और पाकिस्तान में अचानक संबंधों में गर्मजोशी आई है।

भारत पर सीमा शुल्क व जुर्माना लगाने संबंधी घोषणा के चंद घंटों के बाद ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि पाकिस्तान के विशाल तेल भंडार को विकसित करने में दोनों देश अब मिलकर काम करेंगे। यह संकेत है कि भारत की तुलना में पाकिस्तान के साथ अमेरिका अपना कारोबारी हित ज्यादा देख रहा है। बीती कुछ घटनाओं से भी इसकी तस्दीक होती है कि अमेरिका और पाकिस्तान में कुछ वर्षों के ठहराव के बाद अचानक संबंधों में गर्मजोशी आई है। फिर चाहे, विदेशी सहायता रोके जाने के एलान के बावजूद एफ-16 विमान के प्रबंधन के लिए अपने खजाने से 39.7 करोड़ डॉलर की मदद देने की बात हो, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से 2.4 अरब डॉलर की इमदाद दिलाने की बात हो, पाकिस्तान के फील्ड मार्शल असीम मुनीर को व्हाइट हाउस में दावत पर बुलाना हो या फिर सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता सौंपने की बात हो- ऐसा लग रहा है कि अमेरिका इन दिनों पाकिस्तान के प्रति अधिक उदारता दिखा रहा है। पर सवाल है कि आखिर क्यों?

दरअसल, पाकिस्तान की यह कूटनीति रही है कि वह हमेशा बड़ी ताकतों के साथ गलबहियां करता रहे। कभी सोवियत संघ, कभी चीन, कभी ईरान, तो कभी अमेरिका- इसीलिए बड़ी ताकतें उसमें अपने हित देखती रही हैं। भारत ने कभी अमेरिकी हुक्मरानों के आगे बिछने की मानसिकता नहीं पाली। यही कारण है कि शुरुआती दिनों में भारत की तुलना में पाकिस्तान को तवज्जो देने से अमेरिका हिचका नहीं। 2004 में ही जब तत्कालीन विदेश मंत्री कॉलिन पॉवेल भारत आए और 'स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' की ओर बढ़ने की इच्छा जताई, तो वापस लौटते वक्त वह पाकिस्तान भी गए और उसे 'प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी देश' का दर्जा दे आए।

हालांकि, अमेरिका को लेकर पाकिस्तान एहसानमंद भी रहा है, जिसकी एक बड़ी वजह 1971 का भारत-पाक युद्ध है। उस युद्ध में पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी थी और उसे मदद के लिए अमेरिका को बुलाना पड़ा था। इस्लामाबाद मानता है कि हजारों युद्धबंदियों को यदि भारत ने बिना कोई रणनीतिक फायदा उठाए वापस कर दिया, तो इसके पीछे अमेरिकी 'दबाव' काम कर रहा था। वैसे, बीच-बीच में अमेरिका के खिलाफ भावनाएं भी वहां दिखी हैं, जैसे- सोवियत संघ (अब रूस) के बंटवारे और अफगान युद्ध में अमेरिका की कथित बढ़त में पाकिस्तान वाशिंगटन से अधिक इस्लामाबाद की भूमिका देखता है। अपने पहले कार्यकाल में भी राष्ट्रपति ट्रंप ने जब यह आरोप लगाते हुए पाकिस्तान को दिए जाने वाले करीब 30 करोड़ डॉलर की आर्थिक मदद रोक दी थी कि इससे अमेरिका को कोई फायदा नहीं मिल सका है, तब भी पाकिस्तान के अंदर अमेरिका के खिलाफ नाराजगी दिखी थी। इन सबसे हमने मान लिया था कि अमेरिकी नीति अब हमारे पड़ोसी देश को शह देने की नहीं है, लेकिन असलियत में ऐसा नहीं था।

हमें पाकिस्तान के उद्भव को भी ध्यान में रखना चाहिए, क्योंकि अमेरिका, ब्रिटेन और पश्चिमी ताकतों ने एशिया महाद्वीप में कथित संतुलन बनाने के लिए भारत के समक्ष पाकिस्तान को खड़ा किया था। यही कारण है कि जल्द ही लियाकत अली, जिन्ना वहां से बाहर कर दिए गए और सेना ने सत्ता की कमान संभाल ली। बाद में पाकिस्तान की दोस्ती भले चीन के साथ रही हो या ईरान के साथ या फिर अन्य इस्लामी देशों के साथ, लेकिन वह पश्चिम को यह समझाने में सफल रहा है कि वह उन्हीं के साथ है। इसका फायदा भी उसे खूब मिला। आर्थिक मदद के अलावा उसे सैन्य प्रशिक्षण भी अमेरिका मुहैया कराता रहा है। अमेरिकी सेना की केंद्रीय कमान सेंटकॉम के मुख्यालय फ्लोरिडा में पाक फौज के वरिष्ठ अधिकारी लगातार प्रशिक्षण लेते रहे हैं। यही नहीं, पाकिस्तानी रसूखदारों की संपत्ति अमेरिका और ब्रिटेन में भी खूब मिलती है।

भारत इन सबसे दूर रहा है। 2007 में बेशक 'क्वाड' (ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका का समूह) का गठन किया गया और हमने अमेरिका के साथ अपने स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप भी विकसित किए, लेकिन हमारी प्राथमिकता अपने हितों पर जोर देने की रही है। फिर, नई दिल्ली और मास्को की दोस्ती को लेकर भी अमेरिका को आपत्ति रही है। हालांकि, 2020 की गलवान झड़प के बाद संभवतः अमेरिका ने यह भ्रम पाल लिया था कि भारत और रूस की दोस्ती टूट सकती है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वाशिंगटन और नई दिल्ली इसलिए भी बहुत नजदीक नहीं आ सकते, क्योंकि भारत का राजनीतिक माहौल इसकी अनुमति नहीं देता।

इतना ही नहीं, अमेरिका के साथ करीबी रिश्तों के अपने खतरे हैं। अगर उसके हित पूरे नहीं होते, तो उसका व्यवहार काफी आक्रामक हो जाता है। ऐसा हमने पाकिस्तान में देखा, जब इमरान खान को सत्ता से हटाकर जेल भिजवा दिया गया और असीम मुनीर की पदोन्नति की गई। बांग्लादेश में शेख हसीना के हश्र से हम सभी वाकिफ हैं। म्यांमार में उसकी दखलंदाजी के बाद तनाव बढ़ा है। हम उसकी इस रणनीति को समझते हैं, इसलिए चीन के खिलाफ अमेरिका का हथियार नहीं बन पाते। पाकिस्तान के साथ ऐसी कोई शर्त नहीं है।

हालांकि, अभी पाकिस्तान पर अमेरिकी मेहरबानी के पीछे एक बड़ी वजह 'ब्रिक्स' है। रूस इस समूह का महत्वपूर्ण देश है और वह भारत-चीन रिश्तों का हिमायती भी है। यही नहीं, ब्रिक्स में 'डी-डॉलराइजेशन' (डॉलर को व्यापारिक मुद्रा न मानना) की फुसफुसाहट भी शुरू हो गई है। हालांकि, भारत इसका पक्षधर नहीं है और अपनी राष्ट्रीय मुद्रा के इस्तेमाल के खिलाफ भी नहीं है, लेकिन हम फिलहाल डी-डॉलराइजेशन का समर्थन नहीं कर रहे। मगर चूंकि भारत इस समूह का हिस्सा है और रूस से भी जुड़ा है, इसलिए अमेरिका दबाव डालने की रणनीति अपना रहा है। वह बखूबी जानता है कि चीन और रूस को छोड़कर हम नाटो या अमेरिका के साथ नहीं जा सकते।

ऐसे में, अब हमें क्या करना चाहिए? भारत चूंकि गुटनिरपेक्षता का हिमायती रहा है, तो जाहिर है, हम ऐसा कोई कूटनीतिक कदम नहीं उठा सकते, जो किसी खास महाशक्ति को संतुष्ट करे। लिहाजा, अमेरिका के साथ जिस तरह के हमारे द्विपक्षीय या बहुपक्षीय रिश्ते हैं, वे कमोबेश अपनी गति से जारी रहेंगे। हां, पाकिस्तान की अमेरिका से बढ़ती नजदीकी के बाद हमें अपनी कूटनीति से सिर्फ यह सुनिश्चित करना होगा कि वह हमारे यहां कोई अस्थिरता न फैला सके। हमें पाकिस्तान पर पूरी निगाह बनाकर रखनी होगी।

# आईटीआर में कौन-कौन सी आय को दिखाना है जरूरी?

आयकर रिटर्न

बलवंत जैन




> आईटीआर दाखिल करते समय यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आपकी सभी आय को सही ढंग से दर्ज किया जाए। हम अक्सर कानून की अनभिज्ञता या लापरवाही के कारण अपनी आयकर रिटर्न में कुछ आय को शामिल नही करते हैं। लेकिन ये आपके लिए परेशानी हो सकती है।

आईटीआर दाखिल करते समय यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आपकी सभी आय को सही ढंग से दर्ज किया जाए। टैक्स एक्सपर्ट के मुताबिक ऐसी कई आय हैं, जिन्हें आईटीआर में शामिल करना आवश्यक है, लेकिन जो अक्सर दर्ज नहीं की जातीं हैं। आईटीआर दाखिल करते समय, वेतनभोगी लोग सामान्यतः केवल अपनी वेतन की आय को ही दिखाते हैं या अपने चार्टर्ड अकाउंटेंट को फॉर्म नंबर 16 देते हैं, यह मानते हुए कि बचत खाते पर ब्याज पूरी तरह से करमुक्त है और फिक्स्ड डिपोजिट पर ब्याज पर पहले ही टैक्स काट लिया गया है, इसलिए इसे फिर से आईटीआर में शामिल करने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि बचत खाते पर ब्याज धारा 80टीटीए/80टीटीबी के तहत कर कटौती के लिए पात्र है, फिर भी यदि बचत खाते पर ब्याज की राशि उपलब्ध कटौती की राशि से कम है, तो भी आपको पहले इसे अपनी आय में शामिल करना होगा और फिर धारा 80टीटीए/80टीटीबी के तहत कटौती का दावा करना होगा। आपके बचत खाते में वर्ष के दौरान जमा किए गए ब्याज का विवरण अब आपके एआईएस में उपलब्ध है। कृपया ध्यान दें कि यदि आप नई कर व्यवस्था चुन रहे हैं, तो बचत खाते पर ब्याज के लिए कोई कर कटौती नही मिलती है और बचत खाते का पूरा ब्याज आपके हाथों में कर योग्य है। इसी तरह, हालांकि बैंक फिक्सड डिपोजिट पर ब्याज पर टैक्स काट लेते हैं, लेकिन टीडीएस दर और आप पर लागू होने वाली टैक्स की स्लैब दर भिन्न हो सकती है। आपको इस ब्याज को अपनी आय में शामिल करना होगा और शेष टैक्स का भुगतान करना होगा या अगर टैक्स ज्यादा काटा गया है तो रिफंड का दावा करना होगा। उदाहरण के लिए, भले ही टैक्स 10 फीसद की दर से काटा गया हो, लेकिन आपके लिए लागू स्लैब दर इससे कम या अधिक हो सकती है। इसके बीच के अंतर के टैक्स दायित्व का भुगतान करना आपकी जिम्मेदारी है। यहां तक कि यदि आप रिफंड के हकदार हैं, तब भी आपको फिक्सड डिपोजिट के ब्याज को अपनी आय में शामिल करना होगा। अगर आप ब्याज की आय के लिए प्राप्ति आधार (रिसीप्ट बेसिस) का पालन कर रहे हैं तो जो डिपोजिट मेच्युरीटी पर रिन्यु हो गए हैं और इस तरह फिक्स डिपोजिट की मेच्युरीटी राशि आपके बैंक खाते में नहीं दिखती, आप ऐसी रीन्यु की गयी फिक्स डिपोजिट पर ब्याज को अपनी आयकर रिटर्न में शामिल करना भूल सकते हैं, जो सही नहीं है। यदि आप ब्याज आय को टैक्स के लिए अर्जन आधार पर ऑफर कर रहे हैं तो आपको पिछले वर्षों में खरीदे गए एनएससी पर अर्जित आय के साथ-साथ लंबी अवधि की फिक्स डिपोजिट पर एक्रुड ब्याज को भी अपने आईटीआर में शामिल करना चाहिए ।

**वर्ष के दौरान स्विचिंग से केपिटल गैन** : एक ही फंड हाउस की एक योजना से दूसरी योजना में यूनिट का स्विचिंग, कर कानूनों के अनुसार हस्तांतरण माना जाता है। एक ही फंड हाउस की योजनाओं के बीच इस तरह का स्विचिंग आपके बैंक स्टेटमेंट में नहीं दिखता हैं और इसलिए इस तरह के स्विचिंग से होने वाला कोई लाभ या हानि आईटीआर में दर्ज होने से रह सकता हैं। स्विचिंग किसी योजना के खराब प्रदर्शन या सिस्टमैटिक ट्रांसफर प्लान (एसटीपी) के कारण हो सकता है। इकाइयों के स्विचिंग पर होने वाला लाभ/हानि अल्पकालिक या दीर्घकालिक हो सकता है, जिसमें अलग-अलग कर दरें लागू होती हैं। डेट फंड और इक्विटी ओरिएंटेड फंड के लिए कर व्यवस्था भी अलग है। ऐसी स्विचिंग लेनदेन पर लाभ/हानि को सही तरीके से दिखाएं। कृपया अपने म्यूचुअल फंड के लेनदेन का विवरण एआईएस के साथ सत्यापित करें और यदि कोई विसंगति हो तो संशोधन के लिए आयकर विभाग को लिखें। आप वर्ष के दौरान अर्जित केपिटल गैन का विवरण फंड हाउस या उनके रजिस्ट्रार से प्राप्त कर सकते हैं।

### नाबालिग बच्चे की आय

आपके नाबालिग बच्चे द्वारा अर्जित सभी निष्क्रिय आय को उस माता-पिता, जिसकी आय अधिक है, की आय के साथ मिलाना आवश्यक है। प्रति बच्चे प्रति वर्ष 1500 रुपए तक की आय करमुक्त है, इसलिए प्रत्येक नाबालिग बच्चे के लिए 1500 रुपए से अधिक की राशि को अपनी आय के साथ मिलाना होगा। कृपया ध्यान दें कि नाबालिग द्वारा अपनी स्वयं की कौशल या प्रयासों से प्राप्त आय को इस तरह शामिल करने की आवश्यकता नहीं है और यह बच्चे के हाथों में कर योग्य होती है।

### यदि आप व्यवसाय कर रहे हैं तो प्राप्त उपहार या अन्य लाभ

यह व्यवसाय को बढ़ावा देने का युग है, जिसमें न केवल ग्राहकों को बल्कि व्यवसायिक भागीदारों को भी छूट और उपहार दिए जाते हैं। आप में से कुछ को अपने व्यवसायिक सहयोगियों से मूल्यवान उपहार प्राप्त हुए होंगे। आप में से कुछ ने उनके द्वारा प्रायोजित विदेशी यात्राओं का भी आनंद लिया होगा। ऐसे आइटम कर योग्य हैं, लेकिन आपके खातों में नहीं दिखते, इसलिए ये दर्ज नहीं होते हैं। कृपया ऐसे लाभ की राशी अपने आईटीआर मे दिखाएं।

प्रसंगवश

# कर्मचारियों की छंटनी, आईटी में आसन्न संकट की आहट

> देश की प्रतिष्ठित मानी जाने वाली टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज यानी टीसीएस द्वारा बारह हजार से अधिक कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा एक परेशान करने वाला घटनाक्रम है। निस्संदेह, छंटनी का यह फैसला आईटी क्षेत्र में आसन्न संकट की आहट को ही दर्शाता है।

पिछले कुछ वर्षों में भारत में बड़े पैमाने पर होने वाले तकनीकी परिवर्तनों के प्रति खासा उत्साह देखा गया है। देश में सामाजिक व आर्थिक स्तर पर तेजी से डिजिटल परिवर्तन को जनसाधारण ने भी उत्साह के साथ अंगीकार किया है। इस उम्मीद के साथ कि बदलते वक्त के साथ कदमताल करना अपरिहार्य है। आकांक्षा यह भी कि तकनीकी बदलाव के दौर में दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश में रोजगार के नये अवसर भी सृजित हों। ऐसे परिदृश्य में देश की प्रतिष्ठित मानी जाने वाली टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज यानी टीसीएस द्वारा बारह हजार से अधिक कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा एक परेशान करने वाला घटनाक्रम है। यह संख्या संस्था के कुल कार्यबल का दो फीसदी बैठता है। निस्संदेह, छंटनी का यह फैसला आईटी क्षेत्र में आसन्न संकट की आहट को ही दर्शाता है। कहा जा रहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से प्रेरित तकनीकी हस्तक्षेप और वैश्विक स्तर पर मांग को लेकर उत्पन्न अनिश्चितताओं के चलते भारत की प्रतिष्ठा का पर्याय रहा आईटी सेवा उद्योग संरचनात्मक बदलाव की ओर बढ़ रहा है। लेकिन मौजूदा समय में यह कदम लागत-अनुकूलन पहलों के चलते अन्य आईटी सेवा कंपनियों में भी छंटनी को बढ़ावा दे सकता है। इसमें दो राय नहीं कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कारोबार के नियमों में मौलिक बदलाव के चलते, भविष्य के लिये तैयार रहना हर व्यावसायिक उद्यम के एजेंडे में सबसे ऊपर होगा। इस नई हकीकत को देखते हुए, एक सवाल सबसे ज्यादा विचलित करने वाला यह है कि यह तकनीकी बदलाव अनिवार्य रूप से कर्मचारियों की कीमत पर होना चाहिए?

बताया जाता है कि टीसीएस ने एआई को उन्नत करने और प्रशिक्षण में भारी निवेश किया है। इसके उपरांत बताया जा रहा है कि अब वह कई माध्यम से वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों को सेवा में बनाये रखने में असमर्थता जता रही है। यह मानना कि नई तकनीक के साथ संवेदनशील समायोजन हमेशा लाभदायक नहीं रहता, की सोच ने एक खतरे की घंटी बजा दी है। देश के बड़े व छोटे व्यवसायों द्वारा नए तकनीकी मॉडल को आंख बंद करके अपनाने से एक परेशान करने वाले परिदृश्य का खतरा सामने नजर आ रहा है। इन उद्योगों को चिंता है कि तकनीकी बदलाव की स्पर्धा के इस परिदृश्य में कहीं वे पीछे न रह जाएं। इस अनिश्चित समय में, एक उम्मीद की किरण,यदि कोई है, तो वह है भारत का पिछले कुछ वर्षों में बड़े पैमाने पर सफलता से तकनीकी परिवर्तन को स्वीकार करना। देश ने हर सामाजिक और आर्थिक स्तर पर तेजी से डिजिटल तकनीक को सहजता से स्वीकार किया है। एआई को अपनाने के लिये उसी तरह सार्वजनिक व निजी क्षेत्र के समर्थन-सहयोग की आवश्यकता है। सार रूप में कहें तो एक भारतीय दृष्टिकोण, जो मानव संसाधन और परिवर्तन के अनुकूल होने की उसकी क्षमता को महत्व देता है। निस्संदेह, भारत एआई के उपयोग के मामले में अमेरिका व यूरोप नहीं हो सकता। दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाले देश में बेरोजगारी का संकट किसी से छिपा नहीं है। देश में श्रमबल का कौशल विकास धीरे-धीरे गति पकड़ रहा है। टीसीएस के इस फैसले से आईटी पाठ्यक्रमों में अध्ययन कर रहे उन लाखों छात्रों और डिग्री लेकर निकल रहे उत्साही इंजीनियरों में निराशा व्याप्त होगी। भारत में बढ़ता रोजगार संकट केंद्र सरकार से निरंतर हस्तक्षेप की मांग करता है। हाल ही में देश में आयोजित दो दिवसीय परीक्षा में लाखों प्रत्याशियों का शामिल होना बताता है कि बेरोजगारी किस पैमाने पर है। यह भी कि उनके लिये अवसर बेहद कम हैं।

## ॥गीता॥



**शलोक**

**कथं विद्यामहं योगिंस्त्वां सदा परिचिन्तयन।**
**केषु केषु च भावेषु चिन्त्योऽसि भगवन्मया॥**

**भावार्थ**

हे योगेश्वर! मैं किस प्रकार निरंतर चिंतन करता हुआ आपको जानूँ और हे भगवन! आप किन-किन भावों में मेरे द्वारा चिंतन करने योग्य हैं।

जीवन दर्शन

# मंजिल दूर नहीं, बस आगे बढ़ते रहें

आत्म-नियंत्रण हासिल करने के प्रयास में अगर ठोकरें भी मिलती हैं, तो भी क्या चिंता? बात तो बस आगे बढ़ते रहने की है। हम उन लोगों का सम्मान करते हैं और उन्हें आदर्श भी मानते हैं, जो बहुत ज्यादा दृढ़ इच्छाशक्ति दर्शाते हैं। शोध बताते हैं कि इन लोगों को न सिर्फ विश्वसनीय, बल्कि नैतिक रूप से भी श्रेष्ठ माना जाता है। इच्छाशक्ति का मतलब आत्म-नियंत्रण नहीं होता है। हालांकि, आप अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने के लिए इच्छाशक्ति का इस्तेमाल कर सकते हैं, लेकिन शोध बताते हैं कि यह सबसे कारगर तरीका नहीं हो सकता।

ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी में मनोविज्ञान के प्रोफेसर केंटारो फुजिता कहते हैं कि इच्छाशक्ति को बेहतर बनाने के लिए, बस 'और ज्यादा कोशिश' करना जरूरी है। जबकि आत्म-नियंत्रण में कुछ कौशल शामिल होते हैं, जिन्हें सीखा जा सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि जब आत्म-नियंत्रण होता है, तो हम अस्वस्थ आवेगों का विरोध कर सकते हैं और जब हमें कुछ छोड़ने का मन हो, तब भी डटे रह सकते हैं। कुछ मनोवैज्ञानिकों ने इसे 'सबसे बड़ी मानवीय शक्ति' कहा है। जिन लोगों में आत्म-नियंत्रण अधिक होता है, वे दूसरों की तुलना में ज्यादा सफल होते हैं।

मिशिगन विश्वविद्यालय में इमोशन और सेल्फ-कंट्रोल लैब के निदेशक एथन क्रॉस ने कहा कि आत्म-नियंत्रण विकसित करना आत्म-सशक्तीकरण से शुरू होता है। उन्होंने सुझाव दिया कि उन पलों पर ध्यान केंद्रित करें, जब आप किसी लक्ष्य को पूरा करने में सफल रहे हों। आप उन पलों के बारे में भी सोच सकते हैं, जब आपके परिवार का कोई सदस्य या मित्र सफल रहा हो, यानी यदि वे ऐसा कर सकते हैं, तो आप भी कर सकते हैं। आत्म-नियंत्रण में सुधार की कई रणनीतियां हैं, और शोध बताते हैं कि सिर्फ एक को चुनने की तुलना में कई रणनीतियां आजमाना बेहतर है। यहां कुछ विकल्प दिए गए हैं, जैसे दिनचर्या बनाना, अपनी प्रगति पर नजर रखना, अपने आसपास सकारात्मक लोगों को रखना और खुद के बजाय समूह की भलाई पर ध्यान देना। आत्म-नियंत्रण तब आसान होता है, जब आप भावनाओं और प्रलोभनों को कम करने या किसी विशिष्ट लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए अपने विचारों को पुनः ढालते हैं। जब लोगों को अपनी भावनाओं पर काबू पाने में दिक्कत होती है, तो उनका मूड अक्सर नकारात्मक विचारों से बिगड़ जाता है। संतुलन पाने के लिए उस विचार को ज्यादा तटस्थ तरीके से ढालने की कोशिश करें।


मन में स्पष्ट लक्ष्य रखने से आपको आत्म-नियंत्रण के लिए एक ढांचा बनाने में मदद मिल सकती है। याद रखें, बेहतर आत्म-नियंत्रण हासिल करने के प्रयास में यदि आप समय-समय पर चूक जाते हैं, तब भी आप अपने लक्ष्य की ओर प्रगति कर सकते हैं। मुख्य बात है आगे बढ़ते रहना।

**क्रिस्टीना कैरन**

### कांग्रेस ने मंत्री विजय शाह के इस्तीफे की मांग करते हुए गर्भगृह में की नारेबाजी, कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित

# मानसून सत्र के 5वें दिन 64 मिनट चला सदन, 39 मिनट हंगामे की भेंट चढ़ गए

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का पांचवें दिन 64 मिनट ही सदन चल सका। कांग्रेस के हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने कई सरकारी कामकाज निपटाए, तो एक ध्यानाकर्षण पर चर्चा भी कराई। कांग्रेस ने मंत्री विजय शाह के इस्तीफे की मांग करते हुए गर्भगृह में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सत्ता और विपक्षी विधायकों के बीच तीखी नोक-झोंक भी देखने को मिली। हंगामा बढ़ता देख विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र तोमर ने कांग्रेस विधायकों से आग्रह किया है कि सदन में जनहित के विषयों पर चर्चा चल रही है। सभी विधायक अपनी सीट पर जाएं और जनहित के विषयों पर चर्चा चलने दें और विषयों को समाधान तक पहुंचने दें।



#### मंत्री के जवाब से भूपेंद्र नहीं हुए संतुष्ट

खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने अपने क्षेत्र के मालथौन की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा को लेकर ध्यानाकर्षण लगाया था, जिसमें राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने जवाब दिया। भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि 500 एकड़ पर आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। उन्होंने इसकी जांच कराने की बात मंत्री से कही। मंत्री वर्मा के जवाब से भूपेंद्र सिंह संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने स्पीकर से कहा कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। स्पीकर तोमर ने कहा कि मंत्री ने जांच कराने की बात तो कही है, तब विधायक ने कहा कि मंत्री ने ऐसा नहीं कहा है। इस पर स्पीकर ने मंत्री वर्मा से जवाब देने को कहा,तो उन्होंने कहा कि वह जल्द ही मामले की जांच वरिष्ठ अधिकारी से करा लेंगे।

#### शेखावत के ध्यानाकर्षण पर नहीं हो सकी चर्चा

स्पीकर तोमर ने दूसरे ध्यानाकर्षण के लिए कांग्रेस विधायक भंवर सिंह शेखावत को निर्देशित किया। शेखावत अपने ही विधायकों के शोर शराबे के बीच अपना ध्यानाकर्षण पढ़ रहे थे, तभी भाजपा के कई मंत्री और विधायक खड़े होकर कांग्रेस विधायकों का प्रतिरोध करने लगे। जिससे हंगामा काफी बढ़ गया और शेखावत के ध्यानाकर्षण पर मंत्री द्वारा जवाब नहीं दिया जा सका।

#### चर्चा के दौरान कैलाश-उमंग में बहस

ध्यानाकर्षण पर जब चर्चा चल रही थी और कांग्रेसी विधायक गर्भगृह के पास नारेबाजी कर रहे थे, तभी संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि उनके दल के सदस्य जनजातियों की जमीन बचाने के लिए ध्यान आकर्षण कर रहे हैं और विपक्ष इस समय प्रदर्शन कर रहा है। वह आदिवासियों के हित की बात नहीं करता और आदिवासी विरोधी है। इस पर सिंघार ने उत्तेजित होकर कहा कि हमने आदिवासियों की समस्याओं को लेकर स्थगन मांगा था और चर्चा कराने का आग्रह किया था, लेकिन सरकार चर्चा कराने को राजी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि यदि सरकार बात कर रही है तो आदिवासियों के हितों को लेकर स्थगन पर चर्चा कराए, फिर पता चलेगा कि कौन आदिवासियों की हित की बात करता है और कौन विरोध में।


#### प्रश्नकाल के दौरान शुरू हुआ हंगामा

शुक्रवार को सदन पूर्वान्ह 11 बजे आसन्न हुआ। विधानसभा अध्यक्ष 11.02 मिनट पर आसंदी पर पहुंचे और उन्होंने प्रश्नकाल शुरु किया। पूर्वान्ह 11.30 मिनट तक सदन शांतिपूर्ण ढंग से चला,लेकिन इसके ठीक 1 मिनट बाद सदन में कांग्रेसियों ने मंत्री विजय शाह का विरोध करना शुरु कर दिया। जिससे स्पीकर ने सदन की कार्यवाही दोपहर 1 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इसके बाद सदन 1 बजकर 1 मिनट पर फिर से शुरु हुआ, जो अगले 23 मिनट तक लगातार शोर-शराबे की बीच चला। स्पीकर तोमर ने दोपहर 1 बजकर 24 मिनट पर सदन की कार्यवाही सोमवार 4 अगस्त को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। इस तरह 5वें दिन सदन की कार्यवाही 64 मिनट तक चली,जिसमें 39 मिनट हंगामें की भेंट चढ़ गए।

# बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष के सवाल पूछने पर कांग्रेस को आपत्ति, भाजपा ने कसा तंज

## विजयवर्गीय बोले- भाजपा और कांग्रेस में यही अंतर हेमंत ने कहा- मैं पहले विधायक हूं, फर्ज निभा रहा हूं

**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व बैतूल से विधायक हेमंत खंडेलवाल के सवाल पर सदन में शुक्रवार को अजीबोगरीब नजारा बन गया। जब कांग्रेस ने इसे प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल का अपमान बताया तो सत्तापक्ष के सदस्य इसे भाजपा की परंपरा बताते हुए कांग्रेस की कमियां गिनाने लगे। दोनों पक्षों को शांत कराते हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को कहना पड़ा कि खंडेलवाल भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष हैं यह अलग पक्ष है, लेकिन वह विधानसभा के सदस्य भी हैं। यह अच्छी बात है। विधानसभा का सदस्य होने के नाते अपने क्षेत्र की बात को सदन में उठाना, यह लोकतंत्र का महत्वपूर्ण मंच है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने भी कहाकि मैं विधायक भी हूं, विधायक का फर्ज भी निभाता हूं। उन्होंने विपक्ष के सदस्यों से भी कहा कि आप लोग सरकार को अच्छे कामों पर धन्यवाद देना भी शुरू करो, हमेशा विपक्ष का रोल अदा मत करो।



खंडेलवाल ने क्षेत्र बैतूल में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में अभियंताओं के खाली पदों को लेकर सरकार से सवाल किया था, साथ ही इन पर पूर्ति की मांग की थी। उन्होंने कहा कि जब तक सीधी भर्ती अथवा पदोन्नति नहीं हो जाती, किसी सेवानिवृत्त सहायक या उपयंत्री की नियुक्ति कर दी जाए ताकि काम न रुकें। विभागीय मंत्री संपत्तिया उइके ने भर्ती व पदोन्नति पूरी होते ही बैतूल में इंजीनियर्स को पदस्थ करने का आश्वासन दिया। मगर इसी बीच नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आपत्ति जताते हुए कहाकि पार्टी प्रदेशाध्यक्ष को भी सवाल करना पड़ रहा है, यह प्रदेशाध्यक्ष का अपमान है। इन्हें तो विभागीय मंत्री को कमरे में बुलाकर बात कर लेना थी। इस पर संसदीय कार्यमंत्री ने कहाकि यही सादगी है हमारे अध्यक्ष की। भाजपा और कांग्रेस में यही अंतर है। इसके जवाब में नेता प्रतिपक्ष ने कहाकि इस सरकार में प्रदेशाध्यक्ष के काम भी नहीं हो रहे हैं तो विधायकों के कहां से होंगे।

### अगले माह से हर ब्लॉक में लगेंगे शिविर, जांच भी होगी

# दिव्यांगों की पेंशन बढ़ाएगी सरकार उपकरण बांटने को कैलेंडर तैयार

**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** प्रदेश के दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने राज्य सरकार मासिक पेंशन में वृद्धि करने जा रही है। इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जल्द ही इसका ऐलान कर प्रदेश के दिव्यांगजनों की मासिक पेंशन की राशि बढ़ाकर एक हजार रुपए कर सकते हैं। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने शुक्रवार को विधानसभा में एक प्रश्न के जवाब में यह संकेत दिए। भाजपा के नीरज सिंह ठाकुर ने अपने प्रश्न के दौरान सदन में कहाकि दिव्यांगजन हमेशा ही पेंशन की मांग करते हैं, क्या सरकार इसी सत्र से दिव्यांगजनों की पेंशन बढ़ाकर एक हजार रुपए देने की घोषणा करेगी। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र तोमर के पूछने पर दिव्यांगजन मंत्री ने बताया कि पेंशन का मामला विचाराधीन है। मुख्यमंत्री यादव जल्द ही इस पर फैसला ले सकते हैं। वहीं उन्होंने बताया कि दिव्यांग जनों की समस्याओं का समाधान करने राज्य सरकार ने कैलेंडर तैयार किया है। इसके तहत सितंबर, अक्टूबर व नवंबर माह में हर जिले व ब्लाक में शिविर लगाए जाएंगे। इसमें दिव्यांगजनों की जांच भी मेडिकल बोर्ड की टीम करेगी और मौके पर ही सभी को स्वास्थ्य परामर्श व उपकरण भी दिए जाएंगे।

#### रामश्री बोलीं- लाइट जाते ही मैं समझ गई, जवाब में गड़बड़ है

बड़ा मलहरा से कांग्रेस विधायक रामसिया ने राम-राम से अपनी बात शुरु करते हुए सदन को बताया कि कल प्रश्नोत्तरी को छूते ही लाइट चली गई, मैं तभी समझ गई कि इसमें कुछ न कुछ गड़बड़ी है। फिर लाइट आने पर मैंने जवाब देखा तो मेरा शक सही साबित हुई। गुमराह करने वाला झूठा जवाब दिया गया है। अधिकारियों ने एक बार फिर वही पुराने आंकड़े दिखाकर जवाब दे दिया है। उन्होंने मौके पर जाकर स्थिति की जांच की मांग करते हुए रामायण की चौपाई - असुर समूह सतावहिं मोही, मैं जाचन आयउँ नृप तोही, सुनाते हुए कहाकि जब गुरु विश्वामित्र अयोध्या से श्रीराम को लेकर निरीक्षण पर निकले तो वहां ढहाए गए ताड़ के वृक्षों के ढेर लगे थे और ऋषि मुनियों तथा जंगली जानवरों की हड्डियां पाई गईं। इसी तरह यदि हमारे बड़ा मलहरा के जंगलों में भी किसी वरिष्ठ अधिकारी की मौजूदगी में जांच कर ली जाए तो वहां भी दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। अधिकारी यहां बैठकर मनगढ़ंत आंकड़े दे देते हैं। वन राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने जवाब देते हुए कहाकि अभी वनों की सुरक्षा पर खर्च की गई राशि से सरकार को हुए नुकसान का आंकलन करने की कोई व्यवस्था नहीं है। दूसरी बात यह कि मैं खुद छतरपुर जिले का रहना वाला हूं, वन और वनजीव पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

# भाजपा उपाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा 200 कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल



**जागरण, छिंदवाड़ा।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने दबे पांव अपने छिंदवाड़ा में कांग्रेस का कुनबा बढ़ा दिया। उन्होंने शुक्रवार को भाजपा और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के 200 कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर उन्होंने भाजपा पर समाज को बांटने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस की सदस्यता लेने वाले लोगों से कहाकि नौजवानों भविष्य आपका है। इन सभी को कांग्रेस की सदस्यता दिलाने के लिए नाथ के शिकारपुर स्थित निवास पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अमरवाड़ा और हर्रई क्षेत्र के बीजेपी व जीजीपी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ली। कार्यक्रम में पूर्व सांसद नकुलनाथ, आदिवासी नेता धीरेंद्र शाह भी उपस्थित थे। नए सदस्यों को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम नाथ ने कहाकि अपने बुजुर्गों से पूछिए कि जब मैं अमरवाड़ा आया था तब यहां क्या था? तब तो तालाब तक नहीं था, और आज घर-घर पानी पहुंच रहा है। यह कांग्रेस की सोच और नीयत का परिणाम है।

## भ्रष्टाचार उजागर करने पर मिलीं धमकियां, उपाध्यक्ष का इस्तीफा

**जागरण, शिवपुरी।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जैन उर्फ ओमी ने पद और पार्टी के पद से इस्तीफा दिया। पार्टी के पदाधिकारियों पर आंतरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। कहा कि राजनेता उन्हें एवं उनके परिवार को लगातार आंतरिक रूप से प्रताड़ित और उपेक्षित कर रहे हैं। ओमप्रकाश जैन वर्तमान में शिवपुरी नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 5 से पार्षद भी हैं और वर्षों से संगठन से जुड़े रहे हैं। जैन ने बताया कि बतौर भाजपा पार्षद उन्होंने नगर पालिका में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ अन्य पार्षदों के साथ मिलकर मोर्चा खोला था। पालिका में कई घोटाले हुए, जिनकी उन्होंने शिकायतें भी कीं, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने यह विषय भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व के समक्ष भी उठाया, लेकिन वहां भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे वे बेहद आहत हुए और अंततः 1 अगस्त 2025 को जिला उपाध्यक्ष पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने का निर्णय लिया। इस्तीफे की प्रतिलिपि भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री और भाजपा जिला अध्यक्ष को भी प्रेषित की गई है। ओमप्रकाश जैन वर्तमान में जिला थोक उपभोक्ता सहकारी भंडार के अध्यक्ष भी हैं और शहर के निचले बाजार स्थित जैन मंदिर के सामने निवास करते हैं। उनका यह निर्णय शिवपुरी भाजपा संगठन के भीतर चल रही खींचतान और आंतरिक असंतोष को एक बार फिर सतह पर लाता है।

## मिंटो हॉल में पॉक्सो एक्ट पर कार्यशाला सात अगस्त को

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो एक्ट) पर कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रतिभागियों के उन्मुखीकरण और प्रशिक्षण के लिए कार्यशाला 07 अगस्त 2025 को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल), में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगी। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला का उद्देश्य बाल अधिकारों के संरक्षण और पॉक्सो एक्ट के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता और प्रशिक्षण प्रदान करना है।

**आज भूमि-पूजनः** मुख्यमंत्री 2 अगस्त शनिवार को सीहोर स्थित औद्योगिक क्षेत्र बड़ियाखेड़ी में लगभग 1406 करोड़ रूपये निवेश करने वाली 4 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन करेंगे। उनके द्वारा 6 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के आशय पत्र भी वितरित किया जाएगा। जिससे यहां लगभग 33 करोड़ 85 लाख रूपये का निवेश होगा। इन औद्योगिक इकाइयों से सीहोर जिले में 1165 रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

## सात राजस्व निरीक्षकों की हुई नई पोस्टिंग

**भोपाल।** जिला प्रशासन ने सात राजस्व निरीक्षकों की मवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। शुक्रवार को अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम द्वारा जारी आदेश के मुताबिक नेहा राजपूत को भू अभिलेख कार्यालय, चंद्रशेखर बाथरे और तुषार मौर्य को नजूल वृत्त टीटी नगर, अतुल दुबे और प्रमोद श्रीवास्तव को बैरसिया, अजय सरावगी को भाड़ा नियंत्रण और नगरीय कल्याण शाखा एवं रुचि विश्वकर्मा को नजूल वृत्त बैरागढ़ पदस्थ किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

## 5 से अतिथि विद्वानों की प्रोफाइल होगी अपडेट

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** सरकारी कॉलेजों में रिक्त पदों के विरुद्ध सेवा करने वाले कार्यरत अतिथि विद्वानों को अपनी प्रोफाइल अपडेट करने एवं फालेन आउट अतिथि विद्वानों के च्वाइस फीलिंग्स के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने प्रथम चरण की समय सारिणी का कैलेंडर शुक्रवार को विधिवत जारी कर दिया है। इसमें महीने में दो बार फालेन आउट हुए अतिथि विद्वानों को नियुक्त करने के लिए किया जाता है। जैसा की विदित हो किसी भी नियमित प्रोफेसरों के ट्रांसफर या पोस्टिंग से अतिथि विद्वान फालेन आउट हो जाते है। जारी कैलेंडर के अनुसार कार्यरत और फालेन आउट अतिथि विद्वान अपनी डिग्री, अनुभव को दिनांक पांच से 12 अगस्त तक कर सकते है। इसके बाद पांच से 13 अगस्त तक अग्रणी कॉलेज में वेरिफिकेशन किया जाएगा। प्रदेश के अभी लगभग 200 से 300 अतिथि विद्वान फालेन आउट होकर बेरोजगार घरों में बैठें हुए है।

## डबल मर्डरः पत्नी और डेढ़ साल के बच्चे का कत्ल कर रेलवे ट्रैक पर फेंकी लाश

**जागरण, इंदौर।** पत्नी और डेढ़ साल के बच्चे की निर्ममता पूर्वक हत्या कर पति ने दोनों के शव रेलवे ट्रैक पर फेंक दिये। बाणगंगा थाना क्षेत्र में दो शवों के मिलने से सनसनी फैल गई है। महिला के चहरे और सिर में 25 घाव मिले हैं। शातिर आरोपी ने पुलिस को घुमाने के लिए दोनों की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस अब आरोपी पति की सरगर्मी से तलाश कर रही है। एसीपी (कानून) अमित सिंह के मुताबिक शव बाणगंगा रेलवे ट्रेक के समीप दो शव मिले हैं। फॉरेंसिक अफसर ने मौका-मुआयना कर जांच की है। महिला की पहचान रानी पति जयराम पाल निवासी शिवकंठ नगर के रूप में हुई। बच्चे का नाम दिव्यांश पता चला है। दोनों की मंगलवार को ही गुमशुदगी दर्ज हुई थी। पुलिस महिला और बच्चे की तलाश कर रही थी। इसी दौरान रात को दोनों के शव रेलवे ट्रैक के किनारे मिले।

#### थाने में पता भी फर्जी लिखवाया

पुलिस को शक है हत्या जयराम ने ही की है। पुलिस ने उसकी लोकेशन निकाली तो चंदेरी (अशोक नगर) की मिली। दोपहर को एक टीम चंदेरी के लिए रवाना की गई। आरोपी बार-बार अपना मोबाइल बंद कर रहा है। गुमशुदगी की रिपोर्ट कराने पहुंचे जयराम ने पुलिस को अपना फर्जी पता लिखवाया। जयराम ने पुलिस को बताया था कि उसकी पत्नी सोमवार से लापता है। वह डेढ़ साल के बच्चे दिव्यांश को लेकर गई है। इसके बाद पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली, उसने घर का पति शिवकंठ नगर (मंदिर के पास) लिखवाया है। पुलिस जब शिवकंठ नगर पहुंची तो उसका घर नहीं मिला। एसीपी रुबिना मिजवानी के अनुसार महिला और बच्चे को बेरहमी से मारा गया है। हत्या करने के बाद शवों को फेंका गया है। घटना स्थल पर खून नहीं मिला है। जिस जगह शव फेंके हैं, उससे शिवकंठ नगर साढ़े तीन किमी दूर है। कच्चा रास्ता शिवकंठ नगर की तरफ जा रहा है। एसीपी के मुताबिक मृतकों के परिजन सामने नहीं आए है। लिहाजा अभी हम पहचान स्पष्ट नहीं कर सकते हैं। जयराम घटना में संदिग्ध है।

# पट्टा धारकों ने 630 करोड़ के खनिज का किया अवैध उत्खनन

### कैग की रिपोर्ट में खुलासाः अधिकारियों पर उठाए सवाल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में खनिज पट्टाधारियों द्वारा निर्धारित मात्रा से ज्यादा खनिज का उत्खनन किया गया, जिससे सरकार को 630.06 करोड़ के राजस्व का नुकसान हुआ है। यह खुलासा कैग की रिपोर्ट में किया गया है, जिसमें कहा गया है कि संबंधित जिला खनिज अधिकारी खनिकों के साथ मिले हुए हैं। कैग ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि अप्रैल 2022 से सितम्बर 2022 के दौरान 11 जिलों में 45 खनन पट्टा धारकों ने खनज योजनाओं या ईसी में निर्धारित सीमा से अधिक खनिज खनन किया गया है। इसमें 7,16,642 घन मीटर गिट्टी,1,23,348 घनमीटर मुरम, 13,625 घनमीटर मार्बल, 2,90.289 घनमीटर रेत और 1,34,775 एम टी डोलोमाइट का उत्खनन किया गया है। इस संबंध में नियम के बाद भी संबंधित जिला खजिन अधिकारियों द्वारा पट्टाधारकों से अधिक उत्खनित खनिजों की लागत की वसूली नहीं की गई। जबकि नियम के तहत अवैध रूप से निकाले गए खनिजों की कीमत के बाजार मूल्य का 10 गुना या रॉयल्टी का 20 गुना,जो भी अधिक हो वसूल किए जाने चाहिए। रिपोर्ट में बताया गया है कि जिला खनिज अधिकारियों ने न तो पट्टेधारकों को स्वीकृत सीमाओं के भीतर



अपने खनन को प्रतिबंधित करने का निर्देश दिया और न ही पट्टेदारों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पट्टेदारों द्वारा नियमों का उल्लंखन करने की सूचना ही दी। इतना ही नहीं जिला खनिज अधिकारियों द्वारा पट्टेदारों को टीपी जारी करना जारी रखा, जिससे अवैध खनन से खनिजों की रॉयल्टी बाजार मूल्य 61.48 करोड़ है। रिपोर्ट में बताया कि इस मामले में विभाग के जवाब का स्वीकार्य योग्य नहीं है। क्योंकि पट्टेदार दावे के अनुसार खनिज उत्पादन के संबंध में साक्ष्य प्रस्तुत करने में असफल रहे है। इसके अलावा ई-खनिज प्लेटफॉर्म पर प्रविष्टियों की शुद्धता सुनिश्चित करना विभाग की जिम्मेदारी है,जो सभी खनन गतिविधियों के लिए डेटा का एक स्रोत है और गलत प्रविष्टियों को डीएमओ स्तर पर सत्यापित किया जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

#### तीन जिलों में बिना स्वीकृति खनिजों का उत्खनन

कैग की रिपोर्ट ने यह भी खुलासा किया है कि अप्रैल 2019 से मार्च 2022 की अवधि के दौरान तीन जिलों में 10 खनन पट्टाधारकों ने अधिनियम, नियमों और शासन के आदेशों का उल्लंघन करते हुए खनन किया। उनके द्वारा अवैध रुप से 1,77,811 घनमीटर गिट्टी और 1,520 घनमीटर फ्लैगास्टोन का उत्खनन किया गया,जिसका बाजार मूल्य 7.85 करोड़ था। नियम के अनुसार संबंधित खननकर्ताओं से खनिजों की कीमत का 10 गुना यानि कि 81.02 करोड़ की राशि नहीं वसूली गई। रिपोर्ट में बताया गया कि इस गड़बड़ी को लेकर कैग द्वारा विभाग को सचेत किया गया,तो विभाग ने जानकारी दी कि छिंदवाड़ा और सागर जिले के पट्टाधारकों से स्थानीय कार्यालय द्वारा वसूली की जा रही है। जबकि सीहोर में पट्टेदार द्वारा ई-खनिज पोर्टल में गलती से मात्रा दर्ज कर दी गई थी।

## सहायक जेल अधीक्षक 15 हजार की रिश्वत लेते अरेस्ट

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की उज्जैन यूनिट ने शुक्रवार को सहायक जेल अधीक्षक सुरेंद्र सिंह राणावत को 15 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। उज्जैन की खाचरोद उप जेल में पदस्थ सहायक जेल अधीक्षक ने कैदी को पिटाई से बचाने के एवज में घूस मांगी थी। जितेंद्र गोमे ने उज्जैन लोकायुक्त एसपी को शिकायत में बताया था कि उसका साला कनवर सिसौदिया खाचरोद उप जेल में बंद है। सहायक जेल अधीक्षक सुरेंद्र सिंह राणावत के द्वारा साले को मारपीट से बचाने की एवज में 30 रुपए की डिमांड की जा रही है। सौदा 15 हजार में तय हुआ। लोकायुक्त पुलिस ने जितेंद्र को शुक्रवार की दोपहर में राणावत के पास भेजा। जैसे ही उसने 15 हजार रुपए की रिश्वत ली वैसे ही टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।



**नक्शा पास करने मांगे 10 हजारः** शुक्रवार को ईओडब्ल्यू की इंदौर यूनिट ने पंचायत सचिव ओम गुप्ता को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी ने मकान का नक्शा पास कराने के बदले में 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। ईओडब्ल्यू की टीम ने अरविंदो टोल टैक्स पर आरोपी को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई की जानकारी जिले के कलेक्टर को भी भेजी गई है ताकि ओम गुप्ता के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जा सके।

## बीयू में बैठे रह गए रजिस्ट्रार अधीनस्थ ने बांट दिया वेतन

### रजिस्ट्रार को लेकर बीयू में त्रिकोणीय स्थिति बनी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रार को लेकर त्रिकोणीय स्थिति बनी हुई है। गत दिवस उच्च शिक्षा विभाग ने प्रभारी रजिस्ट्रार आईके मूंसरी को कार्यमुक्त कर उन्हें डिप्टी रजिस्ट्रार बना दिया। उनका अतिरिक्त प्रभार विक्रम विवि उज्जैन के प्रभारी रजिस्ट्रार अनिल शर्मा को दे दिया। एक अगस्त होने के कारण चपरासी से लेकर कुलगुरु का वेतन जारी होना थे। इसलिए डीआर मंसूरी ने वेतन की फाइल को तैयार कराकर कुलगुरु सुरेश कुमार जैन के पास भेज दिया। यहां भी उन्होंने फाइल को अनुमोदित कर दिया। वेतन का चैक तैयार कर बैंक भेजा गया, जिसमें असिस्टेंट रजिस्ट्रार सुनील नायक के हस्ताक्षर थे। बैंक में रजिस्ट्रार के तौर पर अधिकृत हस्ताक्षर को देखते हुए सभी कर्मचारी और अधिकारियों का वेतन उनके खातों में जारी कर दिया। हाईकोर्ट ने मंसूरी को बीयू में



प्रभारी रजिस्ट्रार के तौर पर पदस्थ किया था, लेकिन कुलगुरु जैन ने मंसूरी के स्थानांतरण की दशा में सुनील नायक को कार्यवाहक रजिस्ट्रार के तौर पर नियुक्त कर शासन को सूचित कर दिया था। एआर नायक के बैंक में अधिकृत रजिस्ट्रार के तौर पर अभी तक हस्ताक्षर हैं। विभाग ने मंसूरी का प्रभार विक्रम विवि के प्रभारी रजिस्ट्रार शर्मा को दे दिया, लेकिन बैंक में अधिकृत रजिस्ट्रार के तौर पर अतिरिक्त प्रभार लेने वाले प्रभारी रजिस्ट्रार शर्मा के हस्ताक्षर नहीं पहुंच सके हैं। रजिस्ट्रार शर्मा सोमवार को बीयू पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

### अफगानी नागरिक और कर्मचारी समेत 3 गिरफ्तार

# जबलपुर में फर्जी पासपोर्ट रैकेट का पर्दाफाश

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारतीय पासपोर्ट बनवाकर अवैध रूप से जबलपुर में रह रहे एक अफगानी नागरिक और उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया गया है। इन आरोपियों में एक सरकारी कर्मचारी भी है। एटीएस की जबलपुर यूनिट को सूचना मिली थी कि जबलपुर में कुछ अफगानी युवक अवैध रूप से रह रहे थे। इस सूचना पर, अफगानी नागरिक सोहबत खान को गिरफ्तार किया गया जो पिछले 10 सालों से जबलपुर में अवैध रूप से रह रहा था और उसने एक स्थानीय महिला से निकाह भी कर लिया था। जांच में पता चला है कि सोहबत ने न सिर्फ खुद के लिए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारतीय पासपोर्ट बनवाया, बल्कि वह पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ में रह रहे अपने अफगानी साथियों के लिए भी जबलपुर के फ़र्जी पते पर दस्तावेज तैयार कर पैसे लेकर पासपोर्ट बनवा रहा था।

#### 20 अफगानियों के पासपोर्ट बनवाने की थी तैयारी, 10 लाख का ट्रांजेक्शन मिला

एटीएस को सोहबत से 20 ऐसे अफगानी युवकों की जानकारी मिली है, जिनके पासपोर्ट जबलपुर के पते से बनवाने का प्रयास किया गया था। इनमें से पश्चिम बंगाल निवासी अकबर और इक़बाल के पासपोर्ट तो जबलपुर के फर्जी पते से बन भी गए हैं। सोहबत खान को हिरासत में लेकर उससे इस अवैध कार्य में लिप्त अन्य साथियों के बारे में गहनता से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उन लोगों की भी पहचान कर रही है जिन्होंने जाली दस्तावेज बनाने में इस गिरोह की मदद की। एटीएस को भारतीय पासपोर्ट बनवाने के लिए सोहबत और अन्य आरोपियों के बैंक खातों में अब तक लगभग 10 लाख के लेन-देन का ट्रांजेक्शन भी मिला है।

#### वन रक्षक भी इस फर्जीवाड़े में शामिल

एटीएस ने इस मामले में मुख्य आरोपी सोहबत खान के साथ ही दिनेश गर्ग और महेंद्र कुमार सुखदन को गिरफ्तार किया है। दिनेश गर्ग वन विभाग में वनरक्षक है और पिछले दो साल से कार्यालय कलेक्टर के चुनाव सेल में कार्यरत है। जांच में सामने आया है कि सोहबत ने 2015 में जबलपुर से ड्राइविंग लाइसेंस बनवाया था और 2020 में भारतीय पासपोर्ट बनवाया। इसके साथ ही उसने पश्चिम बंगाल निवासी अफगानियों, अकबर और इकबाल का भी जबलपुर के पते से भारतीय पासपोर्ट बनवाया था। इन दोनों के पासपोर्ट बनवाने से ठीक पहले आधार कार्ड में उसने पश्चिम बंगाल की जगह जबलपुर का फर्जी पता ऑनलाइन बदलवा दिया था, जिसमें दिनेश की मदद ली गई थी। जांच में पता चला है कि दिनेश और महेंद्र ने दस्तावेज बनवाने, पुलिस वेरिफिकेशन करवाने और पोस्ट ऑफिस से पासपोर्ट प्राप्त करवाने के एवज में सोहबत से पैसे लिए थे।

# दुनिया में पहली बार 31 साल 'फ्रोजन' रहे भ्रूण से शिशु का जन्म

**ओहियो, जेएनएन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के एक राज्य ओहियो में रविवार को एक शिशु का जन्म ऐसे भ्रूण से हुआ, जो 11,148 दिनों (31 साल) से फ्रोजन स्टोरेज में था। यह अनूठा जन्म दुनियाभर में जन्म से पहले स्टोरेज समय का एक रिकॉर्ड बताया जा रहा है। शिशु का नाम थैडियस पियर्स रखा गया है। अमेरिका की अलबामा सुप्रीम कोर्ट के 2024 के एक फैसले में फ्रोजन भ्रूणों को बच्चों की तरह कानूनी दर्जा दिया गया है। पिछले हफ्ते ओहायो के एक दंपत्ति लिंडसे और टिम पियर्स के यहां जन्मे एक शिशु का विकास एक ऐसे भ्रूण से हुआ, जिसे 30 साल से ज्यादा समय तक जमाकर रखा गया था। पियर्स दंपत्ति ने वर्षों तक बांझपन से जूझने के बाद 1994 में दान किए गए कुछ भ्रूणों का इस्तेमाल किया। इस प्रक्रिया को भ्रूण गोद लेना कहा जाता है। खुशकिस्मती से यह प्रक्रिया सफल रही और उनके बेटे का जन्म एक ऐसे भ्रूण से हुआ, जो 11,148 दिनों से स्टोरेज में था, जिसे पियर्स के डॉक्टर एक रिकॉर्ड बताते हैं। इस ऐतिहासिक प्रक्रिया को अंजाम देने वाले डॉ. जॉन डेविड गॉर्डन के अनुसार, लगभग 31 साल पुराने भ्रूण का स्थानांतरण सबसे लंबे समय तक जमे हुए भ्रूण का जीवित जन्म है। इसी क्लीनिक ने पिछले रिकॉर्ड बनाया था, जब दो बच्चे लिडिया और टिमोथी रिजवे 30 साल या 10,905 दिनों तक जमे हुए भ्रूणों से पैदा हुए थे।



#### इसलिए दान किया भ्रूण

पियर्स परिवार को अपने भ्रूण दान करने वाली लिंडा आर्चर्ड अब 62 वर्ष की हैं। लिंडा ने कहा-मैंने 1994 में आईवीएफ तकनीक से बने अपने भ्रूण को फ्रोजन कराया था। मुझे हमेशा से लगता था कि ये तीन नन्ही उम्मीदें, ये नन्हे भ्रूण, मेरी बेटी की तरह जीने के हकदार हैं। लिंडा के पास चार भ्रूण थे और शुरुआत में उन्होंने उन सभी का इस्तेमाल करने की उम्मीद की थी, लेकिन अपनी बेटी के जन्म के बाद आर्चर्ड और उनके पति का तलाक हो गया, जिससे उनके और बच्चे पैदा करने की समय-सीमा में खलल पड़ गया।

## संक्षिप्त समाचार

### जागरुकता अभियान से हटाए गए रिंकू सिंह

लखनऊ, जेएनएन। भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह को चुनाव आयोग ने मतदाता जागरूकता अभियान से हटा दिया है। हाल ही में सपा सांसद प्रिया सरोज से सगाई के बाद यह फैसला लिया गया। आयोग की तरफ से सभी प्रचार सामग्री से क्रिकेटर की फोटो हटाने के आदेश दिए गए हैं। इससे उनके फैंस को निराशा हाथ लगी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के मुताबिक, रिंकू सिंह हमारे प्रदेश के आइकन हैं। इसलिए उन्हें मतदाता जागरूकता अभियान से जोड़ा गया था, लेकिन जब कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह से किसी राजनीतिक पार्टी से जुड़ जाता है, या फिर शंका होती है कि वह किसी तरह चुनाव से जुड़ सकता है, तो ऐसे में उसे जागरूकता अभियान से नहीं जोड़ा जा सकता है। इससे उनके निजी हित टकरा सकते हैं।

### रूसी महिला,बेटा लापता कोर्ट ने जताई नाराजगी

नई दिल्ली, जेएनएन। रूसी महिला द्वारा सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर देश छोड़ने की आशंका पर शीर्ष अदालत ने कड़ी नाराजगी जताई है। यह मामला महिला और उसके भारतीय पति के बीच बच्चे की कस्टडी को लेकर चल रहे वैवाहिक विवाद से जुड़ा है, जो फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बच्चे की कस्टडी अभी मां या पिता किसी को नहीं दी गई थी और ऐसे में महिला द्वारा बच्चे को लेकर गायब हो जाना अदालत की कस्टडी से बच्चे को 'छीनने' जैसा है। सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी कि पहले वो कठोर आदेश जारी करें। महिला और बच्चे को वापस लाने की कोशिश हो। शीर्ष अदालत ने पुलिस को फटकार लगाई है। पीठ ने विदेश मंत्रालय को निर्देश दिया कि वह तुरंत मास्को स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क करे और विक्टोरिया बसु से संपर्क स्थापित करने के तरीके खोजे। केंद्र की यह याद रखना चाहिए कि यह केवल पति-पत्नी के बीच कस्टडी का मामला नहीं है। ये कस्टडी सुप्रीम कोर्ट के पास थी, इस अदालत के आदेशों का घोर उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, विक्टोरिया बसु द्वारा यह अदालत की अवमानना है।

### चपरासी ने अधिकारी को पानी नहीं, पिलाया पेशाब

भुवनेश्वर, जेएनएन। ओडिशा के एक बेहद ही चौंकाने वाली घटना सामने आई, जहां गजपति जिले में एक चपरासी को वरिष्ठ अधिकारी को पीने के पानी के बजाय 'पेशाब की बोतल' देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। ग्रामीण जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग में तैनात आरोपी सिबा नारायण नायक को आर उदयगिरी पुलिस ने शिकायत दर्ज होने के बाद गिरफ्तार कर लिया। यह घटना कथित तौर पर 23 जुलाई को हुई, जब आरडब्ल्यूएसएस के सहायक कार्यकारी अभियंता सचिन गौड़ा और चपरासी नायक आर उदयगिरी में कार्यालय में देर रात तक काम कर रहे थे। शिकायत के अनुसार, गौड़ा ने नायक से पीने के पानी की एक बोतल मांगी थी। हालांकि, नायक ने कथित तौर पर उसे एक स्टील की बोतल थमा दी, जिसमें बाद में पेशाब होने का शक हुआ।

### नीट यूजी - 2025: सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

नई दिल्ली, जेएनएन। सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी 2025 परीक्षा में तीन सवालों में गंभीर त्रुटियों के दावे को लेकर दाखिल एक याचिका पर सुनवाई से इंकार कर दिया है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को संबंधित हाईकोर्ट का रुख करने की सलाह दी है। यह मामला न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदूरकर की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया था। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि नीट यूजी 2025 के प्रश्नपत्र में पूछे गए तीन प्रश्न पूरी तरह से गलत थे और इससे उनके मुवक्किल को 13 अंक का नुकसान हुआ है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, 'मैंने इस मामले में दो विशेषज्ञों की राय ली है और दोनों ने मेरी बात से सहमति जताई है। उन्होंने प्रमाणित किया है कि ये तीनों प्रश्न गलत हैं।' हालांकि, पीठ ने इस दलील पर टिप्पणी करते हुए कहा, 'परीक्षा हो चुकी है, अब आप यह याचिका वापस लें और उच्च न्यायालय में जाएं।

### तस्करी: जेल में बंद ननों से मिले कांग्रेस सांसद

रायपुर। दुर्ग रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार मानव तस्करी और धर्मांतरण की आरोपी ननों का मुद्दा देशभर में गरमाया हुआ है। प्रदेश में लगातार दूसरे राज्य के सांसदों का दौरा जारी है। इस बीच केरल के चार सांसद रायपुर पहुंचे हैं, ये ननों से मुलाकात करने जाएंगे। इसके बाद रायपुर में छत्तीसगढ़ कांग्रेस के साथ मिलकर प्रदर्शन करेंगे। केरल से सांसद कोडिकुन्निल सुरेश, एंटो एंटनी, डीन कुरियाकोसे और हिबी ईडन सुबह रायपुर पहुंचे। केरल सांसदों का डेलिगेशन दुर्ग जेल में बंद ननों से मिला। प्रदर्शन में केरल सांसदों के साथ कांग्रेस सह-प्रभारी जरीता लैतफलांग समेत कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। केरल से आये सांसद हिबी ईडन ने कहा कि बेबुनियाद और झूठे आरोपों के आधार पर दो ननों की गिरफ्तारी हुई है।

संसद सत्र : ग्रेटर बांग्लादेश के नक्शे पर विदेश मंत्री का बड़ा खुलासा

# ढाका के खतरनाक प्लान के पीछे तुर्की

### विदेश मंत्री ने राज्यसभा में दिया लिखित बयान



नई दिल्ली, जेएनएन। क्या बांग्लादेश और तुर्की मिलकर भारत के खिलाफ खतरनाक प्लानिंग बना रहे हैं? विदेश मंत्री एस जयशंकर की तरफ से हाल ही दिया गया बयान इसी तरफ इशारा कर रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, सरकार ने ढाका में एक इस्लामी समूह, 'सल्तनत-ए-बांग्ला' पर ध्यान दिया है। इस संगठन ने तथाकथित 'ग्रेटर बांग्लादेश' का एक नक्शा जारी किया है। इसमें भारत के कुछ हिस्से शामिल हैं। खास बात है कि ढाका के इस समूह के पीछे 'तुर्की यूथ फेडरेशन' तुर्की वाले एनजीओ का समर्थन प्राप्त है। एस जयशंकर ने राज्यसभा में कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला के सवाल के जवाब में एक लिखित बयान दिया। इसमें कहा है कि विचाराधीन नक्शा ढाका यूनिवर्सिटी में प्रदर्शित किया गया था। विदेश मंत्री ने कहा कि सरकार भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव डालने वाले घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रख रही है। साथ ही इसकी सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय कर रही है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में जयशंकर के हवाले से कहा गया है कि सरकार ने उन रिपोर्टों पर ध्यान दिया है कि ढाका में 'सल्तनत-ए-बांग्ला' नामक एक इस्लामी समूह, जिसे 'तुर्की यूथ फेडरेशन' नामक एक तुर्की एनजीओ का समर्थन प्राप्त है, उसने तथाकथित 'ग्रेटर बांग्लादेश' का एक नक्शा जारी किया है। इसमें भारत के कुछ हिस्से शामिल हैं। यह नक्शा ढाका विश्वविद्यालय में प्रदर्शित किया गया। बयान में आगे कहा गया है कि बांग्लादेश सरकार के तथ्य-जांच मंच 'बांग्लाफैक्ट' ने दावा किया है कि बांग्लादेश में 'सल्तनत-ए-बांग्ला' के संचालन का कोई सबूत नहीं है। इसमें आगे स्पष्ट किया कि 'मानचित्र' तथाकथित पूर्ववर्ती बंगाल सल्तनत के संदर्भ में एक ऐतिहासिक प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया था।

### विरोध पर वेल में आए सीआईएसएफ कर्मी, खरगे ने उपसभापति को लिखा पत्र



जगदीप धनखड़ के अचानक उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा देने के बाद से इस मुद्दे पर विपक्ष हंगामा कर रहा है। अब राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने उपसभापति हरिवंश को पत्र लिखकर वेल में सीआईएसएफ कर्मी उपस्थिति को लेकर लोकतंत्र के अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाया है। खरगे ने शुक्रवार को हरिवंश को पत्र लिखकर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि विपक्षी सांसद जब सदन में गुरुवार को लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज करा रहे थे, तब सीआईएसएफ कर्मी को वेल में बुलाया गया। खरगे ने इसे संसदीय परंपरा और लोकतंत्र के लिए आपत्तिजनक बताया। उन्होंने कहा कि जब भविष्य में सांसद लोकतंत्र के लिए जनता से जुड़े हुए मुद्दे उठाएं, तब सीआईएसएफ कर्मियों को सदन की वेल में नहीं बुलाया जाना चाहिए। वहीं मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा उपसभापति को लिखे गए लेटर को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने भी सोशल मीडिया पर शेयर किया।

### संसद में विपक्ष का हंगामा

वहीं संसद के मॉनसून सत्र के दौरान विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर, बिहार में हो विशेष गहन पुनरीक्षण सर्वे को रद्द करने की मांग को लेकर लगातार हंगामा कर रहा है। साथ ही शुक्रवार को विपक्षी पार्टी के नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर टैरिफ लगाए जाने को लेकर सरकार से सवाल किए। वहीं गुरुवार को एक बार फिर लोकसभा सदन नहीं चल सका। विपक्षी दलों के सदस्यों द्वारा बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को रोकने और इस पर चर्चा कराने को लेकर हंगामा किया गया। इससे सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करने के बाद तीसरी बार एक अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले 21 अगस्त से शुरू हुआ मानसून सत्र का पहला पूरा सप्ताह हंगामे की भेंट चढ़ा था। इस सप्ताह सोमवार-मंगलवार को लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा हुई। फिर बुधवार को सदन में आधा घंटे को छोड़ते हुए प्रश्नकाल और शून्यकाल चला।

# पुणे में सोशल मीडिया पोस्ट पर भड़की सांप्रदायिक हिंसा

### वाहनों में तोड़फोड़-पत्थरबाजी, आरोपी गिरफ्तार



पुणे, जेएनएन। महाराष्ट्र के पुणे की दौंड़ तहसील के यवत इलाके में सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई है। एक वॉट्सऐप ग्रुप पर आपत्तिजनक मेसेज शेयर किए जाने के बाद यह दंगा भड़का है। एक समुदाय से जुड़े लोगों ने पोस्ट से गुस्से के बाद सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कई वाहनों को तोड़ डाला और दूसरे समुदाय के प्रतिष्ठानों पर पत्थरबाजी की घटनाएं भी सामने आई हैं। पुणे ग्रामीण के एसपी संदीप सिंह गिल ने बताया कि स्थिति को नियंत्रण करने के लिए आंसूगैस के गोले दागने पड़े हैं। संदीप सिंह गिल खुद मौके पर पहुंचे हैं और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने अफवाहें फैलाने वालों को भी चेताया है।

यह मामला 25 जुलाई से शुरू हुआ था, तब एक वॉट्सऐप ग्रुप पर एक शख्स ने आपत्तिजनक मेसेज किया था। इसके बाद 26 जुलाई को छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा से छेड़छाड़ हुई थी। इससे इलाके में तनाव बढ़ गया और आरोपी व्यक्ति को अरेस्ट कर लिया गया। आरोपी शख्स का नाम सैयद बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आरोपी सैयद यवत सहकार नगर इलाके का है। उस पर ही आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप है। उससे गुस्साए लोगों ने उसके घर पर पत्थरबाजी की थी। फिलहाल पुलिस ने सैयद को हिरासत में रखा है, लेकिन अब तक स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। कहा जा रहा है कि छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा से छेड़छाड़ से भड़के लोगों ने मुस्लिम बहुल बस्ती पर धावा बोल दिया। इस दौरान पास की एक मस्जिद भी चपेट में आई है। एसपी संदीप सिंह गिल ने बताया, भड़की भीड़ ने एक समुदाय की संपत्तियों और मकानों पर धावा बोल दिया। पत्थरबाजी की गई और एक मोटरसाइकिल को भी आग के हवाले किया गया। हमने लोगों को कंट्रोल करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे हैं। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर अपलोड करने वाले शख्स को हिरासत में लिया गया है।

# आणंद में 21 दिन से टूटे पुल से लटक रहा टैंकर

### सीएम के निर्देश के बाद इमरजेंसी रिस्पांस सेंटर ने संभाला मोर्चा

आणंद, जेएनएन। गुजरात के आणंद जिले में गंभीरा पुल हादसे के बाद टूटे हुए पुल से लटके टैंकर को 21 दिन बाद नहीं हटाया जा सका है। काफी जद्दोजहद के बाद भी टैंकर को पुल से हटाने में सफलता नहीं मिली तो आणंद प्रशासन ने अब इसकी जिम्मेदारी मरीन इमरजेंसी रिस्पांस सेंटर पोरबंदर टीम को सौंपी है। अब लटके हुए टैंकर को 7 अगस्त तक पुल से हटा लिए जाने की उम्मीद है। जिले के अंकलाव तालुका में गंभीरा पुल हादसे के बाद लटके टैंकर के मालिक ने टैंकर हटाने कई बार गुहार लगाई, इसके बाद आणंद, वडोदरा प्रशासन ने टैंकर को हटाने के कई प्रयास किए। अलग-अलग टीमों के माध्यम से सर्वेक्षण भी कराया, लेकिन विफल रहे। इसके बाद टैंकर को हटाने का काम पोरबंदर की टीम को सौंपा गया। लटके टैंकर को हटाने देश की एकमात्र आधुनिक तकनीक और उपकरणों से लैस मरीन इमरजेंसी रिस्पांस सेंटर पोरबंदर की टीम ने 7 दिनों में टैंकर को हटाने का आश्वासन दिया। आधुनिक उपकरण, मशीनरी लाने में चार से पांच दिन लगेंगे, इसलिए कहा गया है कि 7 अगस्त तक टैंकर हटा दिया जाएगा।



#### पोरबंदर की टीम गंभीरा पुल पहुंची

कलेक्टर ने बताया कि राज्य सरकार के प्रयासों से, मरीन इमरजेंसी रिस्पांस सेंटर पोरबंदर की टीम ने माही नदी के पुल पर लटके टैंकर को हटाने में तत्परता दिखाई है, उनके पास आधुनिक मशीनें हैं। खास बात यह है कि आधुनिक तकनीक की मदद से समुद्र या किसी अन्य स्थान पर फंसी वस्तुओं को आसानी से हटाया जा सकता है। मरीन इमरजेंसी रिस्पांस सेंटर पोरबंदर की टीम ने गंभीरा पुल पर लटके टैंकर के स्थल का दौरा किया और उसे बिना किसी नुकसान के हटाने में तत्परता दिखाई और चूंकि यह एक पुराना पुल है, इसलिए इसे इस तरह से हटाने में तत्परता दिखाई है जिससे किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हो।

### 15,000 रु. वेतन पाने वाले पूर्व क्लर्क के पास 30 करोड़ की संपत्ति

कोप्पल, जेएनएन। कोप्पल स्थित कर्नाटक ग्रामीण अवसंरचना विकास लिमिटेड कार्यालय के पूर्व आउटसोर्स क्लर्क कलाकप्पा निदागुंडी पर आरोप है कि उन्होंने दो दशकों में 30 करोड़ की संपत्ति अर्जित की है, जबकि उन्हें 15,000 रुपए का मामूली मासिक वेतन मिलता था। यह भ्रष्टाचार गुरुवार को तब सामने आया जब लोकायुक्त अधिकारियों ने प्रगति नगर स्थित निदागुंडी के आवास पर छापा मारा। केआरआईडीएल में 72 करोड़ की हेराफेरी की जांच के तहत की गई इस छापेमारी में 24 मकान, छह प्लॉट, 40 एकड़ से ज्यादा कृषि भूमि, 1 किलो से ज्यादा सोने के आभूषण और कई वाहनों सहित भारी संपत्ति का पता चला, और दस्तावेज़ों से और भी अवैध संपत्ति होने का संकेत मिलता है। केआरआईडीएल के प्रबंध निदेशक बसवराजू के निर्देश पर, कार्यकारी अभियंता अनिल पाटिल (कोप्पल कार्यालय से) और आनंद करलाकुंती (नेलोगीपुरा उपखंड से) ने पूर्व कार्यकारी अभियंता ज़रनप्पा एम चिंचोलिकर और निदागुंडी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के जवाब में, लोकायुक्त अधिकारियों ने सुबह 6 बजे निदागुंडी के आवास पर छापेमारी शुरू की।

# जुलूस पर मस्जिद की छत से पत्थरबाजी पर बवाल, टीआई समेत कई लोग जख्मी

पांच आसामाजिक तत्वों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर, जेएनएन। राज्य में साम्प्रदायिक सौहार्द को जहर घोलने की एक और कोशिश सामने आई है। मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर गांव में महावीरी झंडा जुलूस के दौरान मस्जिद की छत से पत्थरबाजी कर दी गई, जिससे जुलूस में शामिल लोगों के साथ-साथ थाना प्रभारी और पुलिसकर्मी भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना राजेपुर ओपी थाना क्षेत्र की है, जहां परंपरा के मुताबिक हिंदू समुदाय द्वारा महावीरी झंडा का जुलूस निकाला जा रहा था। जुलूस मीनापुर स्थित मस्जिद के पास पहुंचा, तभी एक विशेष



समुदाय के कुछ असामाजिक तत्वों ने मस्जिद की छत से अचानक पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस हमले में अफरातफरी मच गई। स्थानीय थाना प्रभारी राधेश्याम ने स्थिति संभालने की पूरी कोशिश की, लेकिन खुद पत्थरबाजी की चपेट में आकर घायल हो गए। उनके साथ कई अन्य पुलिसकर्मी और आम नागरिक भी जख्मी हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही जिले की पुलिस व्यवस्था अलर्ट मोड में आ गई। मौके पर पहुंचे और तत्काल इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ शांति समिति की बैठक की और स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल इलाके में भारी पुलिस बल की तैनाती है और माहौल पूरी तरह नियंत्रण में बताया जा रहा है।




### एक स्कूटर, 7 सवार, 21,500 का जुर्माना

भुवनेश्वर, जेएनएन। रविवार देर रात ओडिशा के संबलपुर की सड़कों पर सात युवक एक ही स्कूटर पर ठूंस-ठूंस कर भरे और लापरवाही से तेज गति से वाहन चलाते ट्रैफिक नियमों के एक खतरनाक और विचित्र उल्लंघन में पकड़े गए। वीडियो में कैद उनकी हरकतें सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो गईं और पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। समूह को तेज गति से वाहन चलाते, अश्लील बातें करते और सार्वजनिक रूप से उपद्रव मचाते देखा गया। वायरल क्लिप से सतर्क होने के बाद, पुलिस ने वाहन का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की। सवार को हिरासत में लिया गया और 21,500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि ७ में से ६ नाबालिग पाए गए।

# माइकल जैक्सन का गंदा मोजा लाखों में बिका

नई दिल्ली, जेएनएन। पॉप स्टार माइकल जैक्सन का एक पुराना, गंदा और दागदार क्रिस्टल वाला मोजा लाखों में बिका है। फ्रांस में नीलामी के दौरान इसकी उम्मीद से अधिक बोली लगी। बताया जा रहा है कि यह मोजा उन्होंने 1997 में 'हिस्ट्री वर्ल्ड टूर' के दौरान नीस में एक कॉन्सर्ट में पहना था। एक स्टेज टेक्नीशियन को जैक्सन के ड्रेसिंग रूम के पास यह मोजा फेंका हुआ मिला था। बताया जाता है कि चूंकि इसे काफी वक्त हो गया इसलिए इस चमकीले मोजे में पीलापन और दाग भी नजर आ रहे थे। वहीं ऑक्शन रखने वालों को इसके 3,400- 4,500 के बीच में बिकने की उम्मीद थी। हालांकि, फैन्स और अनोखी चीजों का शौक रखने वालों ने काफी इंटरेस्ट दिखाया और ये उम्मीद से अधिक महंगा हो गया। पिछले दिनों बुधवार को फ्रांस में रखी गई एक नीलामी में माइकल जैक्सन का ये गंदा और यूज किया हुआ मोजा 8000 डॉलर यानी करीब 7 लाख रुपये में बिका है। नीलामी करने वाले औरोरे आईली ने बताया कि ये मोजा माइकल ने 1990 के दशक (1997) में फ्रांस के निमेस में एक म्यूजिकल कॉन्सर्ट के दौरान पहना था। 30 जुलाई, 2025 को एक फ्रांसीसी नीलामी में इसे भी रखा गया। पॉप स्टार ने 1997 में अपने 'हिस्ट्री वर्ल्ड टूर' के दौरान ये मोजे पहने थे। परफॉर्मेंस के बाद एक स्टेज टेक्नीशियन को जैक्सन के ड्रेसिंग रूम के पास यह मोजा फेंका हुआ मिला था। उस टेकनीशियन ने बैकस्टेज पास के पड़े इस मोजे को दशकों से संभाल कर रखा था।



# आयरलैंड में भारतीयों पर हमले बढ़े

भारतीय दूतावास ने कहा, रात में सुनसान इलाकों से बचें

नई दिल्ली, जेएनएन। डबलिन स्थित भारतीय दूतावास ने एक सुरक्षा सलाह जारी कर आयरलैंड में भारतीय नागरिकों से सावधानी बरतने का आग्रह किया है। हाल ही में भारतीय समुदाय के सदस्यों पर शारीरिक हमलों में वृद्धि के बाद दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आयरलैंड में भारतीय नागरिकों पर हाल ही में शारीरिक हमलों की घटनाओं में वृद्धि हुई है। दूतावास आयरलैंड के संबंधित अधिकारियों के संपर्क में है। आयरलैंड में भारतीयों को व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए उचित सावधानी बरतने, सुनसान इलाकों से खासकर रात के समय बचने की सलाह दी गई है। दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए आपातकालीन संपर्क जानकारी भी साझा की है। यह घटना 19 जुलाई को डबलिन के टैलाघ्ट में हुए एक बेहद क्रूर नस्लवादी हमले के बाद हुई है। इस घटना में एक भारतीय नागरिक के चेहरे पर कई बार चाकू से वार किया गया, उसे नंगा कर दिया गया और एक घंटे से ज़्यादा समय तक खून बहता रहा। इस घटना से पूरे देश में व्यापक आक्रोश फैल गया और विरोध प्रदर्शनों की लहर दौड़ गई। भारतीय, पाकिस्तानी, बांग्लादेशी और आयरिश नागरिकों सहित बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी इस हमले की निंदा करने और न्याय की मांग करने के लिए एकत्र हुए। 800 से ज़्यादा लोगों ने डबलिन सिटी हॉल से नेशनल गैलरी तक मार्च निकाला, उनके हाथों में 'नस्लवाद को ना कहें' और 'आयरलैंड हमारा घर है' जैसे बैनर थे।

### प्रेमानंद महाराज का गला काटने की धमकी आपत्तिजनक पोस्ट की

जागरण, सतना। वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जान से मारने की धमकी दी है। लोगों ने आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। सतना पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार, सतना निवासी शत्रुघ्न सिंह नाम के व्यक्ति की फेसबुक आईडी से की गई पोस्ट में संत प्रेमानंद महाराज की हत्या की धमकी दी गई। पोस्ट के वायरल होते ही लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। दरअसल, संत प्रेमानंद महाराज का युवा पीढ़ी के आचरण पर दिए गए बयान पर युवक ने पोस्ट की थी। विवाद की शुरुआत तब हुई जब कथावाचक अनिरुद्धाचार्य का लड़कियों की विवाह आयु पर दिया बयान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि 25 साल की शादी की उम्र तक लड़कियों के कई ब्रेकअप हो जाते हैं। इसी बीच संत प्रेमानंद का एक वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने युवाओं को मनमानी आचरण से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आजकल समाज में बॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड, ब्रेकअप और पैचअप का चलन बढ़ गया है, जो युवाओं के जीवन को बर्बाद कर रहा है।

नास्तिक | कई देशों की 50 फीसदी आबादी ने ईसाई धर्म छोड़ा, चीन भी ऐसा देशों में

# ऐसे देश जहां न ईश्वर, न अल्लाह को मानते लोग

नई दिल्ली, जेएनएन। दुनिया में ईसाई देशों की संख्या 10 साल के अंतराल में ही 124 से 120 पर आ गई है। फ्रांस, ब्रिटेन, उरुग्वे और ऑस्ट्रेलिया अब ईसाई बहुल देश नहीं रहे हैं। ऐसा इसलिए हुआ है, क्योंकि इन देशों में बड़ी आबादी ने अपने जन्म से प्राप्त ईसाई धर्म को छोड़ दिया है और खुद को नास्तिक मानने लगे हैं। इन लोगों ने खुद को किसी भी धर्म से जुड़ा हुआ नहीं बताया है। ऐसे में ईसाई आबादी की संख्या इन देशों में 50 फीसदी से कम हो गई है। इससे पहले ही कई ऐसे देश हैं, जहां नास्तिकों या फिर किसी भी मजहब को ना मानने वाले लोगों की आबादी बहुसंख्यक है। इन देशों में दुनिया में दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश चीन भी शामिल है।

इस तरह नए 4 देशों को मिलाकर दुनिया के कुल 13 बड़े देश हैं, जहां अब किसी धर्म को मानने वालों की बजाय नास्तिकों की आबादी सबसे अधिक है। इन देशों में चीन पहले नंबर पर है, जहां 90 फीसदी लोग किसी धर्म को नहीं मानते हैं। शेष 10 फीसदी लोग बौद्ध और इस्लाम धर्म को मानने वाले हैं। हालांकि इन पर भी काफी पाबंदियां हैं। उत्तर कोरिया में 73 फीसदी आबादी किसी धर्म में आस्था नहीं रखती। इसी तरह चेक रिपब्लिक में भी 73 और हॉन्गकॉन्ग में 71 फीसदी लोग किसी मत के अनुयायी नहीं हैं। वियतनाम में नास्तिकों की आबादी 68 फीसदी है। मकाओ में यह आंकड़ा 68 पर्सेंट है और जापान में 57 पर्सेंट लोग किसी धर्म को नहीं मानते। इसके अलावा नीदरलैंड में यह आंकड़ा 54 और न्यूजीलैंड में 51 फीसदी का है। अब चार नए देश इस लीग में जुड़ गए हैं, जिनमें फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, उरुग्वे और यूनाइटेड किंगडम शामिल हैं। इस तरह दुनिया की लगभग दो अरब आबादी अब ऐसी है, जो किसी भी धर्म को नहीं मानती। एक से दो दशकों में ऐसे देशों की संख्या में और बढ़ोतरी हो सकती है, जहां बहुसंख्यक आबादी किसी भी मजहब को नहीं मानती।




### बीएचयू में प्रोफेसर की पत्नी 5वीं मंजिल से कूदी

वाराणसी, जेएनएन। उप्र के वाराणसी में आईआईटी बीएचयू के प्रोफेसर रवींद्रनाथ चौधरी की पत्नी हरिता (उम्र 45) ने हैदराबाद गेट के पास फैकल्टी रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स की पांचवीं मंजिल से कूद कर सुसाइड कर लिया है। यह खबर फैलते ही हड़कंप मच गया। मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मृतका हरिता चौधरी का पिछले एक साल से डिप्रेशन का इलाज चल रहा था। आईआईटी बीएचयू के कंप्यूटर साइंस विभाग में डॉ. रविंद्र नाथ चौधरी एसोसिएट प्रोफेसर हैं। वह हैदराबाद गेट के समीप बहुमंजिला गोपाल त्रिपाठी टीचर्स कॉम्प्लेक्स में पांचवें तल पर रहते हैं। पत्नी हरिता के माता- पिता भी उन्हें देखने आए हुए थे। शुक्रवार की सुबह अचानक उनकी पत्नी हरिता चौधरी ने छत से छलांग लगा दी। घटना की जानकारी होने पर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। पूरे परिसर में घटना से सनसनी फैल गई। सुरक्षाधिकारियों ने घटना की सूचना पर पुलिस को दी। सूचना पाने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रदेश में कोई सिस्टम एक्टिव नहीं, अब तक 29 इंच बारिश

# प्रदेश में अब बारिश नहीं, तापमान बढ़ेगा

कार्यालय संवाददाता, भोपाल। पिछले कई दिनों से जारी भारी बारिश का सिलसिला अब थम गया है। बीते 24 घंटे में मप्र के कुछ ही स्थानों पर बारिश दर्ज की गई है। शेष स्थानों पर मौसम साफ रहा है। मौसम के साफ होने का कारण किसी सिस्टम का एक्टिव नहीं होना बताया जा रहा है। मौसम विभाग से मिली जानकारी अनुसार मप्र में मानसूनी गतिविधियां फिलहाल रूक गई हैं। बंगाल की खाड़ी से उठने वाला साइक्लोनिक सर्कुलेशन और द्रोणिका मप्र से दूर जा चुके हैं, यही कारण है कि मप्र का आसमान फिलहाल साफ है और कहीं कोई बारिश नहीं हुई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी अनुसार अगले तीन से चार दिन तक मौसम साफ रहने का अनुमान है। जानकारी अनुसार जुलाई में प्रदेश में औसत 21 इंच बारिश हुई, जबकि इस महीने की एवरेज बारिश 12.5 इंच है। यानी, साढ़े 8 इंच बारिश ज्यादा हो गई। पूर्वी हिस्से में 62 प्रतिशत और पश्चिमी हिस्से में 55 प्रतिशत पानी ज्यादा गिरा है। बारिश के ऐसे ही दौर की उम्मीद अगस्त में भी है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अगस्त में ही 15 से 20 इंच बारिश हो सकती है। मप्र में अब तक 29 इंच बारिश रिकार्ड की जा चुकी है। जबकि पूरे सीजन की बारिश का कोटा 39 इंच है।

### राहत कार्य युद्ध स्तर पर जारी

विसं, भोपाल। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जानकारी दी है कि प्रदेश में अति-वृष्टि एवं बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रभावित क्षेत्रों में चलाये जा रहे राहत कार्यों की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। विजयवर्गीय ने बताया कि प्रदेश में अभी तक औसत 703.33 मि.मी वर्षा हो चुकी है जो सामान्य से 60 प्रतिशत ज्यादा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बारिश बहुत ही कम समय में तेजी से हुई है। मुख्यमंत्री ने कई बार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत बचाव कार्य संबंधी सभी जिला कलेक्टर्स, पुलिस अधिकारियों और राहत कार्य से जुड़े संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

# छत्रसाल स्टेडियम में सांसद निधि की 2 करोड़ रूपए राशि से होगा स्वीमिंग पूल एवं टेनिस कोर्ट का निर्माण




### पूर्व मंत्री एवं विधायक ने जताया आभार

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने स्टेडियम के विकास कार्यों के संबंध में ली बैठक

**जागरण, पन्ना।** राज्यसभा सांसद एवं केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरूगन द्वारा विधानसभा क्षेत्र पन्ना अंतर्गत छत्रसाल स्टेडियम में युवाओं एवं खिलाड़ियों की सुविधाओं के दृष्टिगत सांसद निधि से विभिन्न विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ रूपए राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके लिए पूर्व मंत्री एवं स्थानीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया गया है।

शनिवार को कलेक्टर सुरेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने स्टेडियम परिसर में विकास कार्यों के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल दमोह द्वारा उक्त कार्य करवाया जाएगा। इसके दृष्टिगत हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन यंत्री आर.के. बाथम को एक सप्ताह में आवश्यक सर्वे कार्य पूर्ण करने तथा पूर्व से स्वीकृत कार्यों का परीक्षण कर निर्धारित कार्य योजनानुसार नवीन कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। यहां फ्लड लाइट सहित अन्य कार्य भी पृथक से होंगे, जबकि निर्धारित राशि से तय कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी के अधिकारी से कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा कर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के लिए कहा। साथ ही प्रस्तावित कार्यों की पूर्व तैयारी के संबंध में भी विचार विमर्श किया। बैठक में उपस्थितजनों से सुझाव प्राप्त कर छत्रसाल स्टेडियम को बेहतर स्वरूप में तैयार करने की सहमति बनी। यहां प्रथम चरण में स्वीमिंग पूल एवं टेनिस कोर्ट के निर्माण सहित अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे। साथ ही भविष्य में अन्य आवश्यक कार्यों का प्रस्ताव भी भेजा जाएगा। जिला कलेक्टर द्वारा स्टेडियम परिसर में सिंथेटिक टेंक निर्माण कार्य के लिए भी जरूरी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि संबंधित अधिकारी कार्य प्रारंभ करने के पूर्व निरीक्षण कर आवश्यकताओं का आकलन भी कर लें तथा पहले चरण में निर्धारित कार्ययोजना पर कार्य कर छोटे एवं महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने का प्रयास करें। इस दौरान तलैया फील्ड में पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन एवं नगर पालिका द्वारा संचालित कार्यों की जानकारी लेकर आवश्यक समन्वय के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परिसर में निर्माणाधीन बहुउद्देशीय भवन के कार्यों तथा प्रस्तावित कार्यों के संबंध में स्थल का अवलोकन भी किया गया। साथ ही अन्य मार्गों से अतिक्रमण हटवाकर स्टेडियम पहुंच मार्ग को सुगम बनाने के लिए भी निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा युवा खिलाड़ियों की सुविधाओं के दृष्टिगत महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। बैठक में एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी एस.पी.एस. बघेल सहित सीएमओ उमाशंकर मिश्रा भी उपस्थित रहे।

# पंजीकृत संस्थाओं से ही गोद ले सकते हैं बच्चा

**जागरण, पन्ना।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चा गोद लेने के संबंध में आवश्यक शर्त व दस्तावेजों सहित अन्य वांछित प्रक्रियाओं के बारे में अवगत कराया गया है, जिसके तहत जानकारी दी गई है कि विवाह के 2 वर्ष पूर्ण होने पर अथवा अविवाहित होने की स्थिति में बच्चों को गोद लिया जा सकता है। कोई भी स्वस्थ्य व्यक्ति जिसके पास बच्चे के पालन पोषण के लिए पर्याप्त संसाधन हैं, ऐसे इच्छुक व्यक्ति इसके लिए पात्र हैं। निःसंतान या पूर्व से संतान होने के अलावा पहले भी बच्चा गोद के चुके व्यक्ति पुनः बच्चा गोद ले सकते हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि बच्चा गोद लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज निर्धारित किए गए हैं। इसमें परिवार की फोटो, संभावित माता-पिता की फोटो, जन्म प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, निवास संबंधी प्रमाण पत्र (आधार कार्ड, पासपोर्ट, बिजली, फोन बिल) आय प्रमाण पत्र (सेलरी स्लिप, इन्कम टैक्स रिटर्न इत्यादि), मेडिकल प्रमाण पत्र, विवाहित होने की स्थिति में विवाह प्रमाण पत्र, सक्षम न्यायालय द्वारा जारी विवाह विच्छेद डिक्री, दो व्यक्तियों का रिफरेंस लेटर तथा घर में पांच वर्ष या अधिक आयु के बालक-बालिकाएं होने की स्थिति में उनकी सहमति जरूरी है। संभावित माता पिता को सर्वप्रथम महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण की वेबसाइट पर पंजीयन उपरांत आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना जरूरी है। पंजीयन के दो माह के भीतर गृह अध्ययन रिपोर्ट के लिए 6 हजार रूपए की राशि निर्धारित है, जो बाल देखरेख संस्था द्वारा तैयार कर अपलोड की जाती है। इस रिपोर्ट की अवधि तीन वर्ष तक वैध है। इसके पश्चात पुनः नवीनीकरण कराया जाता है।

### दत्तक ग्रहण के पूर्व बच्चे को देखभाल में लेना आवश्यक

किसी संस्था से बच्चे को दत्तक ग्रहण के पूर्ण संभावित माता पिता को देखभाल में लेना भी आवश्यक है। इसके लिए संबंधित संस्था के नाम से 50 हजार रूपए का बैंक अथवा डिमांड ड्राफ्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य है। संस्था द्वारा इस राशि का उपयोग दत्तक ग्रहण प्रक्रिया को जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय में प्रकरण लगाने की प्रक्रिया में व्यय किया जाता है। पंजीकरण पश्चात संभावित माता पिता अपने प्रतीक्षा क्रमांक की जानकारी संस्था अथवा प्राधिकरण की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। महिला एकल दंपत्ति द्वारा बालक एवं बालिका दोनों को दत्तक ग्रहण किया जा सकता है, लेकिन पुरूष एकल दंपत्ति केवल बालक को ही गोद ले सकते हैं।

### बच्चा गोद लेने के लिए संभावित माता-पिता की आयु भी निर्धारित

बच्चा गोद लेने के इच्छुक संभावित माता-पिता को बच्चे की आयु अनुसार स्वयं अथवा पति-पत्नी के लिए निर्धारित आयु सीमा की शर्त का पालन भी करना होगा। शून्य से दो वर्ष के बच्चे को 40 वर्ष आयु तक के एकल दंपत्ति या कुल 85 वर्ष की संयुक्त आयु वाले पति-पत्नी गोद ले सकेंगे। इसी तरह 45 वर्ष आयु तक के एकल दंपत्ति तथा 90 वर्ष की संयुक्त आयु वाले पति-पत्नी 2 से 4 वर्ष आयु के बच्चों को गोद ले सकते हैं। 50 वर्ष आयु तक के एकल दंपत्ति अथवा 95 वर्ष की संयुक्त आयु वाले पति-पत्नी 4 से 8 वर्ष के बच्चों को तथा 55 वर्ष आयु तक के एकल दंपत्ति या 110 वर्ष संयुक्त आयु के पति-पत्नी 8 से 18 वर्ष के बच्चों को गोद ले सकते हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जानकारी दी कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पंजीकृत शासकीय या अशासकीय संस्थाओं से ही बच्चों को गोद लिया जा सकता है। दत्तक ग्रहण के लिए ऑनलाइन पंजीकरण जरूरी है। जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय से दत्तक ग्रहण का अंतिम आदेश जारी किया जाता है। किसी भी नर्सिंग होम, अस्पताल, निजी संस्था या किसी अन्य व्यक्ति से बच्चा गोद लेने की अनुमति नहीं है तथा यह अपराध की श्रेणी में है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कलेक्ट्रेट स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में भी संपर्क कर सकते हैं।

# महज डेढ़ साल में ही क्षेत्र संचालक का क्यों हुआ तबादला?

### संरक्षण के लिए हुआ बेहतर काम व वन्य प्राणियों की संख्या बढ़ी पर्यटन से शासन को मिला 7 करोड़ रु. से अधिक रिकार्ड राजस्व




**जागरण, पवई।** मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व की क्षेत्र संचालक अंजना सुचिता तिर्की का तबादला महज डेढ़ साल में ही भोपाल के लिए कर दिया गया है, जो इन दिनों चर्चा में है। एक तेज तर्रार और ईमानदार महिला वन अधिकारी जो वन्य प्राणी संरक्षण की दिशा में अच्छा काम कर रही थी, उनका अचानक इस तरह तबादला होना, कई सवाल खड़ा करता है। आखिर अल्प समय (18 माह) में ही इस महिला ऑफिसर का तबादला क्यों और किन परिस्थितियों में हुआ, इस पर विचार किया जाना जरूरी है। यह महिला वन अधिकारी संरक्षण के लिए बेहतर काम कर रही थीं। इनके कार्यकाल में वन अधिकारियों व मैदानी कर्मचारियों में अपने दायित्वों के प्रति जवाबदेही व टीमवर्क की भावना जहां मजबूत हुई, वहीं पन्ना टाइगर रिजर्व में वन एवं वन्य प्राणियों की संख्या में भी अपेक्षानुरूप वृद्धि हुई है। इस दौरान यहां पर्यटकों की संख्या में भी इजाफा हुआ, नतीजतन शासन को 7 करोड़ रुपए से भी अधिक राजस्व प्राप्त हुआ जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। पन्ना टाइगर रिजर्व आने वाले पर्यटकों को अमूमन प्रतिदिन बाघों व अन्य वन्य प्राणियों का दीदार हुआ। जिससे न केवल देश में अपितु विदेशी पर्यटकों में भी पीटीआर के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इनके स्थानांतरण की असल वजह क्या है ? यह तो नहीं मालूम, लेकिन एक वजह वन्य प्राणियों की मौत को भी बताया जा रहा है। यहां यह लेख करना जरूरी है कि पन्ना टाइगर रिजर्व में जब वन्य प्राणियों की संख्या बढी है, तो उसी अनुपात में उम्र दराज वन्य जीवों की स्वाभाविक मौत भी होगी। यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। यदि संरक्षण की कमी व प्रबंधन की लापरवाही से शिकार की घटनाएं हों तो यह एक बड़ी वजह स्थानांतरण की हो सकती है। लेकिन पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघ, तेंदुआ जैसे वन्य प्राणियों के शिकार के कोई बड़े मामले नहीं आए जबकि अन्य टाइगर रिजर्व में इस तरह की घटना प्रकाश में आती रही हैं। गौरतलब है कि क्षेत्र संचालक श्रीमती अंजना सुचिता तिर्की का तबादला पन्ना से भोपाल के लिए कर तो दिया गया है, लेकिन अभी तक उनकी जगह किसी अन्य क्षेत्र संचालक की नियुक्ति नहीं हुई। श्रीमती तिर्की भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून से प्रशिक्षित हैं तथा उन्हें वाइल्डलाइफ में काम करने का अच्छा अनुभव भी है। इसलिए इनका स्थानांतरण करने से पहले पन्ना टाइगर रिजर्व में किसी योग्य व वाइल्डलाइफ में काम करने का अच्छा अनुभव रखने वाले वन अधिकारी की पदस्थापना बतौर क्षेत्र संचालक किया जाना बेहद जरूरी है। यह न भूलना चाहिए कि पन्ना टाइगर रिजर्व वर्ष 2009 में बाघ विहीन हो गया था और मौजूदा समय यह टाइगर रिजर्व अपने शिखर पर है। इस स्थिति को कायम रखने के लिए संरक्षण के साथ-साथ सक्षम और बेहतर प्रबंधन की दरकार है। यदि ऐसा नहीं होता तो पन्ना टाइगर रिजर्व में वन एवं वन्य प्राणियों को नुकसान होने की आशंका बनी रहेगी। इस बात को भी ध्यान में रखना जरूरी है कि शून्य से शिखर तक का सफर पन्ना टाइगर रिजर्व ने जो तय किया है, उस तरह का चमत्कारिक प्रयोग बार-बार संभव नहीं है। प्रकृति भी सिर्फ एक बार संभलने और संवरने का मौका देती है। यदि नहीं चेते तो फिर प्रकृति का दूसरा रूप भी दिखाई देने लगता है, जो निश्चित ही भयावह होता है।

# मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन





### शासकीय उ.मा. विद्यालय कुंवरपुर की टीम ने मारी बाजी

**जागरण, पन्ना।** मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पन्ना में सफल आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधता, कला, प्राकृतिक समृद्धि एवं पर्यटन महत्व की संभावनाओं से छात्रों को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उद्देश्य से पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन वर्ष 2016 से निरंतर किया जा रहा है। इस तारतम्य में पर्यटन क्विज 2025 प्रतियोगिता का आयोजन मध्यप्रदेश के समस्त जिलों में एक साथ व एक ही तिथि को मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा दो चरणों में किया गया। प्रथम चरण में पंजीकृत हुए 113 टीमों में से 78 उपस्थित टीमों के स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा लिखित परीक्षा दी गई। इसमें चयनित छात्र-छात्राओं की छह टीमें बनाकर पर्यटन क्विज के द्वितीय चरण में शामिल किया गया, जिसमें प्रोजेक्टर के माध्यम से क्विज मास्टर रामकिशोर गर्ग द्वारा सवाल किए गए, जिसके जवाब बड़े ही उत्साह से प्रतिभागियों द्वारा दिए गए। प्रतियोगिता में 210 अंक प्राप्त करके शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंवरपुर की टीम के प्रतिभागी कुमकुम पटेल, रक्षा पटेल, आराधना पटेल राज्य स्तर पर सहभागिता करेंगे। द्वितीय स्थान पर सांदीपनि उ.मा. विद्यालय पन्ना, तृतीय स्थान पर मनहर विद्यालय पन्ना रहे। इन टीमों को मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा तीन दिन दो रात पर्यटन स्थल पर भ्रमण कराया जाएगा। उप विजेता टीम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारी, लिस्यू आनंद उ.मा. विद्यालय पन्ना एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पन्ना रहे।

### विजेता एवं उप विजेता टीम को दिए पदक

जिला कलेक्टर सुरेश कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुए कार्यक्रम में समापन के अवसर पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे, पर्यटन विभाग के सुमित खापर्डे, डीपीसी अजय गुप्ता की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण संपन्न हुआ। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलन कर पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया एवं विजेता और उप विजेता टीम को पदक एवं प्रमाण पत्र व यात्रा कूपन वितरित किए गए। प्रतियोगिता में मूल्यांकन प्रभारी के रूप में प्रमोद कुमार खरे, हरिराम माली, कविता गुप्ता, स्कोरर के रूप में भानुप्रकाश खरे, रश्मि गुप्ता, राजकिशोर शर्मा, गीतावली सिंह, समयपाल के रूप में सुनील कुमार पांडे, कृष्ण शरण त्रिपाठी, दिनेश कुमार अवस्थी, तकनीकी सहयोग में लक्ष्मीकांत निगम सहित अवध बिहारी दहायत, प्रेम सिंह, नरेन्द्र कुमार गुप्ता, शिवकुमार वर्मा, कमलेश कुमार त्रिपाठी, देवशरण अहिरवार, ब्रजनंदन प्रजापति का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी आगंतुकों का आभार प्रदर्शन क्विज मास्टर द्वारा किया गया।

### मध्यांतर में अल्पविराम व योग की हुई प्रस्तुतियां

क्विज प्रतियोगिता के प्रथम चरण अंतर्गत दोपहर 10 से 12 बजे तक आयोजित लिखित परीक्षा संपन्न होने के बाद मध्यांतर अवधि में 12 से 2.30 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम, आनंदम, योग गीत की प्रस्तुतियां दी गई, जिससे छात्र-छात्राएं भावविभोर होकर आनंदित हुए। मध्यांतर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम गतिविधियों में आनंदम सहयोगी सुरेश त्रिपाठी, योग प्रशिक्षक मनोज शर्मा एवं चंद्रभान सेन का विशेष सहयोग रहा। कैरियर मार्गदर्शक काउंसलिंग में रोचक प्रस्तुति सेवानिवृत प्राचार्य प्रमोद अवस्थी द्वारा दी गई।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पटना तमोली में प्रेरणादायक पौधरोपण कार्यक्रम



### स्कूली विद्यार्थियों और वन विभाग के अधिकारियों की सहभागिता से प्रकृति संरक्षण को मिला नया संबल

**जागरण, पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमंडल के सलेहा वनपरिक्षेत्र अन्तर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटना तमोली एवं ग्राम वन समिति पटना तमोली के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में एक प्रेरणादायक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरेश यादव (मुख्य वन संरक्षक, छतरपुर वृत) एवं विशेष अतिथि अनुपम शर्मा (वनमंडलाधिकारी, दक्षिण पन्ना) की गरिमामयी उपस्थिति रही। नरेश यादव ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते हुए उन्हें वन, वन्यप्राणियों एवं पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता और उसमें उनकी भूमिका को लेकर जागरूक किया। उन्होंने कहा, जब बच्चा एक पौधा लगाता है, वह केवल हरियाली नहीं बोता, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन संजोता है। वनमंडलाधिकारी अनुपम शर्मा ने अपने सारगर्भित संबोधन में घरों में पालतू बनाए गए तोता, कछुआ जैसे वन्य प्राणियों को आज़ाद करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत ऐसे प्राणियों को कैद में रखना न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भी यह एक अमानवीय कृत्य है। उन्होंने वन्यप्राणियों के मौलिक अधिकारों स्वतंत्र रूप से जीने के हक पर विद्यार्थियों के साथ विचार साझा किए। वन विभाग द्वारा विद्यार्थियों एवं ग्राम के युवाओं को बैग एवं क्रिकेट किट उपहारस्वरूप भेंट की गई, जो उन्हें प्रकृति संरक्षण की दिशा में प्रेरित करने का एक रचनात्मक और सराहनीय प्रयास रहा। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों, शिक्षकों, समिति सदस्यों एवं ग्रामवासियों ने मिलकर पौधरोपण किया। यह केवल एक पर्यावरणीय गतिविधि नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति सामूहिक कृतज्ञता और जिम्मेदारी का भावपूर्ण प्रदर्शन था। ग्राम वन समिति पटना तमोली के अध्यक्ष अजय चौरसिया ने कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, ग्रामवासियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का हृदयतल से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुश्री जीतू सिंह बघेल (वन परिक्षेत्र अधिकारी, सलेहा), रामभुवन चौरसिया (प्राचार्य, शा. उ. मा. विद्यालय पटना तमोली) सहित ग्राम वन समिति के सदस्य, समस्त विद्यालय परिवार, ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह आयोजन एक पेड़ माँ के नाम अभियान की आत्मा को सजीव करता है ङ्क जहाँ हर पौधा मातृस्मृति, जिम्मेदारी और हरियाली की साझी पुकार बन जाता है।

### अनधिकृत कॉलोनी निर्माण के संबंध में 14 अगस्त तक प्रस्तुत करें आपत्ति

**जागरण, पन्ना।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा ग्राम पवई स्थित सर्वे नंबर 3971 रकवा 1.114 हे. भूमि पर छोटे-छोटे भू-खण्ड विक्रय कर अनधिकृत कॉलोनी निर्माण के संबंध में क्षेत्र की आम जनता एवं जनसामान्य को आवश्यक कार्यवाही के संबंध में सूचित किया गया है। अनावेदकगण पन्नालाल, विन्द्रावन, दिलीप, विनोद कुमार, सुह्द्री बाई, राधा बाई, गीता बाई एवं सुमन बाई सभी पुत्र एवं पुत्री भगवानदास पटेल निवासी तहसील पवई द्वारा बगैर कॉलोनी निर्माण का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र एवं कॉलोनी विकास की अनुज्ञा के बिना अनधिकृत कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा था। इनके द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश से ले आउट स्वीकृति, अनापत्ति प्रमाण पत्र भी प्राप्त नहीं किया गया एवं न ही रेरा में पंजीयन करवाया गया। कॉलोनी में किसी भी प्रकार का आंतरिक विकास भी नहीं कराया गया। कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पवई की आदेश पत्रिका के साथ संलग्न राजस्व निरीक्षक प्रतिवेदन के आधार पर अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने के संबंध में कार्रवाई की जा रही है। किसी भी व्यक्ति द्वारा इस संबंध में अपनी आपत्ति आगामी 14 अगस्त तक स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिमान्य अधिवक्ता के माध्यम से कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत की जा सकती है।

# डकैती की योजना बनाने की घटना में शामिल दो वर्ष से फरार स्थायी वारंटी को किया गया गिरफ्तार



**जागरण, पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा स्थायी वारंटियों की अधिक से अधिक शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विशेष विशेष अभियान चलाकर सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसपर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना एवं समस्त एस.डी.ओ.पी. पन्ना के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर पुलिस टीमो का गठन किया गया है। इसी तारतम्य मे रैपुरा थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा डकैती की य़ोजना बनाने की घटना में शामिल दो वर्ष से फरार स्थायी वारंटी राजकिशोर उर्फ अज्जू अहिरवार की तलाश हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे थे। जिस पर उक्त आरोपी के लवकुशनगर जिला छतरपुर मे होने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर थाना रैपुरा पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये, न्यायालय पवई, जिला पन्ना से जारी स्थायी गिरफ्तारी वारंट धारा 399, 402 भा.द.वि. एवं 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत वांछित आरोपी राजकिशोर उर्फ अज्जू पिता जयराम अहिरवार उम्र 30 वर्ष निवासी सिंचाई कॉलोनी लवकुशनगर को लवकुशनगर जिला छतरपुर से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रैपुरा उनि संतोष सिंह यादव एवं थाना रैपुरा पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# आकांक्षा योजना अंतर्गत कोचिंग में चयन के लिए हुई प्रवेश परीक्षा

**जागरण, पन्ना।** जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित आकांक्षा योजना में प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग में प्रवेश के लिए शनिवार को परीक्षा संपन्न हुई। अनुसूचित जनजाति वर्ग के कक्षा 10वीं उत्तीर्ण 22 विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए पूर्व में ऑनलाइन पंजीयन कराया गया था। इसमें से 19 विद्यार्थी परीक्षा केन्द्र शासकीय आर.पी. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय पन्ना में शामिल हुए। इस परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को जी एवं नीट की प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए भोपाल एवं इंदौर में 2 वर्ष के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग प्रदान की जाएगी। विद्यार्थियों को यह सुविधा कक्षा 11वीं एवं 12वीं में विद्यालय में प्रवेश के साथ ही मिलेगी। प्रभारी जिला संयोजक जयप्रताप भदौरिया एवं प्राचार्य व परीक्षा केन्द्र प्रभारी द्वारा परीक्षा का सफल आयोजन कराया गया।

# प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त का किया अंतरण, पवई में कार्यक्रम संपन्न

**जागरण, पवई।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से वर्चुअल माध्यम से जुड़ते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त का सिंगल क्लिक के माध्यम से शुभारंभ किया। इस अवसर पर देशभर के लगभग 9.7 करोड़ किसानों के खातों में 2000 रुपये की राशि सीधे अंतरण की गई। प्रधानमंत्री जी ने अपने उद्बोधन में 'वोकल फॉर लोकल' पर विशेष बल देते हुए सभी देशवासियों से अपील की कि वे कम खरीदें, लेकिन स्वदेशी ही खरीदें। कार्यक्रम का समापन एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण के साथ किया गया। यह कार्यक्रम जनपद पंचायत पवई के बीआरसी भवन में आयोजित हुआ, जिसमें पवई मंडल की मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कान्हू राजा महगवां, पवई मंडल महामंत्री प्रतीक ताम्रकार, वरिष्ठ कार्यकर्ता जमुना खटीक, जिला मंत्री हरिराम पटेल, पार्षद आर.पी. बागरी, संतोष कुशवाहा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) समीक्षा जैन, पवई तहसीलदार सहित बड़ी संख्या में किसान भाई-बहनें उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन लोकनाथ बागरी द्वारा कुशलता से किया गया। विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए किसानों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रधानमंत्री के संदेश से प्रेरणा प्राप्त की।

# संगीत की दोनों विधाओं में रहा रावी सदन का दबदबा

## दिल्ली पब्लिक स्कूल निगाही में एकल गायन व समूह गायन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

जागरण, निगाही

दिल्ली पब्लिक स्कूल निगाही में अंतर सदनीय एकल एवं समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए प्राचार्य सुखवंत सिंह थापर में बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की सांगीतिक प्रतिभा को निखरना उनमें आत्मविश्वास का विकास करना तथा भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ छात्रों को मंच पर प्रस्तुति देने का अवसर प्रदान करती हैं जिससे वे झिझक व डर को पीछे छोड़कर आत्मनिर्भर बनते हैं। इसी भावना को दृष्टिगत रखते हुए यह प्रतियोगिता हर वर्ष नियमित रूप से आयोजित की जाती है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र.छात्राओं के अलावा शिक्षक और अभिभावक भी उपस्थित रहे । ज्ञात हो कि चारों सदनों की दूसरी से पाँचवी कक्षाओं के बच्चों के लिए समूह. गान और छठी से बारहवीं कक्षाओं के बच्चों के लिए एकल. गान के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता प्रभारी जसवीर कौर मान ने प्रतियोगिता का परिचय दिया और तत. संबंधी नियमों के बारे में बताकर विद्यालय के विद्यार्थी परिषद के वरिष्ठ वर्ग की प्रधान छात्रा अभिरुपा विश्वास को स्वागत भाषण के लिए आमंत्रित किया। तत्पश्चात विद्यालय के विद्यार्थी परिषद के वरिष्ठ वर्ग के सांस्कृतिक सचिव हर्ष चतुर्वेदी और असिता शुक्ला को मंच संचालन के लिए निर्देशित किया। गौरतलब है कि एकल गायन में समूह सी की छठी से आठवीं कक्षा एवं समूह डी की नौवीं से




बारहवीं कक्षा के चारों सदनों से सुगम गायन के लिए चौबीस और शास्त्रीय गायन के लिए आठ बच्चों ने हिस्सा लिया। एकल गायन में बच्चों ने हिंदी सिनेमा के सुप्रसिद्ध भजनों और गीतों द्वारा मन भावन समा बाँधा तो शास्त्रीय गायन में संगीत के विभिन्न रागों के गीतों को मनमोहक अंदाज में गाकर उपस्थित श्रोताओं को चमत्कृत कर दिया। वहीं समूह गान में समूह ए की दूसरी व तीसरी कक्षा तथा समूह बी के चौथी व पाँचवी कक्षा के प्रत्येक सदन से पच्चीस बच्चों ने हिस्सा लेकर देश भक्ति विषय पर ऐसी प्रस्तुति की कि श्रोता समूह झूम उठा और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा ऑडिटोरियम गूँजता रहा। निर्णायक मंडल के सदस्यों में प्राचार्य श्री थापर प्रियंका राज नवेंदु नाथ तिवारी एवं मुकेश कुमार शर्मा ने बच्चों की गायन. कला के विभिन्न पहलुओं का निरीक्षण करते हुए समुचित निर्णय दिए। प्रतियोगिता की समाप्ति के बाद विद्यालय के शिक्षक मुकेश कुमार शर्मा तथा अभिभावकों की ओर से कक्षा छठी के छात्र अद्विक सिंह चंदेल की माता श्रीमती पूनम सिंह ने भी अपनी गायन कला से श्रोताओं को आनंदित कर दिया। अंत में विद्यालय के विद्यार्थी परिषद की वरिष्ठ वर्ग की उप.प्रधान छात्रा वास्वी दत्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया। विजित प्रतिभागियों एवं समूहों की घोषणा करते हुए प्रतियोगिता प्रभारी जसबीर कौर मान ने बताया कि समूह गान के लिए झेलम सदन ने दूसरा और रावी सदन ने पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि एकल गायन में सुगम गायन के लिए समूह सी से झेलम सदन के आठवीं कक्षा के मोहम्मद अहान खान ने तीसरा छठी कक्षा की रावी सदन की भार्गवी श्रीवास्तव ने दूसरा तथा आठवीं कक्षा की रावी सदन की ही अंशिका कुशवाहा ने पहला स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय गायन में छठी कक्षा की रावी सदन की ज्वेला बिनु जॉन ने पहला स्थान प्राप्त किया। नौवीं से बारहवीं कक्षा के समूह डी से सुगम गायन के लिए दसवीं कक्षा के रावी सदन के प्रखर राज ने तीसरा दसवीं कक्षा की रावी सदन की ही अवंतिका सिंह परिहार ने दूसरा तथा नौवीं कक्षा की सतलज सदन की अनंकना चौहान ने पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि शास्त्रीय गायन के लिए बारहवीं कक्षा की रावी सदन की अभिरुपा विश्वास ने पहला स्थान प्राप्त किया। इसके पश्चात अंतर सदनीय प्रतियोगिता प्रभारी मनोज कुमार मिश्र जसवीर कौर मान प्रियंका राज और डा. एन.पी. मिश्र के प्रबंध. सहयोग द्वारा विजित प्रतिभागियों को प्राचार्य श्री थापर ने स्मृति. चिन्ह प्रदान कर प्रोत्साहित किया। वहीं समूह गान के विजित सदन के बच्चों को शील्ड प्रदान कर शुभकामनाएँ दी। इसके पश्चात राष्ट्रगान हुआ और प्रतियोगिता संपन्न हुई।



# आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के साथ मारपीट के आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग

## कलेक्टर एवं एसपी सिंगरौली को सौपा ज्ञापन

**जागरण, बैढ़न।** शासकीय कार्य के दौरान आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्याम सुंदर प्रजापति के साथ मारपीट करने वाला आरोपी जुगल बिहारी गुप्ता को तत्काल गिरफ्तार करने के लिए अधिकारी कर्मचारी संघ ने कलेक्टर एवं एसपी सिंगरौली को ज्ञापन सौपा सिंगरौली जिला आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्याम सुंदर प्रजापति अपने ड्यूटी में तैनात के दौरान 31 जुलाई को ग्राम बधा में प्रतिदिनों की बात अपनी ड्यूटी में थे प्रातः 11.00 बजे ग्राम बांधा निवासी जुगल बिहारी गुप्ता अचानक कार्यालय के अंदर घुसा और सीधे चिकित्सक को मारना प्रारंभ किया तब हल्ला गुहार मचाया तो भागते हुए जान से मारने की धमकी देता रहा जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट बरगवां थाना में कराई गई है उक्त घटना के संबंध में सिंगरौली जिले के संयुक्त अधिकारी कर्मचारी संगठन कलेक्टर एवं एसपी दोनों जगह ज्ञापन देकर मांग किया है कि कथित अपराधी को तत्काल 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया जाए अन्यथा सभी जिले के अधिकारी कर्मचारी आंदोलन कर हड़ताल में चले जाएंगे ज्ञापन जिले के पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री को ज्ञापन सौपा गया जहां पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजेंगे और यह पता करेंगे कि यह घटना किसके कहने पर कैसे किया है जानकारी कड़ाई से लेंगे इसी क्रम में कलेक्टर सिंगरौली को भी ज्ञापन सौपा गया जहां कलेक्टर के प्रतिनिधि डिप्टी कलेक्टर संजीव पांडे को ज्ञापन सौपा गया तथा मांग किया है कि 24 घंटे के अंदर डॉक्टर के साथ की गई मारपीट की आरोपी को तत्काल गिरफ्तार किया जाए ज्ञापन के समय डिप्टी कलेक्टर नंदन तिवारी संयुक्त अधिकारी कर्मचारी संघ के जिला संयोजक नरेंद्र प्रसाद मिश्रा तथा अध्यक्ष अजय सिंह चौहान तथा मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष रमेश प्रसाद पांडे महामंत्री सुधांश कुमार गौतम वरिष्ठ पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश्वरी प्रसाद पांडे डॉ श्याम सुंदर प्रजापति बी एन सिंह प्रेमलाल वर्मा प्रशिक्षु अपूर्व सक्सेना आदि आदि दर्जन अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे यह जानकारी संयुक्त अधिकारी कर्मचारी संघ के जिला संयोजक नरेंद्र प्रसाद मिश्र द्वारा दी गई।

# जादू टोने के शक पर भतीजे ने अपने चाची की कर हत्या दी हत्या

**जागरण, सरई।** जिले के सरई थाना अंतर्गत पुलिस चौकी क्षे बरका में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जहां एक भतीजे ने जादू टोना के शक में अपने चाची का गला मरोड़ कर हत्या कर दी है जिससे इलाके में दहशत छाई हुई है मिली जानकारी के मुताबिक एक 25 वर्षीय गोविंद सिंह नाम का युवक अपने चाची मानवती सिंह पति छत्रपति सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी महुली बरका का गला दबाकर हत्या की घटना को अंजाम दिया है। वहीं आरोपी युवक अपने आपको पुलिस चौकी पहुंचकर सरेंडर कर दिया है। पुलिस को घटना की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी सरई जितेंद्र सिंह भदौरिया अपनी बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं एसडीओपी देवसर गायत्री तिवारी भी घटना स्थल पर पहुंचने में कोई कसर नहीं की। पुलिस घटना के कारणो का पता साजी करने में तेजी से जुटी हुई है। प्रबुद्ध लोगों का मानना है कि इस तरह की घटनाएं अक्सर अंधविश्वास और शंका के चलते होती हैं। आज शिक्षा का इतना प्रसार होते हुए भी गांव में लोग भी पुराने परंपरा में ही जीवन जी रहे हैं महत्वपूर्ण बात यह है कि समाज के सभी वर्गों को चाहे किसान हो अधिकारी हो कर्मचारी हो एवं जनप्रतिनिधि हो सभी को मिलकर ऐसे अंधविश्वास में जीवन जीने वाले लोगों को जागरूक करने की विशेष आवश्यकता है। जिससे ऐसी घटनाएं पुनरावृत्ति न हो।

# एनसीएल ब्लॉक बी परियोजना में वर्टिगो परीक्षण जारी अब तक 50 कर्मचारियों का परीक्षण पूर्ण

**जागरण, सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल की ब्लॉक.बी परियोजना में कर्मचारियों की ऊँचाई पर सुरक्षित कार्य करने की क्षमता का आकलन करने के लिए वर्टिगो परीक्षण की शुरुआत की गई है। इसी क्रम में अब तक 50 कर्मचारियों का परीक्षण पूरा हो चुका है। इस परीक्षण का मुख्य उद्देश्य उन कर्मचारियों की पहचान करना है व उन्हें उचित प्रशिक्षण दिलाना है जो ऊँचाई से संबंधित भय या वर्टिगो जैसी स्थिति से ग्रस्त हैं। वर्टिगो परीक्षण को आमतौर पर हाइट पास मेडिकल वर्टिगो परीक्षणके नाम से जाना जाता है। इसमें कर्मचारियों को ऊँचाई पर स्थित एक संकरी बीम पर चलने सीढ़ियाँ चढ़ने जैसी गतिविधियाँ करवाई जाती हैं। परीक्षण के दौरान व्यक्ति की ऊँचाई पर प्रतिक्रिया का आकलन करने के लिए परीक्षण से पहले और बाद में नाड़ी दर व रक्तचाप जैसे शारीरिक मापदंडों की भी निगरानी की जाती है। यह परीक्षण विशेष रूप से उन कर्मियों के लिए अनिवार्य किया जा रहा है जिन्हें ऊँचाई पर कार्य करना होता है। वर्टिगो परीक्षण के माध्यम से कर्मियों की व्यक्तिगत सुरक्षा के साथ साथ कार्यस्थल पर संभावित दुर्घटनाओं के जोखिम को भी कम किया जा सकता है। गौरतलब है कि एनसीएल कर्मियों की सुरक्षा हेतु प्रतिबद्ध है।



# जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता अंबेडकर भवन निगाही में आज

**जागरण, बैढ़न।** सम्पूर्ण जिले से योगासन स्पोर्ट्स के प्रतिभागी बालक/बालिकाएं सब जूनियर 10 से 14 जूनियर14 से 18 एव सीनियर18 भाग लेंगे। अधिकतम 65 वर्ष विजेता प्रतिभागियों को प्रथम द्वितीय तृतीय पुरुस्कार एवम प्रत्येक पार्टिसिपेंट को सहभागिता प्रमाणपत्र जिला योगासन टीम द्वारा प्रमुख अतिथियों के उपस्थिती में प्रदान किया जावेगा। बता दे कि यह जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता आज एनसीएल निगाही परियोजना अंबेडकर भवन में प्रात: 10 बजे से शुरू होगी वही जिले से चयनित प्रतिभागी प्रदेश एवम वहाँ से चयनित राष्ट्र व वहाँ से चयनित अंतरराष्ट्रीय खेलो इंडिया एशियन गेम में भाग लेंगे जहाँ उन्हें भारत सरकार खेल एव युवा मंत्रालय द्वारा उचित सम्मान से सम्मानित किया जावेगा। सिंगरौली योगासन स्पोर्ट्स एशोसिएशन जिलाध्यक्ष डा.आरण्डी पाण्डेय ने योगासन प्रतियोगिता में सम्मिलित होने बच्चों एवं लोग पहुंचकर सफल बनाने अपील की है।

# अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध चौकी खुटार पुलिस को मिली सफलता

**जागरण, बैढ़न।** अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध चौकी खुटार पुलिस को सफलता मिली मनीष खत्री पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं पी. एस. परस्ते नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अशोक सिंह परिहार थाना प्रभारी बैढ़न के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक शीतला यादव चौकी प्रभारी खुटार को अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध मिली कामयाबी मिली । जप्तमात बिना नम्बर ट्रेक्टर नीले रंग की जिसकी ट्राली में अवैध रेत लोड कीमती 3000। कुल कीमती 553000/ पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध रेत के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज चौकी खुटार पुलिस ने शंकर साकेत पिता छोटे साकेत उम्र 25 वर्ष निवासी खजुरी धाना बैढन जिला सिंगरौली को अवैध रेत परिवहन करते हुये ग्राम खुटार करहिया टोला में पकड़ा। मौके के सम्पूर्ण कार्यवाही कर एक बिना नम्बर का नीले रंग की ट्रेक्टर जिसकी ट्राली में अवैध रेत लोड कीमती 3000/. कुल कीमती 553000/. जप्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 303/2 317/5 बीएनस एवं 4/21 खान अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

# फुटकर एवं लघु व्यवसायिक प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का जिला कांग्रेस कार्यालय में सम्मान

**जागरण, बैढ़न।** जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर ने मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नवनियुक्त फुटकर एवं लघु व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू का कार्यालय में सम्मान किया आज जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर अध्यक्ष अरविंद सिंह चंदेल के नेतृत्व में शहर कार्यालय नवानगर में प्रदेश कांग्रेस द्वारा नवनियुक्त फुटकर एवं लघु व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू का वरिष्ठ कांग्रेस जनो एवं शहर कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े ही भव्य व सालीन तरीके से शाल श्रीफल भेंट कर मल्यार्पण करते हुए बधाई एवं शुभकामनाओं सहित किया गया सम्मान किया गया जिले से ज्ञानेंद्र सिंह जानू को प्रदेश में फुटकर एवं लघु व्यवसाय प्रकोष्ठ की अहम जिम्मेदारी मिलने पर सिंगरौली कांग्रेस में खुशी ली लहर है अब सिंगरौली जिले के फुटकर एवं लघु व्यवसायी भाइयों को विपक्ष के रूप में बेहतर नेतृत्व मिलेगा जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर आपसे आशा विश्वास करती है कि अब सिंगरौली जिले में फुटकर एवं लघु व्यवसाय साथियों के हर एक अन्याय के साथ विपक्ष की भूमिका में रहकर लड़ाइयां लड़ते हुए अधिक से अधिक संख्या में व्यवसाय साथियों को कांग्रेस विचारधारा से अवगत कराकर न्याय की मुख्य धारा में जोड़ते हुए कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का कार्य बड़े ही निष्ठा पूर्वक करेंगे जिससे हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पूरे देश में विपक्ष की आवाज राहुल गांधी एवं प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के हाथों को मजबूत करने का कार्य करेंगे उक्त अवसर पर के डी सिंह आशुतोष सिंह केपी सिंह रविकांत सोनी कृष्णा प्रसाद साहू त्रिवेणी साहू मधु शाह श्रवण वैश्य मनोज सिंह सुदामा प्रसाद कुशवाहा कार्यालय महामंत्री विवेक सिंह राजकुमारी कोल संध्या सिंह रावेन्द्र शर्मा अखिलेश शाह विष्णुदत्त पांडेय विनय दुबे मकसूद रजा रवि यादव राजीव सिंह हरिकमल वैश्य सत्यनारायण वैश्य शिवसागर विश्वकर्मा कुंदन पांडेय सदाबृज कुशवाहा रामब्रिज कुशवाहा केशचन्द्र यादव रामसहाय पनिका विनोद मिश्रा अनिल शाह श्याम बिहारी नापित प्रेमसागर शर्मा संजय कुशवाहा जन्मेजय पटेल सहित सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# प्रधानमंत्री ने जिले के 1 लाख 37 हजार 24 किसानों के खाते में आंतरित की 27 करोड़ 50 लाख 24 हजार की राशि

## जिला स्तरीय कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ आयोजन


### प्रधानमंत्री के उद्बोधन को लाईव टेलीकास्ट के माध्यम से देखा एवं सुना गया

**जागरण, बैढ़न।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश वाराणसी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 20 किस्त का आतरण किया गया। प्रधानमंत्री ने देश के 9 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों को 20500 करोड़ रुपये की राशि आंतरित की। वही प्रधानमंत्री के द्वारा सिंगरौली जिले के 1 लाख 37 हजार 512 किसानो के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 20 वी किस्त के तहत 27 करोड़ 50 लाख से अधिक राशि आंतरित किया गया। जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निगम की महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल अपर कलेक्टर पी के सेनगुप्ता नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेंय संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेंय डिप्टी कलेक्टर माईकल तिर्की देवेन्द्र द्विवेदी सौरभ मिश्रा तहसीलदार जानवी शुक्ला अभिषेक यादव सहायक संचालक मनोज सिंह सहित किसान भाईयो के उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के उद्बोधन को उपस्थित अतिथियों द्वारा देखा एवं सुना गया। इसके साथ ही जिले के सभी ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री के उद्बोधन का लाईव टेलीकास्ट किया गया।





# वर्ल्ड चैंपियन दिव्या को महाराष्ट्र सरकार ने दिए तीन करोड़ रुपए



**नागपुर, जेएनएन।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को फिडे महिला शतरंज विश्व कप चैंपियन दिव्या देशमुख को सम्मानित किया और उन्हें तीन करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया। 19 साल की दिव्या 28 जुलाई को महिला विश्व कप का खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं। उन्होंने फाइनल के टाई ब्रेकर में हमवतन कोनेरू हम्पी को हराया, जिससे वह खिताब जीतने के साथ ग्रैंडमास्टर भी बन गईं। दिव्या नागपुर की मूल निवासी हैं, जहां से मुख्यमंत्री फडणवीस भी आते हैं। दिव्या ने शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस और नागपुर के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जीवन में ऐसे पल बहुत कम ही मिलते हैं। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए खास पल है।

## मुख्य न्यायाधीश गवई ने की दिव्या से मुलाकात

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) भूषण गवई ने दिव्या के घर जाकर फिडे शतरंज विश्व कप चैंपियन और ग्रैंडमास्टर बनने पर उन्हें बधाई दी। मुख्य न्यायाधीश अमरावती से हैं और दिव्या के दादा स्वर्गीय डॉ. केजी देशमुख कभी संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय के कुलपति थे। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उनके पिता और स्वर्गीय केजी देशमुख बहुत करीबी दोस्त थे। उन्होंने कहा कि हम एक परिवार की तरह पले-बढ़े हैं। यहां आना मेरे लिए पुरानी यादों को ताजा करने जैसा था। मैं 50-55 साल पीछे चला गया और मैंने फिर से सभी पुरानी यादों को ताजा किया।

# दो बार की चैंपियन जेसिका पेगुला को सेवास्तोवा ने हराया, ओसाका, स्वियातेक और राडूकानू जीतीं



### नेशनल बैंक ओपन टूर्नामेंट

**मांट्रियल, जेनएन।** दो बार की गत चैंपियन जेसिका पेगुला नेशनल बैंक ओपन टूर्नामेंट के तीसरे दौर में अनास्तासिया सेवास्तोवा से 6-3, 4-6, 1-6 से हार गई। लाटविया की 35 साल की सेवास्तोवा 2018 में 11वीं रैंक पर थी, लेकिन अब 386वें स्थान पर खिसक गई। अब उनका सामना जापान की नाओमी ओसाका से होगा, जिन्होंने लाटविया की येलेना ओस्टापेंको को 6-2, 6-4 से हराया। अन्य मैचों में विंबलडन चैंपियन पोलैंड की इगा स्वियातेक ने जर्मनी की इवा लिस को 6-2, 6-2 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क की क्लारा टाउसन से होगा, जिन्होंने यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा को 6-3, 6-0 से मात दी। पांचवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने इंग्लैंड का एम्मा राडूकानू को 6-2, 6-1 से हराया। अब वह यूक्रेन की दसवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से खेलेंगी, जिन्होंने रूस की अन्ना कालिंस्काया को 6-1, 6-1 से शिकस्त दी। छठी वरीयता प्राप्त अमेरिका की मेडिसन कीस ने हमवतन कैटी मैकनैली को 2-6, 6-3, 6-3 से हराया।


## कनाडा के गैब्रियल डायलो को हराकर फ्रिट्ज तीसरे दौर में

**टोरंटो।** दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के छह फुट आठ इंच लंबे गैब्रियल डायलो को 6-4, 6-2 से हराकर नेशनल बैंक ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। फ्रिट्ज का सामना अब चेक गणराज्य के 19वीं वरीयता प्राप्त जिरि लेहेका से होगा, जिन्होंने फ्रांस के 15वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया।

अन्य मैच में अमेरिका के बेन शेल्टन ने हमवतन ब्रेंडन नकाशिमा को 6-7, 6-2, 7-6 से मात दी। अब वह इटली के 13वीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली से खेलेंगे। रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव ने इटली के लोरेंजो सोनेगो को 5-7, 6-4, 6-3 से हराया। सातवी वरीयता प्राप्त अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो ने आस्ट्रेलिया के अलेक्जेंडर वुकिच को 6-3, 4-6, 6-3 से मात दी। अब वह आस्ट्रेलिया के ही एलेक्स डि मिनौर से खेलेंगे।

### खेल एक नजर

## नागल जूनियर फ्रेंच ओपन चैंपियन मैकडोनाल्ड से हारे



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल जूनियर फ्रेंच ओपन चैंपियन और गैर वरीय नील्स मैकडोनाल्ड से जर्मनी में चल रहे प्लात्जमैन ओपन एटीपी 75 चैलेंजर टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए। विश्व रैंकिंग में 307वें स्थान पर काबिज नागल को दस साल छोटे प्रतिद्वंद्वी ने दो घंटे 16 मिनट तक चले मुकाबले में 6-2, 4-6, 6-4 से हराया। वाइल्ड कार्ड के जरिये खेल रहे 17 वर्ष के मैकडोनाल्ड ने नौ में से छह ब्रेक प्वाइंट बचाए और पांच बार नागल की सर्विस तोड़ी। नागल को प्री-क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने के लिए 1535 यूरो और छह रैंकिंग अंक मिले। इस बीच अमेरिका में लेक्सिंग्टन ओपन में भारत के दक्षिणेश्वर सुरेश को स्थानीय वाइल्ड कार्डधारी एलियोट स्पिजिरी ने 7-6, 6-4 से मात दी। कजाखस्तान में प्रेसिडेंट्स कप में करण सिंह क्वार्टर फाइनल में इटली के अलेक्जेंडर बिंदा से 4-6, 4-6 से हार गए।

## अजय सिंह ने दिया इस्तीफा डब्ल्यूबी अध्यक्ष पर्यवेक्षक के तौर पर चुनाव में भाग लेंगे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय मुक्केबाजी की अंतरिम समिति के अध्यक्ष अजय सिंह ने महासंघ के आगामी चुनावों में भाग लेने के लिए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है, जिसमें विश्व मुक्केबाजी (डब्ल्यूबी) के अध्यक्ष बोरिस वान डर वोर्स्ट पर्यवेक्षक के रूप में हिस्सा लेंगे। अंतरिम समिति द्वारा चुनाव की तारीख 21 अगस्त की औपचारिक घोषणा के एक दिन बाद शुक्रवार को सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। सिंह ने एक अगस्त को वान डर वोर्स्ट को लिखे एक पत्र में लिखा, मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारतीय मुक्केबाजी संघ के चुनावों की औपचारिक घोषणा हो गई है और ये 21 अगस्त 2025 को होने वाले हैं। उन्होंने कहा, मैं इस आगामी चुनाव में लड़ना चाहता हूं इसलिए निष्पक्षता और पारदर्शिता के हित में उचित यही होगा कि मैं तत्काल प्रभाव से अंतरिम समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दूं। विश्व मुक्केबाजी ने अंदरूनी कलह के चलते भारतीय मुक्केबाजी के दैनिक मामलों की देखरेख के लिए अप्रैल में अंतरिम समिति का गठन किया था। अंतरिम समिति ने शनिवार को सिंह का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। उनकी जगह अंतरराष्ट्रीय संस्था ने सिंगापुर मुक्केबाजी के अध्यक्ष फैरुज मोहम्मद को अंतरिम समिति का नया अध्यक्ष नियुक्त किया जो पैनल में विश्व मुक्केबाजी के पर्यवेक्षक के रूप में कार्यरत थे।

## फीफा ने हैदराबाद में युवाओं के लिए प्रतिभा अकादमी शुरू की




**हैदराबाद, जेएनएन।** फुटबॉल की वैश्विक संचालक संस्था फीफा ने भारत के उभरते हुए प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान करने के मकसद से शनिवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के सहयोग से देश में युवाओं के लिए अपनी पहली प्रतिभा अकादमी की शुरुआत की। फीफा ने इस अकादमी के लिए एआईएफएफ और तेलंगाना सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह फुटबॉल के 'समावेशी और जमीनी स्तर के विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करेगा'। एआईएफएफ के अनुसार, यह अकादमी यहां गाचीबावली स्टेडियम परिसर में स्थित होगी और 60 उत्कृष्ट खिलाड़ियों (अंडर-14 वर्ग के 30 लड़के और अंडर-16 वर्ग की 30 लड़कियां) को आवासीय सुविधाओं, शिक्षा, चिकित्सा देखभाल, पोषण और मानसिक स्वास्थ्य के साथ साल भर उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण प्रदान करेगी, जिसमें प्रत्येक वर्ग में तेलंगाना के 10 खिलाड़ी शामिल होंगे। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने इस शुरुआत को भारत में इस खेल के लिए के लिए एक निर्णायक क्षण करार दिया। चौबे ने कहा कि लड़कियों के लिए भारत की पहली और लड़कों के लिए दूसरी फीफा कौशल अकादमी का शुभारंभ, समान फुटबॉल विकास की दिशा में हमारी यात्रा में एक निर्णायक क्षण है।

# एक दशक बाद भारत आ सकते हैं स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी

## दिसंबर में दौरा : कोलकाता, दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद स्वागत को तैयार

**कोलकाता, जेएनएन।** अगर सब कुछ अनुकूल रहा तो कोलकाता के फुटबॉलप्रेमियों को एक दशक बाद महान फुटबॉलर लियोनेल मेसी के दीदार का मौका मिलेगा, जो कोलकाता के बाद अहमदाबाद, मुंबई और दिल्ली भी जाएंगे, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। मेसी इससे पहले 31 अगस्त 2011 को कोलकाता आए थे, जहां उन्होंने अर्जेंटीना टीम के साथ वेनेजुएला के खिलाफ मैच खेला था और 1-0 से जीते थे। जानकार सूत्रों ने बताया कि मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम की बुकिंग समेत सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है, लेकिन मेसी की ओर से आधिकारिक पुष्टि मिलना बाकी है। सूत्र ने कहा कि सब कुछ तय हो गया है और हमें मेसी से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। जल्दी ही उसके सोशल मीडिया हैंडिल पर इसकी जानकारी मिलेगी। कार्यक्रम के अनुसार मेसी 12 दिसंबर को रात दस बजे कोलकाता पहुंचेंगे, जहां वह दो दिन और एक रात रूकेंगे।



### सॉफ्ट टच और सॉफ्ट बॉल मैच खेलेंगे

कोलकाता में 13 दिसंबर को सुबह नौ बजे मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम होगा, जिसके बाद वीआईपी रोड पर लेकटाउन श्रीभूमि में उनकी 70 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण होगा। इसके बाद वह ईडन गार्डंस जाएंगे, जहां दोपहर 12 से डेढ बजे तक जीओएटी कप और जीओएटी कन्सर्ट होगा। सूत्र ने कहा कि वह प्रति टीम सात खिलाड़ियों का सॉफ्ट टच और सॉफ्ट बॉल मैच खेलेंगे, जिसमें सौरव गांगुली, लिएंडर पेस, जॉन अब्राहम और बाईचुंग भूटिया भी होंगे। ईडन गार्डंस पर होने वाले इस आयोजन के लिए टिकट की न्यूनतम दर 3500 रुपए होगी। हमें उम्मीद है कि 68,000 की क्षमता वाला स्टेडियम खचाखच भरा होगा। मेसी वहां एक घंटा 20 मिनट तक होंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उन्हें वहां सम्मानित कर सकती हैं।

### वानखेड़े में जीओएटी कप और कन्सर्ट

मेसी 13 दिसंबर की शाम को अहमदाबाद में अडाणी फाउंडेशन के निजी कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह 14 दिसंबर को मुंबई पहुंचेंगे जहां सीसीआई पर शाम 3.45 पर मीट एंट ग्रीट कार्यक्रम होगा। इसके बाद वानखेड़े स्टेडियम पर 5.30 से जीओएटी कप और कन्सर्ट होगा। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि मेसी सात सात खिलाड़ियों वाला क्रिकेट मैच एमएस धोनी और विराट कोहली के साथ खेल सकते हैं, लेकिन सूत्र ने इससे इनकार किया। वह 15 दिसंबर को दिल्ली आएंगे, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे। इसके बाद फिरोज शाह कोटला स्टेडियम पर दोपहर 2.15 से जीओएटी कप और कन्सर्ट होगा। हर शहर में वह बच्चों के साथ मास्टर क्लास भी लेंगे।

# सरे की जीत में चमके साई किशोर, चहल का भी पंजा

**लंदन, जेएनएन।** भारत के बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर के पंजे की मदद से सरे ने डरहम को पांच विकेट से हराकर काउंटी चैंपियनशिप खिताब जीतने की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ा लिया है। सरे की इस जीत में साई किशोर ने दूसरे पारी में 72 रन देकर 5 विकेट झटके, जबकि सैम कुरेन ने भी 40 रन बनाकर लक्ष्य का पीछा करने में मदद की। डरहम ने पहली पारी में 153 और दूसरे में 344 रन बनाए थे, जबकि सरे ने 322 और पांच विकेट पर 176 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। साई किशोर ने पहली पारी में भी दो विकेट लिए थे। डरहम की दूसरे पारी में ग्राहम क्लार्क (42) और कोडी यूसुफ (43) ने 71 रन की अहम साझेदारी की, जिससे उनकी बढ़त 136 तक पहुंच गई। लेकिन लंच के बाद किशोर और कुरेन की धारदार गेंदबाजी ने डरहम के आखिरी चार विकेट सिर्फ 33 रन में समेट दिए। वहीं नॉर्थैम्पटनशायर की तरफ से खेल रहे भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने इस सीजन का पहला पंजा झटका, जिससे उनकी टीम को डर्बीशायर के खिलाफ पहली पारी में 173 रनों की बढ़त मिली। दूसरे पारी में भी वह अब तक दो विकेट झटक चुके हैं और उनकी टीम अंतिम दिन पारी की जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। ऑलराउंडर जस्टिन ब्रॉड और रॉब कीओघ की शानदार शतकीय पारियों की बदौलत युजवेंद्र की टीम ने





डर्बीशायर की पहली पारी के 377 रनों के जवाब में नौ विकेट पर 550 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इससे पहले चहल ने पहली पारी में 118 रन देकर 6 विकेट लिए थे और डर्बीशायर की टीम 377 रनों पर ऑलआउट हो गई। इस पारी में मार्टिन एंडरसन ने 105 रन बनाए। डर्बीशायर की दूसरे पारी की शुरुआत भी बेहद खराब रही। सिर्फ 52 रन पर ही उनके 4 विकेट गिर चुके हैं और वे अब भी 121 रन पीछे हैं। चहल ने दो गेंदों में दो विकेट लेकर डर्बीशायर की वापसी को और मुश्किल बना दिया। वहीं कीओघ ने भी कप्तान वेन मैडसन को स्लिप में कैच कराकर चौथा झटका दिया।

# सेमीफाइनल में हारे लक्ष्य सेन व मन्नेपल्ली मकाऊ ओपन में भारत का अभियान समाप्त

**मकाऊ, जेएनएन।** लक्ष्य सेन और तरुण मन्नेपल्ली के पुरुष एकल सेमीफाइनल मुकाबले में हार के साथ भारत का मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया। वर्ल्ड विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता और मौजूदा राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन लक्ष्य को इंडोनेशिया के अलवी फरहान ने 39 मिनट में 21-16, 21-9 से हराया। वहीं तरुण को मलेशिया के जस्टिन होह ने तीन गेम के मुकाबले में मात दी। विश्व रैंकिंग में 47वें स्थान पर काबिज 23 वर्ष के मन्नेपल्ली ने मजबूत शुरुआत की, लेकिन कई गलतियों के कारण एक घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19, 16-21, 16-21 से हार गए। दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य के लिए यह सत्र कठिन रहा है, जो सात बार पहले और दो बार दूसरे दौर से बाहर हो गए। कंधे, कमर और टखने की चोटों से जूझ रहे लक्ष्य ने पेरिस में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले आत्मविश्वास हासिल करने के लिए यह टूर्नामेंट खेला था। 2003 विश्व जूनियर चैंपियन फरहान ने शानदार प्रदर्शन करके उन्हें फाइनल में जगह नहीं बनाने दी। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज फरहान ने 0-3 से शुरुआत करके पहले गेम के पहले ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली। उन्होंने बेहतरीन ड्रॉप शॉट, रेलियां और स्मैश लगाते हुए लक्ष्य को दबाव में ला दिया। लक्ष्य ने भी कुछ अच्छे स्ट्रोक्स लगाए, लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता



नहीं रही। बैकहैंड विनर लगाकर उन्होंने स्कोर 13-19 किया, लेकिन फरहान ने उनका शॉट नेट में जाने के बाद पांच अंक लेकर पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही। फरहान ने 5-4 की बढत बना ली और 38 शॉट की रेली उनके बेहतरीन क्रॉस स्मैश पर खत्म हुई। ब्रेक तक फरहान के पास 11-5 की बढत थी। इसे उन्होंने 14-6 कर लिया। लक्ष्य का शॉट वाइड जाने और फिर शटल नेट में फंसने के कारण फरहान को 12 मैच प्वाइंट मिले जिस पर उन्होंने मैच अपने नाम कर लिया। पहले मैच में मन्नेपल्ली ने शुरूआत शानदार की और 11-6 से बढत भी बना ली, लेकिन सहज गलतियों के कारण दबाव में आ गए।

# इस साल आठ में से सात टेस्ट मैच हारा जिम्बाब्वे न्यूजीलैंड ने तीन दिन के अंदर नौ विकेट से रौंदा

## दो मैचों की सीरीज में कीवी टीम 1-0 से आगे, प्लेयर ऑफ द मैच हेनरी, 9 विकेट

**बुलावायो, जेएनएन।** न्यूजीलैंड ने दो मैचों की सीरीज के शुरुआती टेस्ट में जिम्बाब्वे को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। दोनों देशों के बीच नौ साल के अंतराल पर खेले जा रहे टेस्ट में जिम्बाब्वे की टीम पुछल्ले बल्लेबाजों के योगदान से 165 रन बनाकर पारी की हार टालने में सफल रही। न्यूजीलैंड को दूसरी पारी में जीत के लिए महज आठ रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने डेवोन कॉन्वे (चार) का विकेट गंवा कर हासिल कर लिया। दोनों टीमों के बीच पिछला टेस्ट मैच भी इसी मैदान पर 2016 में खेला गया था, जिसे न्यूजीलैंड ने 254 रन से जीता था। जिम्बाब्वे को 2025 में आठ में से सात टेस्ट में हार का सामना करना पड़ा है। जिम्बाब्वे की पहली पारी महज 149 रन पर सिमट गई थी। न्यूजीलैंड ने इसके जवाब में पहली



पारी में 307 रन बनाए। पहली पारी में तीन विकेट लेने वाले नाथन स्मिथ चोट के कारण दूसरी पारी में गेंदबाजी के लिए उपलब्ध नहीं थे इसके बावजूद जिम्बाब्वे की दूसरी पारी 165 रन पर सिमट गई। जिम्बाब्वे ने तीसरे दिन की शुरुआत दूसरी पारी में दो विकेट पर 31 रन से आगे से की और लंच तक उसने 114 रन पर छह विकेट गंवा दिए। टीम लगातार अंतराल पर विकेट गवांते रही। सीन विलियम्स (49) अर्धशतक से चूक गए, लेकिन उनके अलावा जिम्बाब्वे का कोई भी बल्लेबाज डट कर क्रीज पर खड़ा नहीं रह पाया। कप्तान मिचेल सैंटनर ने दूसरी पारी में 27 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि पहली पारी में छह विकेट लेने वाले मैट हेनरी ने 51 रन देकर तीन विकेट लिए। वह मैच में 10 विकेट पूरा करने से चूक गए। तेज गेंदबाज विल ओ'रोर्की ने 28 रन देकर तीन विकेट लिए।

### सिटी स्पोर्ट्स

## राज्य स्तरीय टेबल टेनिस 25 अगस्त से

**भोपाल, खेप्र।** राज्य स्तरीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप 25 से 27 अगस्त तक खेली जाएगी। मध्यप्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन के तत्वाधान में भोपाल जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्पर्धा टीटी नगर स्टेडियम में खेली जाएगी। इस स्पर्धा में आयु वर्ग 11, 13, 15, 17, 19 एवं सीनियर वर्ग महिला/पुरुष के तीन दिन रोचक मुकाबले खेले जाएंगे। भोपाल जिला सचिव एस. साबिर अली ने बताया कि इस राज्य स्तरीय टेटे स्पर्धा में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 300 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। आयोजन सचिव बंटी ने बताया कि यह जिला संघ का निरंतर तीसरे वर्ष आयोजन है।



## वेस्ट जोन स्विमिंग चैंपियनशिप कल से दो हजार से अधिक खिलाड़ी लेंगे हिस्सा



**भोपाल, खेप्र।** सीबीएसई वेस्ट जोन स्विमिंग चैंपियनशिप 2025-26 चार अगस्त से शुरू होने जा रही है, जिसमें दो हजार से अधिक तैराक पदक के लिए उतरेंगे। शहर के साकेत नगर स्थित एनआरआई ग्लोबल डिस्कवरी स्कूल में होने वाली इस तैराकी प्रतियोगिता का समापन आठ अगस्त को होगा। यह तीसरा मौका है, जब एनआरआई इस प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। एनआरआई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डी सुबोध सिंह, चेयरपर्सन जयश्री सिंह और डायरेक्टर डॉ. जगदीश राठी ने शुक्रवार को पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। इस प्रतियोगिता में फ्रीस्टाइल, ब्रेस्टस्ट्रोक, बैकस्ट्रोक, बटरफ्लाई और रिले सहित विभिन्न प्रकार की तैराकी स्पर्धाएं शामिल हैं। अंडर-11, अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग में खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता में मेजबान मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान के सीबीएसई स्कूलों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। अंडर-11 वर्ग में तीन, अंडर-14 में चार, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग में अधिकतम पांच व्यक्तिगत स्पर्धा में भाग ले सकते हैं।

### गणेश कुंटे ऑब्जर्वर नियुक्त



सीबीएसई वेस्ट जोन स्विमिंग चैंपियनशिप के लिए एसपीएस के स्विमिंग कोच गणेश कुंटे को ऑब्जर्वर बनाया गया है। सीबीएसई द्वारा यह नियुक्त की गई है। कुंटे नेशनल लेवल स्विमिंग प्लेयर और टेक्निकल ऑफिसियल भी हैं। वे कई नेशनल लेवल इवेंट्स में टेक्निकल ऑफिसियल रहे हैं।

## एक्सट्रीम एफसी का विजयी आगाज



**भोपाल, खेप्र।** एक्सट्रीम एफसी ने शनिवार को फुटसल टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में जीत दर्ज कर शानदार शुरुआत की। रोहित नगर स्थित टर्फ जोन प्रो-2 में खेले जा रहे चार दिवसीय फुटसल टूर्नामेंट में एक्सट्रीम ने कोलार एफसी को शिकस्त दी। इससे पहले टूर्नामेंट का शुभारंभ भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन (बीडीसीए) के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह ने किया। इस अवसर पर टूर्नामेंट आयोजक जेपी झवर भी उपस्थित रहे।

टूर्नामेंट में 12 टीमें एक्सट्रीम एफसी-बी, जीकेएस एफसी, अक्षत टीम, बेस्ट शॉट, पावर रेंजर्स, कोलार एफसी जूनियर बजरंग, एआईएम शूटर-ए, एआईएम शूटर-बी, लेक सिटी रेंजर और लेक सिटी टाइटन शामिल हैं। हिस्सा ले रही हैं। इसके मुकाबले सुबह और शाम के सत्र में खेले जा रहे हैं।

### एकेएस में स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय में स्तनपान सप्ताह के अवसर पर 2 अगस्त को एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वूमेन डेवलपमेंट सेंटर और अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मधु गुप्ता डॉ अनुपमा तिवारी एवं वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमती मनीषा सिंह उपस्थित रहीं।

### ग्रामोदय और क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय के मध्य हुआ एमओयू

**सतना।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुक्रम में आज महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट और क्रांति वीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना मध्य प्रदेश के मध्य अकादमिक एमओयू सम्पन्न हुआ। दोनों विश्वविद्यालय अब मिलकर शैक्षणिक शोध एवं अकादमिक नवाचार में सहयोग करेंगे।

Dr. Juneja's पेट सफा Natural Laxative Granules & Tablets
सहायक है: कब्ज़ गैस एसिडिटी
अगर आप भी कब्ज़, गैस, एसिडिटी जैसी समस्या से परेशान है तो आज ही लीजिए, पेट सफा ग्रेन्यूल्स/टैबलेट्स। यह मुंह में चिपकता नहीं। सोने से पहले खाएं और आराम पाएं।
Provides Effective Relief
Balances Digestive Health
Ayurvedic Proprietary Medicine
Clinically Tested* *For efficacy and safety.
24x7 Helpline: 91197 88888 | www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores
Divisa www.divisastore.com

**पूर्व विधायक की नौकरानी का सुसाइड केस**

# आत्महत्या नहीं, सुमन की हुई थी हत्या, एक आरोपी गिरफ्तार





## चित्रकूट विधानसभा के पूर्व विधायक की पत्नी पर भी मामला दर्ज

जागरण, सतना

रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या करने वाली सुमन के केश में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि पूर्व विधायक की पत्नी के विरुद्ध लापरवाही पूर्वक रिवाल्वर रखने पर मामला दर्ज किया गया है।

### 29 जुलाई को हुई थी घटना

सुसाइड केस में पूर्व कांग्रेस विधायक की पत्नी पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। सुमन उम्र 24 साल ने 29 जुलाई को जिस लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मारी उसका लाइसेंस अर्चना के नाम पर है। इसलिए उन पर शस्त्र के रखरखाव में लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है। वहीं मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप में पुलिस ने सुमन के प्रेमी अरविंद उर्फ रज्जू यादव को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। चित्रकूट पुलिस के मुताबिक अरविंद पिता गंगा यादव मूल रूप से बांदा जिले के पचोखर अतर्रा का रहने वाला है। अरविंद के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 आत्महत्या के लिए उकसाना और 107 षड्यंत्र के तहत केस दर्ज हुआ है। ज्ञात हो कि 29 जुलाई मंगलवार की शाम पूर्व विधायक निलांशु चतुर्वेदी के घर नौकरी करने वाली युवती कुमारी सुमन ने घर के तीसरे माले पर स्थित बाथरूम में घुसकर गोली मारने की खबर सामने आई थी। जिस रिवाल्वर का उपयोग किया गया था वह पूर्व विधायक की लाईसेंसी रिवाल्वर थी। पुलिस घटना की जांच में जुटी थी फिलहाल मृतका सुमन ने आत्महत्या नहीं बल्कि उसकी हत्या की गई थी।

## 5 प्रतिष्ठानों से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जब्त किया सेम्पल



**जागरण, सतना।** शनिवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने 5 प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही करते हुए सेम्पल जब्त किए है। एफएसएसएआई भारत सरकार द्वारा निरीक्षण के लिए आबंटित सतना जिले में स्थित प्रतिष्ठानों की जांच खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई है।

**इन प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही :** खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक बिहारी गौड़ अशोक कुर्मी और शीतल सिंह द्वारा मां गायत्री मिनरल्स गंगोत्री मिनरल्स बीकानेर एक्सप्रेस भल्ला डेयरी फॉर्म डूला आइसक्रीम में कार्यवाही कर सेम्पल जब्त किए गए है। टीम ने खोवा मिल्क केक पतिशा दूध आदि के नमूने लिए हैं।

### डॉ रश्मि सिंह ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**सतना।** रैगांव विधानसभा रजक समाज जिला सतना के समाजसेवी रामसजीवन रजक उमरहट की पत्नी स्व. लल्ली रजक का विगत दिनों में रोड एक्सीडेंट होने पर आकस्मिक निधन हो गया था इस शोकसभा कार्यक्रम में डॉक्टर रश्मि सिंह ने छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और परिजनों को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति दें।हमारी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएँ सदैव आपके साथ हैं। जिला कांग्रेस सचिव सीमा मनीष बागरी वसुधा जनपद सदस्य उचेहरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एड.लालबहादुर सिंह रजक समुदाय जिला अध्यक्ष कोदूलाल रजक बिहटा धर्मेन्द्र रजक हिलौंधा मीडिया प्रभारी कांग्रेस कमेटी ब्लॉक नागौद कांग्रेस रजक समाज प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष ईश्वरदीन रजक खेरूआ उमरहट उप सरपंच रामदुलारे रजक लखन रजक आदि मौजूद रहे।

# 126 लीटर अवैध शराब व दो बाइक जब्त

## आरोपी गिरफ्तार अमरपाटन पुलिस की बड़ी कार्यवाही

**जागरण, सतना।** अवैध शराब बिक्रेता के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए अमरपाटन टीआई विजय सिंह परस्ते 126 लीटर अवैध शराब व दो बाइक जब्त की है। पुलिस ने आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही एसपी मैहर सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में कई गई है।

**ये है विवरण :** एक अगस्त को अमरपाटन पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मढी नाला के पास पिण्डदान स्थान के बगल से ग्राम मढी मे तीन व्यक्ति बोरियों मे भारी मात्रा मे अवैध शराब की खेप लिये ग्राहक के इंतजार मे खड़े हैं थाना अमरपाटन की टीम मौके पर पहुँची तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगे। उक्त आरोपियों में से पुलिस के द्वारा आरोपी अमृतलाल पटेल पिता सुदर्शन पटेल उम्र 37 वर्ष निवासी धौरहरा थाना अमरपाटन जिला मैहर को घेरबंदी कर पकडा गया। आरोपी अमृतलाल पटेल पिता सुदर्शन पटेल उम्र 37 वर्ष निवासी धौरहरा के द्वारा अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर अवैध शराब का धंधा करने एवम प्राप्त लाभ को आपस में बांट लेना बताया। तीनो बोरियो की तलाशी ली गई जिसमे 700 शीशी अवैध शराब पाई गई । तीनो आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 2 आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी अमृतलाल पटेल को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। फरार आरोपी विकास पटेल एवम गौरव तिवारी की तलाश जारी है।



### 1 लाख 63 हजार की सामग्री जब्त

अमरपाटन पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 63 हजार एक सौ रुपये कीमत की 126 लीटर अवैध शराब व दो नग बाइक सहित एक लाख 63 हजार एक सौ रुपये कीमत की सामग्री जब्त की गई है। निरीक्षक विजय सिंह परस्ते थाना प्रभारी अमरपाटन उनि शिव बालक वर्मा सउनि राजू निपाने सउनि अनिल त्रिपाठी प्रआर रवि सिंह आर संतोष राय आर. सुरजीत सिंह आर जितेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टेन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311

## निर्वाचन आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों का पारिश्रमिक किया दोगुना

**जागरण, सतना।** भारत निर्वाचन आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों का पारिश्रमिक दोगुना करने का बड़ा फैसला लिया है। इसके साथ ही बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की गई है। आयोग ने पहली बार ईआरओ और एईआरओ को भी मानदेय देने का निर्णय लिया है। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि शुद्ध मतदाता सूचियां लोकतंत्र की नींव हैं। मतदाता सूची तैयार करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी ईआरओ एईआरओ बीएलओ पर्यवेक्षक और बीएलओ निभाते हैं। इनकी मेहनत से ही सटीक और पारदर्शी मतदाता सूचियां तैयार होती हैं। बीएलओ की वार्षिक पारिश्रमिक राशि को 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 12 हजार रुपये कर दिया गया है, जबकि मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए बीएलओ को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि अब 1000 रुपये से बढ़ाकर 2 हजार रुपये कर दी गई है। ठस्व् पर्यवेक्षकों का पारिश्रमिक 12 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये किया गया है। इसके अलावा ईआरओ को अब 30 हजार रुपये और एईआरओ को 25 हजार रुपये का मानदेय मिलेगा। इससे पहले इन्हें कोई मानदेय नहीं दिया जाता था। आयोग ने बिहार में शुरू होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए बीएलओ को अतिरिक्त 6 हजार रुपये के विषेश प्रोत्साहन को भी मंजूरी दी है। निर्वाचन आयोग के अनुसार यह निर्णय उन चुनाव कर्मियों की प्रतिबद्धता को सम्मानित करता है, जो क्षेत्रीय स्तर पर सटीक मतदाता सूचियां बनाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाते हैं। आयोग का यह कदम उनके कार्य का उचित सम्मान और प्रोत्साहन सुनिष्चित करेगा।

# लिफ्ट के बहाने रेप करने वाला प्रिंसिपल गिरफ्तार

**सतना।** लिफ्ट देने के बहाने एक स्कूल प्रिंसिपल ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। शिकायत मिलते ही सिटी कोतवाली टीआई रावेंद्र द्विवेदी ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। बताया जाता है कि दुष्कर्म करने और बाद में उसकी शादी के बाद आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल करने का आरोप है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की। पीड़िता आरोपी धीर सिंह के स्कूल में नौकरी कर रही थी। सहेली को मेहंदी लगवाने के लिए समरिटन हॉस्पिटल जाने लिए छुट्टी मांगी थी। प्रिंसिपल धीर सिंह ने उसे छुट्टी देने के साथ अपनी कार से छोड़ने की बात कही। महिला कार में बैठ गई। लेकिन आरोपी उसे सीधे मैहर बायपास की ओर ले गया। महिला के विरोध करने पर उसने रास्ता बदलकर डालीबाबा बगिया की ओर गाड़ी मोड़ दी। वहां गाड़ी में ही उसने जबरन रेप किया। महिला सिटी कोतवाली थाना पहुंची और आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की। आरोपी धीर सिंह उम्र 40 साल को गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया। आरोपी को न्यायालय ने जेल भेज दिया है।

बी.एड. प्रवेश 2025
31-07-2025 से 04.08.2025 तक
● श्रीराम कॉलेज, (B.Ed 1085) रौरा जिला-रीवा (म.प्र.)
● नीरांचल कॉलेज (B.Ed 1167) मनकहरी, जिला-रीवा (म.प्र.)
● माँ अष्टभुजा कॉलेज ऑफ एजुकेशन (B.Ed 1039) मऊगंज, जिला मऊगंज (म.प्र.)
● श्रीराम कॉलेज (B.Ed 2256) परसिया (मुकुंदपुर), जिला मैहर (म.प्र.)
● निवेदिता (B.Ed 2057) लालगांव, रीवा (म.प्र.)
संपर्क : 9424337730, 6261666812, 7000177901
प्रयागराज काम्पलेक्स सिंचाई विभाग के सामने बजरंग नगर, रीवा (म.प्र.)

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोमल अग्रवाल MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुंहसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/- सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक एन्ड डायग्नोस्टिक, रीवा में
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग परामर्श OPD 10 अगस्त, रविवार
डॉ. सचिन सिंह MS., MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) मो.: 9399312433, 9981287311

मिनर्वा आई.वी.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर) (निः संतान दंपतियों के लिए)
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा स्त्री एवं प्रसूति रोग MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

SARDAR PATEL EDUCATION GROUP — ADMISSIONS OPEN 2025-26 — SARDAR PATEL UNIVERSITY
CSU COLLEGE OF PHARMACY ENGINEERING
D. PHARMACY B. PHARMACY POLYTECHNIC B.TECH. BBA/MBA BCA/MCA B.A. LL.B. B.COM. LL.B. BBA LL.B. LL.B/LL.M.
कैम्पस : सिरमौर रोड, ग्राम-पल्हान (उमरी चौक), बैकुण्ठपुर, रीवा +91 70493 99901, 70493 99902

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें 9174566996 7771009417
अन्य सुविधाएं: 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. ईशान गोयल, 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ, वेंटिलेटर एवं Bipap, 24x7 मेडिकल स्टोर

टी.डी. एजुकेशन कालेज सिरमौर रोड, लक्ष्मणपुर (लौवा) जिला-रीवा (म.प्र.)
(म.प्र. शासन द्वारा अतिरिक्त चरण की काउसिलिंग से प्रवेश हेतु) अंतिम अवसर
पंजीयन की तिथि दिनांक 31/07/2025 से 04/08/2025 तक
पाठ्यक्रम | कालेज कोड: बी.एस.सी.बी.एड. (कालेज कोड- 075); एम.एड. (कालेज कोड- 077); बी.एड. (कालेज कोड- 2106)
संपर्क हेतु मो.: 8349493179, 9425830033, 9285457277

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
कम खर्च दर्द निशान रक्तस्त्राव
आयुष्मान एवं कैशलेस द्वारा मुफ्त इलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
संपर्क करें जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.) 07662-356125, 8435896118

आयुष्मान धारकों के लिए निःशुल्क सर्जरी उपलब्ध हैं
पित्त की थैली (गॉलब्लैडर) में पथरी की सर्जरी
किडनी में पथरी की सर्जरी
अपेंडिक्स सर्जरी
प्रोस्टेट सर्जरी
थॉयरॉइड सर्जरी
स्तन में गांठ या कैंसर की सर्जरी
हाइड्रोसील
प्रार्थना हॉस्पिटल & रिसर्च सेन्टर
पी.टी.एस. न्यू बस स्टैंड रोड, फ्लाईओवर के बगल में, रीवा
संपर्क करें: 756690 8666, (07662) 469015

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com